## About the Book

Agrawal Examcart द्वारा आपके लिए लाई गई हमारी नवीनतम रचना - सॉल्व्ड पेपर बुक के साथ अपनी परीक्षा की तैयारी को सुपरचार्ज करने के लिए तैयार हो जाइए! जानिए इसे लेने के मुख्य कारण :

- अपनी परीक्षा की तैयारी का सटीक आकलन करने के लिए पिछले वर्षों के प्रश्न पत्रों को हल करना महत्वपूर्ण है। यह आपको वास्तविक जानकारी देता है कि आप अपनी तैयारी के वर्तमान स्तर के आधार पर परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए तैयार हैं या नहीं।

- पेपर के साथ हम प्रत्येक प्रश्न का विस्तृत हल भी प्रदान कराते हैं। विशेषज्ञों द्वारा तैयार हर प्रश्न का हल आपको सही उत्तरों के पीछे की अवधारणाओं को समझने में मदद करेगा, जिससे आपका सीखने का अनुभव और भी बढ़ जाएगा।

अपनी परीक्षा की सफलता को संयोग पर न छोड़ें। आज ही हमारी सॉल्व्ड पेपर बुक की अपनी प्रति प्राप्त करें और अपनी तैयारी को अगले स्तर पर ले जाएँ।

### अन्य उपयोगी पुस्तकें





इन किताबों की Sample PDFs को पढ़ने के लिए तथा खरीदने के लिए QR Code को Scan करें

Buy books at great discounts on: www.examcart.in | www.amazon.in/examcart |

AGRAWAL EXAMCART
Paper Pakka Fasega!
CB1899

REET Paper-1 (कक्षा 1 से 5) सॉल्व्ड पेपर्स (गणित/पर्यावरणीय अध्ययन)
ISBN - 978-93-6054-771-4
₹ 149

AGRAWAL EXAMCART
Paper Pakka Fasega!

# राजस्थान शिक्षक पात्रता परीक्षा

RAJASTHAN ELIGIBILITY EXAMINATION FOR TEACHERS

# REET

## Paper -1 ( कक्षा 1 से 5 )

बाल विकास एवं शिक्षाशास्त्र | गणित | पर्यावरणीय अध्ययन | हिंदी (भाषा 1 एवं 2) | English ( Language 1 and 2)

# 06 सॉल्व्ड पेपर्स

( व्याख्यात्मक हल सहित )

2011-2022

सम्पूर्ण हल सहित
सॉल्व्ड पेपर्स

| वर्ष | पेपर्स की संख्या | वर्ष | पेपर्स की संख्या |
|---|---|---|---|
| 2022 | 1 | 2015 | 1 |
| 2021 | 1 | 2012 | 1 |
| 2017 | 1 | 2011 | 1 |

अब होगा REET का महाअभ्यास जब होंगे विगत वर्षों के सभी पेपर्स एक साथ!

Code CB1899 | Price ₹ 149 | Pages 135 | ISBN 978-93-6054-771-4

# विषय सूची


| | |
|---|---|
| ➔ परीक्षा से सम्बन्धित महत्वपूर्ण सूचना | iv |
| ➔ REET (1 to 5) के पिछले वर्षों के हल प्रश्न-पत्रों का विश्लेषण चार्ट | v |
| ➔ REET (1 to 5) का नवीनतम् पाठ्यक्रम एवं परीक्षा पैटर्न | x |

| सॉल्व्ड पेपर्स | 1-123 |
|---|---|
| ➢ राजस्थान शिक्षक पात्रता परीक्षा (REET) (कक्षा 1-5), हल प्रश्न–पत्र, 2022 [परीक्षा तिथि : 23-07-2022 (प्रथम पाली)] | 1-27 |
| ➢ राजस्थान शिक्षक पात्रता परीक्षा (REET) (कक्षा 1-5), हल प्रश्न–पत्र, 2021 | 28-51 |
| ➢ राजस्थान शिक्षक पात्रता परीक्षा (REET) (कक्षा 1-5), हल प्रश्न–पत्र, 2017 | 52-68 |
| ➢ राजस्थान शिक्षक पात्रता परीक्षा (REET) (कक्षा 1-5), हल प्रश्न–पत्र, 2015 | 69-84 |
| ➢ राजस्थान शिक्षक पात्रता परीक्षा (REET) (कक्षा 1-5), हल प्रश्न–पत्र, 2012 | 85-104 |
| ➢ राजस्थान शिक्षक पात्रता परीक्षा (REET) (कक्षा 1-5), हल प्रश्न–पत्र, 2011 | 105-123 |

# राजस्थान शिक्षक पात्रता परीक्षा (REET)
## (कक्षा 1-5), हल प्रश्न–पत्र, 2022

**परीक्षा तिथि : 23-07-2022 (प्रथम पाली)**

### भाग–I

### बाल विकास एवं शिक्षाशास्त्र

**1.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है/हैं?
(a) यह समझना जरूरी नहीं है कि प्रत्येक बच्चा अद्वितीय है।
(b) बच्चा एक एकीकृत पूर्ण के रूप में विकसित होता है।
(c) विकास के एक पहलू में किसी समस्या की दूसरों को प्रभावित करने की सम्भावना होती है।
(d) विकास एक आनुक्रमिक प्रक्रिया है।
(A) (a), (b) और (c) (B) (b) और (c)
(C) (c) और (d) (D) केवल (a)

**2.** ............तब होता या होती है, जब परिपक्वता और अनुभव के कारण मनुष्य में क्रमबद्ध और प्रगतिशील परिवर्तन होते हैं।
(A) वृद्धि (B) विकास
(C) शारीरिक बदलाव (D) मानसिक परिवर्तन

**3.** निम्नलिखित में से कौन-सी पूर्व–बाल्यावस्था की विशेषताएँ नहीं हैं?
(A) प्राक्–टोली आयु
(B) अनुकरणीय आयु
(C) सवाल करने की आयु
(D) खिलौना आयु

**4.** निम्नलिखित विकास के सिद्धान्तों का उनके सही वर्णन से मिलान कीजिए–

| | विकास के सिद्धान्त का नाम | | सिद्धान्त का नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | समीप-दूराभिमुख दिशा | (a) | सिर से पैर का नाम |
| 2. | सिर-पदाभिमुख दिशा | (b) | विभिन्न बच्चे भिन्न–भिन्न दर से बढ़ते हैं। |
| 3. | अंतर्वैयक्तिक भिन्नताएँ | (c) | किसी एक बच्चे में विकास की दर, विकास के एक क्षेत्र की अपेक्षा दूसरे से भिन्न हो सकती है। |
| 4. | अंतरावैयक्तिक भिन्नताएँ | (d) | शरीर के केन्द्र से बाहर की ओर वृद्धि |

| | (1) | (2) | (3) | (4) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (d) | (a) | (b) | (c) |
| (B) | (a) | (b) | (c) | (d) |
| (C) | (c) | (d) | (b) | (a) |
| (D) | (d) | (b) | (a) | (c) |

**5.** विकास.............से............की ओर बढ़ता है।
(A) सामान्य–विशिष्ट
(B) जटिल–कठिन
(C) विशिष्ट–सामान्य
(D) साधारण–आसान

**6.** प्रकृति एवं पोषण विवाद निम्नलिखित में से किससे सम्बन्धित है ?
(A) आनुवंशिकी एवं वातावरण
(B) व्यवहार एवं वातावरण
(C) वातावरण एवं जीवविज्ञान
(D) वातावरण एवं पालन–पोषण

**7.** "सीखना व्यवहार में उत्तरोत्तर सामंजस्य की एक प्रक्रिया है।" यह कथन किस शिक्षाविद् के द्वारा दिया गया?
(A) स्किनर (B) वुडवर्थ
(C) क्रो एवं क्रो (D) गेट्स एवं अन्य

**8.** कक्षा-2 की छात्रा सृष्टि को अध्यापिका ने मूल गणित विषय के सवाल करवाये, अगले दिन उसने बाजार में सामान खरीदने के उपरान्त दुकानदार द्वारा की गयी योग की गलती को चिह्नित करके सही करवाया। यह अधिगम का कौन-सा प्रकार है?
(A) नकारात्मक स्थानान्तरण
(B) सकारात्मक स्थानान्तरण
(C) द्विपक्षीय स्थानान्तरण
(D) शून्य स्थानान्तरण

**9.** निम्न में से किस सिद्धान्त को पुनर्बलन का सिद्धान्त भी कहते हैं ?
(A) क्रियाप्रसूत अनुबन्धन सिद्धान्त
(B) उद्दीपक अनुक्रिया सिद्धान्त
(C) शास्त्रीय अनुबन्धन सिद्धान्त
(D) अन्तर्दृष्टि सिद्धान्त

**10.** निम्न में से किसने अधिगम सिद्धान्त का प्रतिपादन नहीं किया ?
(A) थॉर्नडाइक (B) स्किनर
(C) कोहलर (D) बी.एस.ब्लूम

**11.** प्रतिभाशाली बालक की बुद्धि लब्धि होती है–
(A) 130 (B) 140
(C) 55 (D) 120

**12.** 16 वर्ष आयु का बच्चा बुद्धि–लब्धि परीक्षण में 75 अंक प्राप्त करता है, उसकी मानसिक आयु .......वर्ष होगी।
(A) 8 (B) 14
(C) 15 (D) 12

**13.** प्रत्येक व्यक्ति का कार्य निश्चित योग्यताओं का प्रतिबिम्ब होता है, किसी विशेष कार्य को करने में व्यक्ति अपनी समस्त मानसिक योग्यताओं में से कुछ को प्रतिदर्श के रूप में चुनाव कर लेता है। यह सिद्धान्त किसने दिया?
(A) थॉर्नडाइक (B) थर्सटन
(C) गिलफोर्ड (D) थॉमसन

**14.** बुद्धि–लब्धि के लिए निम्नलिखित सूत्र किसने दिया ?

$$\text{बुद्धि–लब्धि} = \frac{\text{मानसिक आयु}}{\text{कालानुक्रमिक आयु}} \times 100$$

(A) विलियम स्टर्न (B) टर्मन
(C) बिने (D) गाल्टन

**15.** निम्नलिखित में से उस उदाहरण का चयन कीजिए जो आंतरिक अभिप्रेरणा को दर्शाता है:
(A) वन्दना परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए कठोर परिश्रम कर रही है जिससे वह अपने माता–पिता से उपहार प्राप्त कर सके।
(B) उर्मिला फटाफट गृहकार्य समाप्त कर रही है क्योंकि गृहकार्य समाप्त करके वह टी. वी. देख सकेगी।
(C) इला बहुत सारी पुस्तकें पढ़ रही है क्योंकि वह जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करके विद्यालय का नाम जिला स्तर पर रोशन करना चाहती है।
(D) मेघा अपने परियोजना कार्य के लिए विभिन्न स्रोत तलाश रही है क्योंकि वह नई जानकारी प्राप्त करने में रुचि रखती है।

**16.** निम्न में से कौन–सी व्यक्तित्व मापन की प्रक्षेपी विधि है?
(A) निर्धारण मापनी
(B) अवलोकन
(C) साक्षात्कार
(D) कथानक संप्रत्यक्षण परीक्षण

**17.** स्कूलों को व्यक्तिगत भिन्नताओं का ध्यान रखना चाहिए क्योंकि–
(A) प्रत्येक छात्र को विशिष्ट महसूस करवाने हेतु।
(B) छात्रों के बीच के अन्तर को कम करने हेतु।
(C) छात्रों एवं छात्राओं की क्षमताओं और प्रदर्शन को नहीं जानने के लिए।
(D) समझने के लिए कि छात्र सीखने में समर्थ या असमर्थ क्यों हो रहे हैं।

**18.** एक व्यक्ति में एक समय पर दो विपरीत इच्छाओं का होना कहलाता है।
(A) द्वन्द्व (B) कुंठा
(C) चिन्ता (D) दबाव

**19.** प्रतिभाशाली बालक के लक्षण क्या हैं?
(i) अभिव्यक्ति में नव्यता
(ii) जिज्ञासा
(iii) वार्तालापा प्रियता
(iv) अतिसक्रियता
(A) (i) और (iv) (B) (i) और (ii)
(C) (ii) और (iv) (D) (iii) और (iv)

**20.** शिक्षार्थी केंद्रित पाठ्यक्रम में निम्नलिखित में से कौन सबसे महत्वपूर्ण है?
(A) अध्यापक (B) बच्चा
(C) विषयवस्तु (D) वातावरण

**21.** निम्नलिखित में से कौन–सी स्थिति समायोजन को बढ़ावा देती है?
(A) तीव्र चिन्ता
(B) अपराध बोध के बारे में जुनूनी सोच
(C) बीमारी का डर
(D) विक्षिप्त भय और चिंता से मुक्ति

**22.** मूल्यांकन का उद्देश्य क्या होता है ?
(A) बच्चों को मंद शिक्षार्थी और प्रतिभाशाली बच्चों के रूप में अंकित करने के लिए।
(B) उन बच्चों की पहचान करने के लिए जिन्हें उपचारी उपाय की आवश्यकता है।
(C) सीखने की कठिनाइयों और समस्या क्षेत्रों का निदान करने के लिए।
(D) उस सीमा तक प्रतिपुष्टि प्रदान करना जहाँ तक हम उत्पादनशील जीवन के लिए शिक्षा प्रदान करने में सफल रहे हैं।

**23.** आर.टी.ई. अधिनियम, 2009 के अनुसार शिक्षकों के लिए प्रति सप्ताह काम के निर्धारित घंटे हैं।
(A) 40 घंटे (B) 42 घंटे
(C) 45 घंटे (D) 48 घंटे

**24.** NCF–2005 के अनुसार, एक शिक्षक की भूमिका होनी चाहिए।
(A) अनुमोदक (B) सुविधादाता
(C) आधिकारिक (D) तानाशाह

**25.** क्रियात्मक अनुसंधान का अर्थ है–
(A) एक अनुदैर्ध्य अनुसंधान।
(B) एक अनुप्रयुक्त अनुसंधान।
(C) एक शोध जिससे तत्काल समस्या को हल किया जा सके।
(D) सामाजिक–आर्थिक उद्देश्य के साथ एक शोध।

**26.** रवि का बुद्धि परीक्षण इंगित करता है कि वह औसत से लेकर, औसत से अधिक बुद्धिमता की श्रेणी में आता है। हालांकि पढ़ने, वर्तनी, सामाजिक विज्ञान और विज्ञान में उसके ग्रेड बहुत कम हैं। उसके गणित के ग्रेड काफी अधिक हैं। रवि लेखन कौशल में अच्छा है। रवि में अधिक संभावना है।
(A) डिसकैल्कुलिया (गणित से सम्बन्धित विकृति)
(B) डिसग्राफिया (लेखन से सम्बन्धित विकृति)
(C) डिसलेक्सिया (पढ़ने से सम्बन्धित विकृति)
(D) डिसफेजिया (बोलने से सम्बन्धित विकृति)

**27.** एक चिन्तनशील शिक्षक कक्षा–कक्ष में ऐसी परिस्थिति उत्पन्न करता है कि छात्र–
(A) व्याख्यान सुन सकें।
(B) कक्षा–कक्ष में शिक्षक के व्याख्यान के नोट्स ले सकें।
(C) कक्षा–कक्ष में अनुशासन बनाये रखें।
(D) छात्रों और शिक्षक में पारस्परिक अन्त:क्रिया को प्रोत्साहन मिलें।

**28.** बार-बार बच्चों को सजा से बचने या इनाम पाने के लिए सीखने की गतिविधियों में संलग्न होने के लिए कहना क्या दर्शाता है?
(A) उनकी बाहरी प्रेरणा को कम करता है।
(B) उनकी आन्तरिक प्रेरणा को बढ़ाता है।
(C) बच्चों को लक्ष्य प्रदर्शन की बजाय महारथ हासिल करने के प्रति ध्यान केन्द्रित करने के लिए प्रोत्साहित करता है।
(D) बच्चों की प्राकृतिक रुचि और सीखने में शामिल होने की जिज्ञासा को कम करता है।

**29.** निम्न में से कौन–सा एक उत्तम परीक्षण की विशेषताओं से भिन्न है?
(A) विश्वसनीयता (B) वैधता
(C) वस्तुनिष्ठता (D) अभिक्षमता

**30.** सृजनात्मकता मुख्यत: किससे सम्बन्धित है?
(A) अतिसक्रियता (B) कम बोधगम्यता
(C) अभिसारी चिन्तन (D) अपसारी चिन्तन

## भाग–II

## भाषा–I : हिंदी

**निर्देश (प्रश्न संख्या 31 से 35 तक)**
निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर उत्तर दीजिए :

मनुष्य का मन सदैव गतिशील रहता है। ऐसा होता है कि विरोधी शक्तियाँ उसे अपनी ओर खींचती है। जो मनुष्य मन की विपरीत परिस्थितियों में अपने को मजबूती से खड़ा नहीं रख सकते और उस धारा के साथ वह जाते हैं, वे कभी उद्देश्य को पूरा नहीं कर सकेंगे। उनके लिए तो यह कहना चाहिए कि वे जीवित रहते हुए मुर्दे के समान हैं। मन की अवस्था तो सभी को पलटती है। जो व्यक्ति समय एवं परिस्थिति को समझ लेते हैं, वे कभी धोखा नहीं उठा सकते और कठिनाइयों के बीच भी अपना रास्ता निकाल लेते हैं। कारण जानकर वे उसके विषैले और दूषित प्रभाव से भी बचने का प्रयत्न करते हैं। लेकिन, ऐसे लोगों की भी संख्या मिलेगी जो अपनी मनोदशा से त्रस्त हो जाते हैं और ऐसे काम पर बैठते हैं, जिनसे उनके शांतिमय जीवन में अशांति का विष घुल जाता है। प्रत्येक मनुष्य के जीवन में उद्देश्य होना चाहिए। यदि तुम्हारा कोई उद्देश्य नहीं है, तो तुम सफल न होंगे। 'क्या करोगे?' इसको तुम्हें जानना आवश्यक है। उद्देश्यहीन मनुष्य बिना पतवार की नाव की तरह है।

**31.** 'सदैव' शब्द का सही संधि–विच्छेद है–
(A) सद् + एव (B) सदा + ऐव
(C) सद् + ऐव (D) सदा + एव

**32.** निम्नलिखित में से 'विष' शब्द का पर्यायवाची शब्द है–
(A) वसु (B) अर्णव
(C) उरग (D) गरल

**33.** 'विरोधी' शब्द का विलोम होगा–
(A) वाहक (B) अवरोधी
(C) शत्रु (D) समर्थक

**34.** गद्यांश में प्रयुक्त 'मनोदशा' शब्द से आशय है–
(A) मन से दशा (B) मन पर दशा
(C) मन की दशा (D) मन को दशा

**35.** 'मनुष्य' शब्द है–
(A) अव्यय (B) भाववाचक संज्ञा
(C) जातिवाचक संज्ञा (D) व्यक्तिवाचक संज्ञा

**निर्देश (प्रश्न संख्या 36 से 40 तक )**
निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर उत्तर दीजिए :

इस भूमि, भूमि पर बसने वाला जन और उसकी संस्कृति—इन तीनों के सम्मिलित रूप से राष्ट्र का

स्वरूप बनता है। भूमि के मौखिक रूप और समृद्धि के प्रति सचेत होना हमारा कर्तव्य है। जो राष्ट्रीयता पृथ्वी के साथ जुड़ी नहीं होती, वह निर्मूल होती है। धरती माता की कोख में जो अमूल्य निधियाँ भरी पड़ी हैं, उन्हीं के कारण वह वसुंधरा कहलाती है। मातृभूमि पर निवास करने वाले मनुष्य राष्ट्र का दूसरा अंग है। उनके कारण ही पृथ्वी मातृभूमि की संज्ञा प्राप्त करती है। पृथ्वी माता है और जन सच्चे अर्थों में पृथ्वी का पुत्र है। जहाँ यह भाव नहीं है, वहाँ जन और भूमि का संबंध अचेतन और जड़ बना रहता है। माता अपने सब पुत्रों को समान भाव से चाहती है। इस प्रकार पृथ्वी पर बसने वाले सभी जन बराबर हैं। उनमें ऊँच और नीच का भाव नहीं है। ये जन अनेक प्रकार की भाषा बोलने वाले और अनेक धर्मों को मानने वाले हैं, फिर भी ये मातृभूमि के पुत्र हैं।

**36.** 'अमूल्य' का अर्थ है—
(A) जिसका कोई मूल्य न हो
(B) जिसका मूल्य बहुत कम हो
(C) जिसका मूल्य लागत से अधिक हो
(D) जिसका मूल्य न आँका जा सके

**37.** 'निधियाँ' शब्द का एकवचन होगा—
(A) नीधी (B) नीधि
(C) निधि (D) निधी

**38.** "उन्हीं के कारण पृथ्वी मातृभूमि की संज्ञा प्राप्त करती है।" वाक्य में कौन-सा काल है?
(A) संभाव्य भविष्य (B) सामान्य वर्तमान
(C) संदिग्ध वर्तमान (D) आसन्न भूत

**39.** 'भाव' शब्द है—
(A) स्त्रीलिंग (B) नपुंसकलिंग
(C) पुल्लिग (D) उभयलिंग

**40.** 'अचेतन' शब्द का उपयुक्त अर्थ है—
(A) निश्ंचित (B) एकत्र
(C) चकित (D) निर्जीव

**41.** वाक्य के कितने अंग माने गए हैं ?
(A) चार (B) एक
(C) दो (D) तीन

**42.** रचना के आधार पर वाक्य का प्रकार है—
(A) विधानार्थक वाक्य (B) कर्तृवाच्य वाक्य
(C) संयुक्त वाक्य (D) भाववाच्य वाक्य

**43.** दो शब्दों को जोड़ने के लिए प्रयुक्त विराम चिह्न कहलाता है—
(A) विवरण चिह्न (B) योजक चिह्न
(C) अवतरण चिह्न (D) लोप चिह्न

**44.** 'ढाक के तीन पात' लोकोक्ति का सही अर्थ है—
(A) सबसे अलग विचार रखना
(B) समयानुसार कार्य करना
(C) सदा एक सी स्थिति बने रहना
(D) सीमातीत कल्पना करना।

**45.** 'बहुत लज्जित होना' के अर्थ में उपयुक्त मुहावरा है—
(A) घड़ों पानी पड़ना (B) टोपी उछालना
(C) घोड़े बेचकर सोना (D) डंका बजाना

**46.** किण्डरगार्टन शिक्षण विधि के संबंध में सत्य कथन है—
(A) यह एक अमनोवैज्ञानिक प्रणाली है।
(B) यह उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के लिए अधिक उपयोगी है।
(C) कुक महोदय ने इस विधि को निश्चित रूप प्रदान किया।
(D) भाषा के व्याकरण एवं साहित्य की शिक्षा इस विधि से नहीं दी जा सकती।

**47.** भाषा शिक्षण के संदर्भ में वैयक्तिक अनुदेशन प्रणाली की क्या सीमा है?
(A) इसमें विद्यार्थी को भाषा के तत्वों का ज्ञान प्रभावी रूप से करवाया जा सकता है।
(B) इसमें विद्यार्थी को भाषायी कौशल में दक्ष किया जा सकता है।
(C) इसमें वैयक्तिक शिक्षण पर अधिक बल दिया जाता है।
(D) यह शिक्षण प्रणाली अधिक विद्यार्थियों वाली बड़ी कक्षा में अध्यापन के लिए उपयोगी नहीं है।

**48.** इनमें से कौन–सा 'परिवीक्षित अध्ययन उपागम' का सोपान नहीं है?
(A) अध्ययन कार्य का आवंटन
(B) अध्ययन हेतु निर्देश
(C) विद्यार्थियों द्वारा स्वाध्याय एवं शिक्षक द्वारा मार्गदर्शन
(D) कलात्मक प्रायोजना

**49.** विद्यार्थी की सीखने संबंधी कठिनाइयों को दूर करते हुए करवाये जाने वाला शिक्षण कहलाता है।
(A) सूक्ष्म शिक्षण (B) ब्लॉक शिक्षण
(C) अभ्यास शिक्षण (D) उपचारात्मक शिक्षण

**50.** भाषा–कौशलों में से अभिव्यक्ति कौशल है—
(A) सुनना और बोलना।
(B) लिखना और पढ़ना।
(C) बोलना और लिखना।
(D) पढ़ना और बोलना।

**51.** अनुलेख किस भाषा कौशल से संबंधित है?
(A) श्रवण (B) वाचन
(C) लेखन (D) वादन

**52.** सस्वर वाचन का गुण है—
(A) अस्पष्ट उच्चारण
(B) क्षिप्रता
(C) उचित ध्वनि निर्गम
(D) अस्वाभाविकता

**53.** बेसिक शिक्षा प्रणाली में भाषा की शिक्षा निम्नलिखित में से किस माध्यम से दी जा सकती है?
(A) केवल किताबी ज्ञान से
(B) सामाजिक पर्यावरण से
(C) प्रगति–सूचक लेखाचित्र
(D) इनमें से कोई नहीं।

**54.** 'सर्वप्रथम सरल तथा समान आकृति के वर्णों को लिखवाना प्रारंभ कराएँ।' उल्लेखित बात किस स्तर के विद्यार्थियों हेतु कही गयी है?
(A) प्राथमिक स्तर के
(B) उच्च प्राथमिक स्तर के
(C) माध्यमिक स्तर के
(D) उच्च माध्यमिक स्तर के।

**55.** लिंग्वाफोन (रिकॉर्ड प्लेयर) किस प्रकार की अधिगम सामग्री है?
(A) प्रक्षेपक सामग्री
(B) दृश्य सामग्री
(C) दृश्य–श्रव्य सामग्री
(D) श्रव्य सामग्री

**56.** मौखिक मूल्यांकन के संबंध में उपयुक्त कथन है:
(A) मौखिक मूल्यांकन में दीर्घउत्तरीय प्रश्न पूछे जाते हैं।
(B) मौखिक मूल्यांकनकर्ता निष्ठावान, सहनशील और विषय विशेषज्ञ होना चाहिए।
(C) मौखिक मूल्यांकन में समूहनिष्ठता अधिक होनी चाहिए
(D) मौखिक मूल्यांकन में विद्यार्थी को आत्मा -भिव्यक्ति के अवसर कम मिलने चाहिए।

**57.** "मूल्यांकन उद्देश्यों की प्राप्ति की सीमा का निर्णय करने की प्रक्रिया है।" मूल्यांकन की यह परिभाषा किसकी है?
(A) माइकेलिस (B) सी.सी.रॉस
(C) ब्लूम (D) राइस्टोन

**58.** सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन का दोष है—
(A) इसमें विद्यार्थियों का निरंतर मूल्यांकन होता रहता है।
(B) विद्यार्थियों को अपने कमियों का निरंतर ज्ञान होता रहता है।
(C) इसमें अभिभावकों को विद्यार्थी की निरंतर प्रगति की जानकारी होती रहती है।
(D) यह प्रणाली तभी लागू की जा सकती है जब विद्यार्थी-शिक्षक अनुपात कम हो।

**59.** उपलब्धि परीक्षण के निर्माण में कितने पदों का प्रयोग किया जाता है ?
(A) दो (B) तीन
(C) एक (D) चार

**60.** भाषा प्रयोगशाला के अनुभाग में सम्मिलित नहीं है :

(A) परामर्श कक्ष (B) श्रवण कक्ष

(C) नियंत्रण कक्ष (D) विश्राम कक्ष

## भाग–III

## भाषा–II : हिंदी

**निर्देश (प्रश्न संख्या 61 से 65 तक)**

निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर उत्तर दीजिए :

क्रोध शांति भंग करने वाला मनोविकार है। एक का क्रोध दूसरे में भी क्रोध का संचार करता है। जिसके प्रति क्रोध प्रदर्शन होता है वह तत्काल अपमान का अनुभव करता है और इस दु:ख पर उसकी भी त्योरी चढ़ जाती है। यह विचार करने वाले बहुत थोड़े निकलते हैं कि हम पर जो क्रोध प्रकट किया जा रहा है वह उचित या अनुचित। इसी से धर्म, नीति और शिष्टाचार तीनों में क्रोध के विरोध का उपदेश पाया जाता है। संत लोग तो खलों के वचन सहते ही हैं, दुनियादार लोग भी न जाने कितनी ऊँची–नीची पचाते रहते हैं। सभ्यता के व्यवहार में भी क्रोध नहीं, क्रोध के चिह्न दबाये जाते हैं। इस प्रकार का प्रतिबंध समाज की सुख–शांति के लिए बहुत आवश्यक है। पर इस प्रतिबंध की भी सीमा है। यह परपीड़कोन्मुख क्रोध तक नहीं पहुँचता। क्रोध के निरोध का उपदेश अर्थपरायण और धर्मपरायण दोनों देते हैं। पर दोनों में जिसे अति से अधिक सावधान रहना चाहिए वही कुछ भी नहीं रहता। बाकी रुपया वसूल करने का ढंग बताने वाला चाहे कड़े पड़ने की शिक्षा दे भी दे, पर धज के साथ धर्म की ध्वजा लेकर चलने वाला धोखे में भी क्रोध को पाप का रूप ही कहेगा। क्रोध रोकने का अभ्यास ठगों और स्वार्थियों और सिद्धों और साधकों से कम नहीं होता।

**61.** 'सुख–शांति' शब्द में कौन–सा समास है?'

(A) अव्ययीभाव समास

(B) तत्पुरुष समास

(C) द्वंद्व समास

(D) द्विगु समास

**62.** 'अनुचित' शब्द में उपसर्ग है

(A) अन (B) अनु

(C) अन् (D) अ

**63.** 'स्वार्थियों' शब्द का एकवचन होगा :

(A) स्वार्थित (B) सुआर्थी

(C) सूआर्थी (D) स्वार्थी

**64.** 'परपीड़कोन्मुख' शब्द का सही संधि विच्छेद है :

(A) परपीड़ाक + उन्मुख

(B) परपीड़ा + ऊन्मुख

(C) परपीड़क + उन्मुख

(D) परपीड़क + ऊन्मुख

**65.** 'खल' शब्द का अर्थ है :

(A) साधु (B) दुष्ट

(C) चालाक (D) सज्जन

**निर्देश (प्रश्न संख्या 66 से 70 तक)**

निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर उत्तर दीजिए :

दुर्योधन वह भी दे न सका, आशिष समाज की ले न सका,

उलटे, हरि को बाँधने चला, जो था असाध्य, साधने चला।

जब नाश मनुज पर छाता है

पहले विवेक मर जाता है

हरि ने भीषण हुँकार किया, अपना स्वरूप विस्तार किया,

डगमग–डगमग दिग्गज डोले, भगवान कुपित होकर बोले।

"जंजीर बढ़ाकर साध मुझे,

हाँ–हाँ दुर्योधन! बाँध मुझे

यह देख गगन मुझमें लय है, यह देख पवन मुझमें लय है,

मुझमें विलीन झंकार सकल, मुझमें लय है संसार सकल।

सब जन्म मुझी से पाते हैं–

फिर लौट मुझी में आते हैं।"

**66.** दुर्योधन क्या असाध्य कार्य करना चाह रहा था?

(A) अपनी सम्पत्ति में से सब कुछ न्योछावर कर देने का।

(B) समाज से आशीर्वाद लेने का।

(C) हरि को बाँधने का।

(D) विवेक को जाग्रत करने का।

**67.** मनुष्य पर नाश के छाने का क्या प्रभाव पड़ता है?

(A) मनुष्य की मेधा प्रखर हो जाती है।

(B) मनुष्य सरल और सहज स्वभाव का हो जाता है।

(C) मनुष्य सही कर्म की तरफ उद्यत हो जाता है।

(D) मनुष्य का विवेक मर जाता है।

**68.** निम्नलिखित पंक्तियों में से किस पंक्ति में नाद सौंदर्य है?

(A) दुर्योधन वह भी दे न सका।

(B) डगमग–डगमग दिग्गज डोले।

(C) भगवान कुपित होकर बोले।

(D) फिर लौट मुझी में आते हैं।

**69.** उपर्युक्त पद्यांश की भाषा है :

(A) संस्कृतनिष्ठ हिन्दी

(B) तद्भवनिष्ठ हिन्दी

(C) आम बोलचाल की हिन्दी

(D) देशज शब्दप्रधान हिन्दी।

**70.** इस पद्यांश में मुख्यतः वर्णित है।

(A) कृष्ण का प्रेम

(B) दुर्योधन का विनय

(C) प्रकृति चित्रण

(D) हरि की विराट शक्ति।

**71.** "शालिनी घर से आती है।" वाक्य में कारक है :

(A) करण कारक

(B) अपादान कारक

(C) अधिकरण कारक

(D) सम्प्रदान कारक

**72.** "अत्यन्त ईर्ष्या करना"। के अर्थ में उपयुक्त मुहावरा है :

(A) जले पर नमक छिड़कना

(B) चूना लगाना

(C) जहर उगलना

(D) छाती पर साँप लोटना।

**73.** आश्रित उपवाक्य का भेद नहीं है :

(A) संज्ञा उपवाक्य

(B) क्रिया–विशेषण उपवाक्य

(C) विशेषण उपवाक्य

(D) प्रधान उपवाक्य।

**74.** निम्नलिखित में से मिश्र वाक्य है :

(A) मेरा भाई रोहन खेल पुस्तकें अधिक पढ़ता है।

(B) नाथद्वारा का श्रीनाथ दर्शनीय है।

(C) नंदिनी ने कहा कि मैं जयपुर नहीं जाऊँगी।

(D) सुबह हुई और भौंरे गुनगुनाने लगे।

**75.** 'थोथा चना बाजे घना' लोकोक्ति का अर्थ है :

(A) छोटा आदमी बड़े पद पर पहुँचकर इतराकर चलता है।

(B) मूर्ख को गुण की परख नहीं होती।

(C) गुणहीन व्यक्ति अधिक आडम्बर करता है।

(D) सीधेपन से कोई कार्य नहीं होता।

**76.** हरबर्ट द्वारा स्थापित सहसंबंध विधि के चिंतन को आगे किस विद्वान ने बढ़ाया ?

(A) कुक (B) थॉर्नडाइक

(C) जिलर (D) पावलाव

**77.** मॉण्टेसरी शिक्षण विधि के संबंध में सत्य कथन है :

(A) मॉण्टेसरी फ्रांस की शिक्षाशास्त्री थी।

(B) मॉण्टेसरी प्रणाली को पाँच भागों में विभाजित किया गया है।

(C) मॉण्टेसरी फ्रोबेल की विचारधारा से अप्रभावित थी।

(D) मॉण्टेसरी विधि में पढ़ने से पहले लिखना सिखाया जाता है।

**78.** अभिक्रमित अनुदेशन विधि का सिद्धांत है :

(A) ज्ञान की पूर्ण इकाई का सिद्धान्त

(B) सामाजिक सहयोग का सिद्धांत

(C) क्रमित लघु पदों का सिद्धांत

(D) व्यष्टित्व का सिद्धांत

**79.** सूक्ष्म–शिक्षण उपागम का उद्देश्य एवं लक्ष्य होता है :

(A) विद्यार्थी के व्यवहार में परिवर्तन करना।
(B) शिक्षक–प्रशिक्षणार्थियों के व्यवहार में परिवर्तन करना।
(C) संस्था प्रधान के व्यवहार में परिवर्तन करना।
(D) विकल्प (A) और (B) दोनों

**80.** इनमें से भाषा शिक्षण के मूल उद्देश्यों में भाषायी दक्षताएँ प्राप्त करने का आधार होती हैं :

(A) समूहवार भाषायी दक्षताएँ
(B) लैंगिक समूहवार भाषायी दक्षताएँ
(C) कक्षावार भाषायी दक्षताएँ
(D) पारिवारिक पृष्ठभूमि की भाषायी दक्षताएँ।

**81.** इनमें से द्रुत वाचन किसका प्रकार है?

(A) सस्वर वाचन का
(B) अनुकरण वाचन का
(C) सामूहिक वाचन का
(D) मौन वाचन का

**82.** इनमें से अशुद्ध वर्तनी का कारण है–

(A) लिपि का पूर्ण ज्ञान
(B) लेखन में सावधानी
(C) शुद्ध उच्चारण
(D) व्याकरण का अधूरा ज्ञान

**83.** भाषा–शिक्षण में पाठ्य–पुस्तक है :

(A) साध्य
(B) साधन
(C) विकल्प (A) और (B) दोनों
(D) इनमें से कोई नहीं

**84.** भाषा–शिक्षण में सबसे कम महत्व की अधिगम सामग्री है :

(A) चित्र कथाएँ (B) शब्द पट्टी
(C) मानचित्र (D) वाक्य पट्टी

**85.** इनमें से प्रक्षेपक सामग्री नहीं है :

(A) स्लाइड प्रोजेक्टर
(B) ग्रामोफोन
(C) ओवरहेड प्रोजेक्टर
(D) एपिडाइस्कोप

**86.** मूल्यांकन के पक्ष में सम्मिलित है :

(A) मात्रात्मक पक्ष
(B) संरचनात्मक पक्ष
(C) ज्ञानात्मक पक्ष
(D) अप्रेरणात्मक पक्ष

**87.** मानसिक योग्यता का परीक्षण किया जाता है :

(A) उपलब्धि परीक्षण में
(B) बुद्धि परीक्षण में
(C) व्यक्तित्व परीक्षण में
(D) इनमें से कोई नहीं

**88.** "मूल्यांकन की प्रक्रिया की व्यापकता–छात्र के समस्त व्यक्तित्व पर अपने प्रसार का उल्लेख करती है, न कि केवल उसकी बौद्धिक उपलब्धि का।" उपर्युक्त कथन किसका है?

(A) टारगर्सन का
(B) एडम्स का
(C) रेमर्स एवं गेज का
(D) क्विलिन का।

**89.** उपचारात्मक शिक्षण के संबंध में सत्य कथन है :

(A) विद्यार्थी को अधिगम कठिनाई में सहायता प्रदान करने के लिए उपचारात्मक शिक्षण की निश्चित एवं निर्धारित प्रक्रिया होती है।
(B) उपचारात्मक शिक्षण पूरी कक्षा के लिए समान होता है।
(C) उपचारात्मक शिक्षण संस्था प्रधान और अभिभावकां की देखरेख में होता है।
(D) उपचारात्मक शिक्षण व्यक्तिगत अधिक होता है।

**90.** उपचारात्मक शिक्षण कितने प्रकार का होते हैं?

(A) चार (B) तीन
(C) दो (D) एक

## भाग–II

## भाषा–I : संस्कृत

**निर्देश (प्रश्न संख्या 31 से 35 तक)**
निम्नलिखित अपिठतं गद्यांशम् आधारीकृत्य प्रश्ना

अयं देशः बुहषु प्रान्तेषु विभक्तः। विविधर्मावलम्बिनः नानाभाषाभाषिणः जनाः अत्र निवसन्ति। शौर्ययुक्ताः भारतीयाः स्वदेशं प्रति समर्पिताः सन्ति। अस्माकं संविधानं संप्रदायनिरपेक्षं वर्तते। विश्वस्य विभिन्न जातयः अत्र आगत्य भारतीयः संजाताः। भारतस्य गौरवं सर्वप्राचीनम् सभ्यतायाः सूर्योदयः भारते अभवत्। अधुना भारतस्य प्रजातन्त्रात्मकं, तेजोमयं स्वरूपं विश्वस्य राजनीतिक मंचे सुशोभते।

**31.** "सूर्योदयः" इत्यत्र कः सन्धिः ?

(A) यण्-सन्धिः (B) गुण-सन्धिः
(C) अयादि-सन्धिः (D) दीर्घ-सन्धिः

**32.** 'सञातः' इत्यत्र उपसर्गः कः ?

(A) सम् (B) सह
(C) सन् (D) सञ्

**33.** "आगत्य" इत्यत्र प्रत्ययः विद्यते–

(A) यत् (B) ण्यत्
(C) ल्यप् (D) क्त्वा

**34.** "अस्माकम्" इत्यत्र का विभक्तिः ?

(A) तृतीया (B) चतुर्थी
(C) सप्तमी (D) षष्ठी

**35.** 'भारतस्य गौरवं सर्वप्राचीनं वर्तते।' अस्मिन् वाक्ये विशेषणपदं विद्यते–

(A) भारतस्य (B) सर्वप्राचीनतम्
(C) गौरवम् (D) वर्तते

**निर्देश (प्रश्न संख्या 36 से 40 तक)**
निम्नलिखित अपिठतं गद्यांशम् आधारीकृत्य प्रश्ना

जयपुरनगरं राजस्थानप्रान्तस्य राजधानी अस्ति। अस्य नगरस्य निर्माणं महाराजः जयसिंह अकरोत्। अस्य नगरस्यैश्चर्यं निर्माणकौशलं सौन्दर्यश्च विलोक्य वैदेशिकाः अपि चकिताः भवन्ति। इदं नगरं भारतस्य पेरिस–नाम्ना प्रसिद्धम्। यत्र पूर्वस्यां दिशि गलतातीर्थ तत्रैव उत्तरस्यां दिशि "आमेर" नाम्नी प्राचीन राजधानी स्थिताऽस्ति। सदैव अत्र पर्यटकाः समागच्छन्ति।

**36.** "महाराजः" इत्यत्र कः समासः ?

(A) द्वन्द्वः (B) अव्ययीभावः
(C) कर्मधारयः (D) द्विगुः

**37.** "सदैव" इत्यत्र सन्धिविच्छेदः विद्यते–

(A) सदा + एव (B) सद् + एव
(C) सदे + एव (D) सद् + ऐव

**38.** पुरातन "नूतना" इत्स्य विलोमपदं वर्तते–

(A) अर्वाचीना–प्राचीन (B) अद्यतना
(C) प्राचीना (D) सनातना

**39.** "वैदेशिकाः अपि चकिताः भवन्ति"। इत्यस्मिन् वाक्ये विशेषयपदम् अस्ति–

(A) अपि (B) भवन्ति
(C) चकिताः (D) वैदेशिकाः

**40.** अस्य नगरस्य निर्माणं महाराजः जयसिंहः अकरोत। अत्र रेखाङ्कित पदे लकारः अस्ति–

(A) लृट्-लकारः (B) लङ्-लकारः
(C) लोट्-लकारः (D) लट्-लकारः

**41.** 'उद्यमेन सिध्यन्ति..........न मनोरथैः' समुचितपदेन रिक्तस्थानं पूरयतः–

(A) धनानि (B) कार्याणि
(C) फलानि (D) शरीराणि

**42.** माहेश्वरसूत्रेषु "एच्" प्रत्याहारस्य उचितक्रमः वर्तते–

(A) ए, ओ, ऐ, औ (B) ए, ऐ, ओ, औ
(C) ए, ओ, औ, ऐ (D) ए, औ, ऐ, ओ

**43.** "माता भोजनं पचति"। वाक्यमिदं लृट्–लकारे परिवर्तयत–

(A) माता भोजनं पक्ष्यति
(B) माता भोजनम् अपचत्
(C) माता भोजनं पचेत्
(D) माता भोजनं पचतु।

**44.** वाक्यमिदं संशोधयत–

''अहं त्वं चं पर्णमि''।

(A) अहं त्वं च पठथः

(B) अहं त्वं च पठतः

(C) अहं त्वं च पठावः

(D) अहं त्वं च पठसि

**45.** "अहं देवं पश्यामि"। इत्यस्य वाक्यस्य वाच्य परिवर्तनं कुरुत्–

(A) मया देवं दृश्यते

(B) अहं देवेन दृश्ये

(C) मया देवः पश्यते

(D) मया देवः दृश्यते।

**46.** शुद्धवाक्यम् अस्ति–

(A) त्वं पञ्च फलानि आनय

(B) त्वं पंचानि फलानि आनय

(C) त्वं पंच फलानि आनयतु

(D) त्वं पंच फलानि आनयामि

**47.** संस्कृतेन अनुवादं कुरुत–

"पुत्र पिता के साथ मन्दिर में गया"

(A) पुत्रः पित्रेण सह मन्दिरम् अगच्छत्।

(B) पुत्रः पित्रा सह मन्दिरम् अगच्छत्।

(C) पुत्रः पित्रा साकं मन्दिरे अगच्छः।

(D) पुत्र पित्रा सह मन्दिरं गमिष्यति।

**48.** संस्कृतेन अनुवादं कुरुत–

"राजा राज्य की रक्षा करेगा।"

(A) नृपः राज्यं रक्षिष्यति।

(B) नृपेण राज्यस्य रक्षां करिष्यसि।

(C) नृपः राज्याय रक्षिष्यति।

(D) राजा राज्यं रक्षिष्यामि।

**49.** "कविषु कालिदासः श्रेष्ठः"।

रेखाङ्कितपदे प्रश्ननिर्माणं कुरुत–

(A) के कालिदासः श्रेष्ठः।

(B) केषु कालिदासः श्रेष्ठः।

(C) केसु कालिदासः श्रेष्ठः।

(D) कासु कालिदासः श्रेष्ठः।

**50.** उदाहरणानि प्रस्तूय ततो नियमनिर्धारणन्नाम भवति–

(A) आगमनम् (B) निगमनम्

(C) व्याकरणम् (D) परीक्षणम्

**51.** प्राचीनयूनानीदार्शनिकः सुकरातमहोदयः केन विधिना समाजे उपदेशम् अददात्?

(A) भाषणविधिना (B) वादविवादविधिना

(C) प्रश्नोत्तरविधिना (D) कथाकथनविधिना

**52.** संस्कृतशिक्षणस्य कोऽयं विधिः मातृविधिः इति नाम्ना ज्ञायते?

(A) विश्लेषणात्मकविधिः

(B) प्रत्यक्षविधिः

(C) कथाकथनविधिः

(D) पाठ्यपुस्तकविधिः

**53.** 'कर्णाभ्यां श्रवणं' मुखेन च भाषणम्' उभावपि आधारौ स्तः–

(A) संस्कृत गद्य शिक्षणस्य

(B) संस्कृत पद्य शिक्षणस्य

(C) संस्कृतानुवाद शिक्षणस्य

(D) संस्कृतभाषा शिक्षणस्य

**54.** निम्नलिखित भाषाशिक्षणस्य प्रमुखं साधनं भवति–

(A) विद्यालयभवनम्

(B) गुरुगृहम्

(C) पाठ्यपुस्तकम्

(D) शैक्षिकभ्रमणम्

**55.** भाषा–कौशलेषु अन्तिमं कौशलं विद्यते–

(A) पठन कौशलम्

(B) लेखन कौशलम्

(C) भाषण कौशलम्

(D) श्रवण कौशलम्

**56.** संस्कृते वयं श्रवण–भाषण–पठन–कौशलानाञ्च मूल्यांकन कर्तुं शक्नुयः–

(A) मौखिकपरीक्षया

(B) लिखितपरीक्षया

(C) निबन्धात्मकपरीक्षया

(D) शलाकापरीक्षया

**57.** "44" एतां संख्या संस्कृतेन लिखत–

(A) चतुचत्वारिंशत्

(B) चतुश्चत्वारिंशत्

(C) चत्वारिचत्वारिंशत्

(D) चतुर्चत्वारिंशत्

**58.** संस्कृताध्यापनस्य दृश्यसाधनेषु सर्वोत्तमं साधनं विद्यते–

(A) श्यामफलकम् (B) संगणकम्

(C) चित्राणि (D) आकाशवाणी

**59.** का परीक्षा वैधायापिका, व्यावहारिकी, समयदृष्ट्या मितव्यया च भवति?

(A) शलाकापरीक्षा (B) भाषणपरीक्षा

(C) वस्तुनिष्ठपरीक्षा (D) वर्णनात्मकपरीक्षा

**60.** पूर्णतया छात्रव्यक्तित्वं मापयितुं शक्यते–

(A) दर्शनेन (B) मूल्यांकन

(C) भाषणेन (D) कथाकथेन

## भाग–III

## भाषा–II : संस्कृत

**निर्देश (प्रश्न संख्या 61 से 65 तक)**

निम्नलिखित अपिठतं गद्यांशम् आधारीकृत्य प्रश्ना

अथ कस्मिंश्चित् ग्रामे चत्वारि मित्राणि अवसन्। दारिद्र्योपहताः ते अचिन्तयन् यत् धनहीनजीवनात् तु वनवासः एव वरम्। अतः देशान्तरं गच्छामः धनोपार्जनाय इति विचार्य ते चत्वारः बन्धुजनाः उज्जयिनीनगरीं प्राप्तवन्तः। तत्र एकः श्रेष्ठः भैरवानन्दः नाम योगी निवसति स्म्।

**61.** "धनहीनजीवनात्" इत्यत्र का विभक्तिः?

(A) तृतीया (B) चतुर्थी

(C) पञ्चमी (D) षष्ठी

**62.** "प्राप्तवन्तः" इत्यत्र कः प्रत्ययः ?

(A) क्तवतुप्रत्ययः (B) क्तप्रत्ययः

(C) वत्प्रत्ययः (D) शानच्प्रत्ययः

**63.** "विचार्य" इत्यत्र कः उपसर्गः?

(A) विच् (B) यत्

(C) अर् (D) वि

**64.** "दारिद्र्योपहताः" इत्यत्र सन्धिविच्छेदः अस्ति–

(A) दारिद्रि + उपहताः

(B) दारिद्र्य + उपहताः

(C) दारि + द्रयोपहताः

(D) दारिद्र्य + ओपहताः

**65.** "तत्र एकः श्रेष्ठः भैरवानन्दः नाम योगी निवसति स्म।" अत्र वाक्ये विशेष्यपदं किम् ?

(A) तत्र (B) श्रेष्ठः

(C) एकः (D) योगी

**निर्देश (प्रश्न संख्या 66 से 70 तक)**

निम्नलिखित अपिठतं गद्यांशम् आधारीकृत्य प्रश्ना

माला रम्यतमा वसन्ततिलकासद्वृत्तमुक्तामयी
यत्नेन ग्रथिता निसर्गविशदैः श्रीवीरभूमेर्गुणैः।
सद्वर्णा सुकुमारबन्धललिता चेतो हरन्ती सताम्
वीराणां विदुषाश्च सन्ततमियं पुष्णातु कण्ठश्रियम्॥

**66.** अस्मिन् श्लोके किं छन्दः प्रयुक्तम्?

(A) शार्दूलविक्रीडितम् (B) वसन्ततिलका

(C) मालिनी (D) मन्दाक्रान्ता

**67.** "श्रीवीरभूमेर्गुणैः" इत्यत्र सन्धि–विच्छेदः अस्ति–

(A) श्री + वीरभूमिः + गुणैः

(B) श्रीवीर + भूमेर्गुणैः

(C) श्रीवीरभूमेः + गुणैः

(D) श्रीवीर + भूमि + गुणैः

**68.** "सद्वर्णा" इत्यत्र कः समासः ?

(A) तत्पुरुषः (B) बहुव्रीहिः

(C) अव्ययीभावः (D) द्वन्द्वः

**69.** "हरन्ती" इत्यत्र कः प्रत्ययः ?
(A) शतृ (B) तव्यत्
(C) क्तवतु (D) अन्ती

**70.** "माला" इत्यत्र लिङ्गमस्ति..........
(A) पुल्लिङ्गम् (B) स्त्रीलिङ्गम्
(C) नपुंसकलिङ्गम् (D) सर्वालिङ्गम्

**71.** "औ" इत्यस्य वर्णस्य उच्चारणस्थानमस्ति—
(A) दन्तोष्ठम् (B) कण्ठोष्ठम्
(C) कण्ठतालु (D) नासिका

**72.** अन्तःस्थाः वर्णाः सन्ति—
(A) य् र् ल् व् (B) ह् श् ष् स्
(C) प् फ् ब् भ् (D) ङ् ञ् ण् न्

**73.** "संसर्गजाः...................भवन्ति।" समुचितपदेन रिक्तस्थानं पूरयत्।
(A) गुणाः (B) दोषाः
(C) शौर्यम् (D) दोषगुणाः

**74.** "44" इमां संख्यां संस्कृतेन शब्देन लिखत—
(A) चतुचत्वारिंशत (B) चतुर्चत्वारिंशत
(C) चतुरचत्वारिंशत् (D) चतुश्चत्वारिंशत्

**75.** "रामः प्रातः (7:30) वादने विद्यालयं गच्छति। रेखांकितं समयं संस्कृतेन लिखत—"
(A) सपादसप्तवादने (B) पादोनसप्तवादने
(C) सार्धसप्तवादने (D) पादोनाष्टवादने

**76.** माहेश्वरसूत्रेषु अचूवर्णाः कति सन्ति?
(A) चतुर्दश (B) त्रयोदश
(C) नव (D) एकादश

**77.** "अहं त्वां पश्यामि"।इत्यस्य वाक्यस्य वाच्यपरिवर्तनं कुरुत—
(A) त्वं मया पश्यामि (B) त्वां मया पश्यामि
(C) त्वं मया दृश्यसे (D) अहं मया पश्यामि

**78.** "सः गुरवे प्रणमति।" वाक्यं संशोधयतः
(A) सः गुरुं प्रणमति (B) स गुरुवे प्रणमति
(C) सः गुरो प्रणमति (D) सः गुरुं प्रणमसि

**79.** "अहं ह्यः चित्रपटं द्रक्ष्यामि।" वाक्यं संशोधयत—
(A) अहं ह्यः चित्रपटं पश्यामि।
(B) अहं ह्यः चित्रपटेन अपशयम्।
(C) अहं ह्यः चित्रपटेन पश्यामि।
(D) अहं ह्यः चित्रपटम् अपश्यम्।

**80.** "मन सत्य से शुद्ध होता है।" अस्य वाक्यस्य संस्कृतानुवादः अस्ति—
(A) मनः सत्यात् शुध्यति
(B) मनं सत्येन शुध्यति
(C) मनं सत्यात् शुध्यति
(D) मनः सत्येन शुध्यति

**81.** "यावत्छात्रेषु सक्रियरुचिर्न भविष्यति तावत् शिक्षकस्य सर्वोत्तमकार्य पूर्णं न भविष्यति।" दी प्रिन्सीपल्स ऑफ टीचिंग मैथड' इत्यस्मिन पुस्तके केन लिखितम्?
(A) विन्सेटमहोदयेन (B) हेराल्डमहोदयेन
(C) पामरमहोदयेन (D) कॉमनियसमहोदयेन

**82.** क्लिष्टशब्दानाम्, अंशानां, नूतनविचाराणां, सुभाषितवाक्यानां, मुख्यभावानाश्च स्पष्टीकरणाय कः विधिः श्रेयस्करो भवति?
(A) व्याकरणिविधिः (B) व्याख्याविधिः
(C) प्रत्यक्षविधिः (D) लेखनविधिः

**83.** "संस्कृतभाषाशिक्षणस्य भण्डारकरविधेरपरं नाम किमस्ति?"
(A) नवीनविधिः
(B) प्रत्यक्षविधिः
(C) व्याकरण–अनुवादविधिः
(D) विश्लेषणात्मकविधिः

**84.** संस्कृतशिक्षणं प्रति छात्रेसु रुच्युत्पादनार्थ शिक्षकेण करणीयम्—
(A) पाठ्यपुस्तकस्य श्लोकानां वाचनम्
(B) विविध–साहित्यिक–गतिविधीनामायोजनम्
(C) संस्कृतः हिन्दीभाषायामनुवादकरणम्
(D) कठिनशब्दानामर्थलेखनम्

**85.** पाठशालाविधेरनुसारं शिक्षारम्भः कस्मात् संस्कारात् परं भवति स्म?
(A) उपनयनसंस्कारात्परम्
(B) केशान्तसंस्कारात्परम्
(C) विवाहसंस्कारात्परम्
(D) समावर्तनसंस्कारात् परम

**86.** पाठ्यपुस्तकस्य भाशा कीदशी स्यात्?
(A) शिक्षकाणां योग्यतानुसारम्
(B) लेखकानां योग्यतानुसारम्
(C) अधिकारिणां योग्यतानुसारम्
(D) बालानां योग्यतानुसारम्

**87.** संस्कृते चतुर्विधभाषाकौशलेषु तृतीयकौशलम् अस्ति—
(A) लेखनकौशलम् (B) भाषणकौशलम्
(C) श्रवणकौशलम् (D) पठनकौशलम्

**88.** संस्कृतशिक्षणे मस्तिष्कयन्त्रं (संगणकं) साधनं वर्तते—
(A) दृश्यसाधनम् (B) श्रव्यसाधनम्
(C) दृश्यश्रव्यसाधनम् (D) किमपि न

**89.** संस्कृतशिक्षणस्य मूल्यांङ्कने प्रश्नाः भवन्ति—
(A) ज्ञानात्मकाः
(B) भावात्मकाः
(C) क्रियात्मकाः
(D) उपर्युक्त–त्रिभिः पक्षैः सम्बद्धाः

**90.** उपचारात्मकशिक्षणे उपचारकार्यं कीदृशं भवेत्?
(A) छात्रस्तरानुसारम्
(B) कक्षास्तरानुसारम्
(C) अध्यापकस्तरानुसारम्
(D) प्रधानाचार्यस्तरानुसारम्

## भाग–II

## Language-I : English

**Direction ( Q. No. 31 to 37)**

Read the given passage and answer the questions that follow :

The messenger had no idea what all this was about. If King Avinash meant to attack his king's fort then all was lost. For King Bahadur was old and weak. These days he spent most of his time in prayer. After much thought the messenger decided on a plan. Sir, I do not know why are you so angry," he said, "All I know is that King Bahadur has gone mad. I cannot work for him anymore. I had decided to the court and work elsewhere. If you will take me in I will gladly work for you, my lord."

**31.** The synonym of 'attack' is
(A) war (B) dispute
(C) invade (D) conflict

**32.** The synonym of 'mad' is
(A) sick (B) insane
(C) nervous (D) sensible

**33.** The antonym of 'angry' is :
(A) sharp (B) infuriated
(C) calm (D) peace

**34.** The one word substitution for 'old and weak' is :
(A) infirm (B) sick
(C) humble (D) polite

**35.** The correct noun form of 'decide' is :
(A) decade (B) decided
(C) decision (D) deceive

**36.** The correct verb form of 'lost' is
(A) loose (B) lose
(C) loss (D) lest

**37.** The correct spelling is :
(A) patiritism (B) partritism
(C) patriotism (D) potriotism

**Direction ( Q. No. 38 to 44)**

Read the given passage and answer the questions that follow :

Being free filled me with happiness. Now that my chains had been removed, I could see the capital city. Everyone was ordered to stay indoors in case I stepped on them and they got crushed. The first building I saw as I stepped over the city wall was the Emperor's palace. It

was charming just like a big doll's house. I had to lie down to look inside and as the Empress came to the window smiling at me, she gave me her hand to kiss.

**38.** Which part of speech is 'Happiness' ?

(A) Adjective (B) Noun
(C) Verb (D) Adverb

**39.** The Empress came to the window smiling at me'. Here 'smiling' is :

(A) Noun (B) Verb
(C) Adjective (D) Adverb

**40.** 'Being free filled me with happiness.' The sentence is in :

(A) Present perfect
(B) Past perfect
(C) Past simple
(D) Present simple

**41.** 'I had to lie down.....' The sentence is in :

(A) Past simple (B) Present simple
(C) Past perfect (D) Present perfect

**42.** '......She gave the her hand to kiss.' In this sentence on determiner used is :

(A) she (B) her
(C) to (D) me

**43.** 'It was charming just like a big doll's house.' In this sentence the determiner used is :

(A) just (B) like
(C) a (D) big

**44.** 'Freest' is the superlative degree of :

(A) fire (B) freer
(C) firer (D) free

**45.** To free the slave, the chains—

(A) being removed
(B) had been removed
(C) is removed
(D) was being removed

**46.** The convict............by the neck till death, was the verdict.

(A) is to hanged (B) is being hung
(C) is to be hanged (D) is to being hang

**47.** The farmer fastened the bull tightly to the stake. The correct question for this is :

(A) What did the farmer do ?
(B) What does the farmer did ?
(C) Why did the farmer did ?
(D) Why does the farmer did ?

**48.** 'She said to her son, "Why do you like ?" The indirect speech of the sentence is :

(A) She asked her son to like.
(B) She asked her son what will he like.
(C) She ask her son what he liked
(D) She asked her son what he liked.

**49.** The phonetic sound of the letters underlined in the word 'together' is represented by the symbol :

(A) d (B) θ
(C) ∂ (D) $d_ʒ$

**50.** Which is the correct transcription of 'question' ?

(A) 'ku:s∫∂n (B) 'kwest∫∂n
(C) 'kwu:∫n (D) 'kwuschn

**51.** 'Learning is made stable and everlasting' is merit of :

(A) Bilingual Method
(B) Structural Approach
(C) Direct Method
(D) Communicative Approach

**52.** 'Priority of Reading' is a principle of

(A) Translation cum Grammar Method
(B) Dr. West's Method
(C) Structural Approach
(D) Communicative Approach

**53.** 'It stops power of thinking freely' is a demerit of

(A) Bilingual Method
(B) Direct Method
(C) Translation cum Grammar Method
(D) Substitutional Table Method

**54.** Bilingual method includes :

(A) Translation by teachers only to explain the matter
(B) Insistence upon reading only
(C) Insistence upon writing only
(D) Optimum exposure for discussion

**55.** The receptive skills comprise :

(A) Listening and Reading
(B) Listening and Speaking
(C) Reading and Writing
(D) Reading and Speaking

**56.** Writing is more complicated skill because of :

(A) its variety of fields
(B) its last position
(C) its inclusion of other subjects
(D) graphic representation and presentation of structured thoughts

**57.** Language games help

(A) to improve speech
(B) to build structures
(C) to build vocabulary
(D) to learn grammar

**58.** Assessment of broad learning behavioural outcomes is a feature of :

(A) CCE
(B) Peer Evaluation
(C) Formative Assessment
(D) Summative Assessment

**59.** Which one is not a characteristic of Peer Evaluation ?

(A) Effective monitoring
(B) Metacognition
(C) Saves teacher's time
(D) Faster feedback

**60.** Cloze Test Evaluation was described by

(A) C. J. Dodson (B) Woods
(C) W. L. Taylor (D) Roberts Paul

## भाग–III

## Language-II : English

**Direction ( Q. No. 61 to 67)**

Read the given passage and answer the questions that follow

Non-biodegradable plastic is one of the prime targets of environmentalists across the world, but, we, too can make a difference—by spurning that plastic bag for cloth, by buying our aerated water in glass bottles instead of plastic, by demanding glass milk bottles instead of plastic pouches, by using that sheet of paper on both sides, by recycling vegetable waste and tea leaves as manure. The media can also play an enormously significant role in this respect. It is not difficult to make a beginning; it is far more taxing to sustain it. But the payoffs of spring just a little thought to where our waste goes, promise to make it worthwhile. Sometimes you see, waste can kill.

**61.** One of the prime targets of environmentalists across the world........ non-biodegradable plastic.

(A) are (B) is
(C) was (D) were

**62.** We should carry cloth bag........plastic bag.

(A) despite (B) inspite of
(C) instead of (D) as

**63.** Common man......media can play a significant role in this respect.

(A) whereas (B) but
(C) as well as (D) though

**64.** Vegetable waste and and tea leaves....... recycled into manure.

(A) was (B) is
(C) can be (D) if

**65.** Small efforts can.........a big difference in reducing plastic waste.

(A) get (B) make
(C) made (D) take

**66.** The most suitable title for the passage is :

(A) The urban life
(B) Waste and media
(C) Waste management
(D) Pollutants

**67.** In order to reduce plastic waste, plastic pouches can be..........by glass milk bottles.
(A) used (B) replaced
(C) stored (D) none of these

**68.** My father........swim very fast when he was young.
(A) can (B) may
(C) could (D) must

**69.** Choose the correct phonetic transcription for the given word : 'Thin'
(A) /ti:/ (B) /θIn/
(C) /∂n/ (D) /dei/

**70.** Which of the following contains the same vowel sound ?
(A) tell - bell - cell
(B) know – now – bow
(C) put – cut – cute
(D) All of these

**71.** Find out the word which begins with different sound from other given words :
(A) High (B) Hike
(C) Hire (D) Beat

**72.** Choose the correct phonetic transcription for the underlined sound of the word : Call
(A) /k^M/ (B) /kc:l/
(C) /kæl/ (D) /kæml/

**73.** The process of finding our the extent to which the desired changes have taken place in the pupils.
(A) On line lectures
(B) Evaluation
(C) Co-curricular activities
(D) All of these

**74.** An important part of any evaluation in which the teacher should prepare a record sheet for each student indicating the different skills to be tested is :
(A) Record keeping
(B) Notice book
(C) Class teacher diary
(D) Monthly attendance

**75.** Which one is not a type of digital portfolio?
(A) Developmental
(B) Reflective
(C) Representational
(D) Occupational

**76.** Which statement is not correct about communicative approach ?
(A) It is practical in use
(B) It is situational, meaningful and self-rewarding.
(C) It develops the speech ability
(D) It is teachers centered approach.

**77.** In structural approach the word 'structure' relates to the structure whereas 'approach' stands for :
(A) Going away (B) Coming near
(C) Sincere (D) Intelligent

**78.** The teaching which is needed for the students who are in general backward in studies and fail in one subject :
(A) Remedial teaching
(B) Advance teaching
(C) Classroom teaching
(D) None of these

**79.** In the lines given below the literary device 'Metaphor' is used in :
(A) Betty Botter bought some butter
(B) As cold as ice
(C) A host of golden daffodils
(D) It is the east, and Juliet, the sun

**80.** "Slithery, slidery, scaly old snake." The literary device used in the above line is :
(A) Simile (B) Metaphor
(C) Alliteration (D) Irony

**81.** The literary device present in the line "I am as quick as a cheetah", is :
(A) Satire (B) Alliteration
(C) Hyperbole (D) Simile

**82.** "Upon a nice and mid-spring day
Let's take a look at nature's way
Breathe the scent of nice fresh air
Feel the breez within your hair."
The rhyme scheme of the above line is :
(A) AABB (B) ABAB
(C) AABA (D) ABAA

**83.** "All the little corn flakes were so excited,
They were getting to come out and play."
What is personified in the above lines ?
(A) All (B) so excited
(C) corn flakes (D) All of these

**84.** The literary term used for a poem of fourteen lines using any of a number of formal rhyme scheme is :
(A) Short story (B) Sonnet
(C) Elegy (D) Allusion

**85.** "Who knows why the cold wind blows !"
The literary device used in the above line is :
(A) Personification (B) Hyperbole
(C) Assonance (D) None of these

**86.** A genre of drama based on human suffering and, mainly, the terrible or sorrowful events that befall main character is known as :
(A) Tragedy (B) Comedy
(C) Irony (D) Autobiography

**87.** A 'Fable' is an example of :
(A) Rhyme (B) Short story
(C) Sonnet (D) None of these

**88.** A mournful poem, typically a lament for the dead is called :
(A) Drama (B) Comedy
(C) Sonnet (D) Elegy

**89.** Choose the alternative which best expresses the meaning of idiom/phrase given below.
"No Pain No Gain"
(A) You have to work for what you want.
(B) Wait for the right time
(C) Take care of your pains
(D) Do not harm others

**90.** 'To avoid talking about what is important' the idiom/phrase which best expresses the above meaning is :
(A) Hit the sack
(B) Up in arms
(C) Beat around the bush
(D) Sell like hot cakes

## भाग–IV

## गणित

**91.** निम्नलिखित में से कौन-सा संख्या 420 का सही अभाज्य गुणनखण्ड हैं?
(A) $2 \times 2 \times 7 \times 15$
(B) $2 \times 2 \times 5 \times 21$
(C) $2 \times 6 \times 5 \times 7$
(D) $2 \times 2 \times 3 \times 5 \times 7$

**92.** 'दस लाख बीस हजार तीन सौ पाँच का सही आंकिक रूप है।
(A) 1020305 (B) 1200305
(C) 10200305 (D) 12200305

**93.** निम्न में से कौन-से विकल्प में 5 का स्थानीय मान 500 नहीं है?
(A) 2569 (B) 6529
(C) 9256 (D) 9562

**94.** 1 से 30 के बीच कितनी अभाज्य संख्याएँ आती हैं?
(A) 8 (B) 9
(C) 10 (D) 11

**95.** अंक 2, 5, 7 और 8 का उपयोग करते हुए सबसे बड़ी ब छोटी संख्या बनाइये। अब इन दोनों संख्याओं का अन्तर ज्ञात कीजिए। बताइये कि यह अन्तर निम्न में किस संख्या से विभाजित नहीं होता है?
(A) 2 (B) 3
(C) 5 (D) 9

**96.** यदि एक अनुपात 5 : 7 का परपद 35 है, तो उसका पूर्वपद क्या होगा?
(A) 25 (B) 36
(C) 45 (D) 49

**97.** 4 आदमी एक काम को 20 दिन में पूरा करते हैं, तो 10 आदमी उसी काम को कितने दिन में पूरा करेंगे?
(A) 2 दिन (B) 8 दिन
(C) 12 दिन (D) 50 दिन

**98.** यदि 1 वर्ग मीटर = $x$ वर्ग मिलीमीटर होता है, तो $x$ का मान है—
(A) 10000 (B) 1000
(C) 100000 (D) 1000000

**99.** किन्हीं दो संख्याओं का लघुत्तम समापवर्त्य 60 है एवं महत्तम समावर्तक 5 है, तो निम्नलिखित में से वह संख्याएँ कौन-सी होंगी?
(A) 20, 30 (B) 10, 30
(C) 15, 20 (D) 15, 40

**100.** निम्नलिखित में से कौन-सा भिन्नों का सही अवरोही क्रम है?
(A) $\frac{1}{2}, \frac{2}{5}, \frac{3}{4}, \frac{2}{3}$ (B) $\frac{3}{4}, \frac{2}{3}, \frac{1}{2}, \frac{2}{5}$
(C) $\frac{3}{4}, \frac{1}{2}, \frac{2}{3}, \frac{2}{5}$ (D) $\frac{3}{4}, \frac{2}{5}, \frac{2}{3}, \frac{1}{2}$

**101.** निम्न में से कौन-सा अनुपात सबसे बड़ा है?
(A) $\frac{7}{3}$ (B) $\frac{25}{7}$
(C) $\frac{35}{9}$ (D) $\frac{19}{2}$

**102.** तीन संख्याओं का औसत 40 है। यदि उनमें से दो संख्याओं का औसत 38 है, तो तीसरी संख्या होगी—
(A) 38 (B) 40
(C) 42 (D) 44

**103.** ₹ 329 में एक वस्तु को बेचने पर एक डीलर को 6% की हानि हुई, तो वस्तु का क्रय मूल्य क्या है?
(A) ₹ 310.37 (B) ₹ 348.74
(C) ₹ 335 (D) ₹ 350


**104.** एक साइकिल ₹ 1,800 में खरीदकर 12% लाभ पर बेची गई तो उसका विक्रय मूल्य है—
(A) ₹ 1,584 (B) ₹ 2,016
(C) ₹ 1,788 (D) ₹ 1,812

**105.** ₹ 3,000 पर 2 वर्ष के लिए 11% की वार्षिक साधारण ब्याज दर से कितनी धनराशि प्राप्त होगी?
(A) ₹ 2,340 (B) ₹ 3,660
(C) ₹ 4,320 (D) ₹ 3,330

**106.** ₹ 2,100 मूलधन एवं 8% वार्षिक की दर से 2 वर्ष और 3 वर्ष के साधारण ब्याज का अन्तर होगा—
(A) ₹ 336 (B) ₹ 168
(C) ₹ 1,680 (D) ₹ 504


**107.** 15 वर्ग मीटर क्षेत्रफल है—
(A) एक वर्ग जिसकी भुजा 15 मीटर है।
(B) 3 वर्ग जिसकी प्रत्येक की भुजा 5 मीटर है।
(C) 5 वर्ग जिसकी प्रत्येक की भुजा 3 मीटर है।
(D) 15 वर्ग जिसमें प्रत्येक की भुजा 1 मीटर है।

**108.** दी गई आकृति का आयतन ज्ञात कीजिए।





(A) $6y$ (B) $6y^3$
(C) $22y^2$ (D) $9y^2$

**109.** RICE एक समचतुर्भुज है। आकृति में दिए गए माप के आधार पर समचतुर्भुज का परिमाप ज्ञात कीजिए।




(A) 20 (B) 28
(C) 52 (D) 68

**110.** दिए गए चित्र में $a$ का मान है :




(A) 5° (B) 10°
(C) 20° (D) 50°

**111.** "संगीत मानव के अवचेतन मन का अंकगणित की संख्याओं से सम्बन्धित एक आधुनिक गुप्त व्यायाम है।" यह कथन गणित के किस मूल्य से सम्बन्धित है?
(A) बौद्धिक मूल्य (B) सांस्कृतिक मूल्य
(C) कलात्मक मूल्य (D) सामाजिक मूल्य

**112.** "गणित सभ्यता एवं संस्कृति का दर्पण है।" यह कथन किसने दिया ?
(A) लॉक (B) गैलीलियो
(C) हॉग्बेन (D) रोजर बेकन

**113.** निम्न में से कौन-सा कथन गणित की प्रकृति से सम्बन्धित नहीं है?
(A) गणित में अमूर्त प्रत्ययों की व्याख्या की जाती है।
(B) गणित में सामान्यानुमान का क्षेत्र सीमित है।
(C) गणित एक सार्वभौमिक विषय है।
(D) संख्याएँ, स्थान, मापन इत्यादि गणित के आधार हैं।

**114.** शब्द "करीकुलम" किस भाषा से लिया गया है?
(A) जर्मन (B) लैटिन
(C) अरबी (D) इनमें से कोई नहीं

**115.** गणित में सारणी बनाना किस विशेष उद्देश्य के अन्तर्गत आता है?
(A) कौशल (B) अनुप्रयोग
(C) बोध (D) ज्ञान

**116.** "निरीक्षण करो और सीखो" के सिद्धान्त पर कौन-सी विधि आधारित है?
(A) आगमन विधि
(B) अभिक्रमित अनुदेशन विधि
(C) प्रयोगशाला विधि
(D) इनमें से कोई नहीं

**117.** वृत्त का क्षेत्रफल पढ़ाने की सबसे उपयुक्त विधि है—
(A) आगमन विधि (B) निगमन विधि
(C) व्याख्यान विधि (D) प्रयोगशाला विधि

**118.** प्राथमिक स्तर पर खेल-खेल में गणित शिक्षण कराने के लिए कौन-सी व्यवस्था लागू नहीं होती है?
(A) मोंटेसरी (B) किंडरगार्टन
(C) डाल्टन (D) व्याख्यान

**119.** निदानात्मक परीक्षण का उद्देश्य है—
(A) शिक्षक की कार्यकुशलता का पता लगाना।
(B) बालकों के विभिन्न कौशलों का विकास करना।
(C) गणित विषय की अध्ययन एवं अध्यापन प्रक्रिया में सुधार करना।
(D) शिक्षण विधियों की उपयुक्तता की जाँच करना।

**120.** गणित में स्लाइड रूल का उपयोग होता है—
(A) गुणन एवं भाजन के लिए
(B) कोण मापन के लिए
(C) आकृति को छोटा व बड़ा करने के लिए
(D) उन्नयन कोण मापने के लिए

## भाग—V

## पर्यावरणीय अध्ययन

**121.** तम्बाकू में कौन-सा ऐल्केलॉइड पाया जाता है?
(A) कोकेन (B) कैफीन
(C) निकोटिन (D) मॉर्फीन

**122.** खादी के वस्त्रों की कीमत पर विशेष छूट कब दी जाती है?
(A) 26 जनवरी (B) 2 अक्टूबर
(C) 21 जून (D) 5 सितम्बर

**123.** निम्नलिखित में से किसको राजस्थान का 'मेनचेस्टर' कहा जाता है?
(A) जयपुर (B) भीलवाड़ा
(C) नागौर (D) ब्यावर

**124.** जन्तु से प्राप्त रेशे का उदाहरण है—
(A) कपास (B) पॉलिएस्टर
(C) नायलॉन (D) रेशम

**125.** राजस्थान में कौन-से लोक देवता का संबंध लाछा गूजरी की प्रार्थना से है?
(A) गोगाजी (B) रामदेवजी
(C) पाबूजी (D) तेजाजी

**126.** सोनार दुर्ग कहाँ स्थित है?
(A) जैसलमेर (B) जयपुर
(C) भरतपुर (D) राजसमंद

**127.** निम्नलिखित में से यह जयंती चुनिये, जो कि चैत्र मास की शुक्ल पक्ष की तेरस के दिन मनाई जाती है।
(A) महावीर जयंती (B) गाँधी जयंती
(C) अम्बेडकर जयंती (D) हनुमान जयंती

**128.** सूर्यनगरी किसका नाम है?
(A) जयपुर (B) जैसलमेर
(C) बाड़मेर (D) जोधपुर

**129.** फूलडोल का मेला कहाँ लगता है?
(A) अजमेर (B) जैसलमेर
(C) शाहपुरा (D) अलवर

**130.** सड़क मार्ग यातायात के साधनों के सही समूह को चुनिये :
(A) जीप, स्कूटर, नाव
(B) साइकिल, कार, जेट
(C) बस, ट्रक, ई-रिक्शा
(D) बैलगाड़ी, ऊँटगाड़ी, फ्लाइंग कार

**131.** नीचे दिया गया यातायात संकेत इंगित करता है—



(A) चौराहा (B) पैदल पार पथ
(C) रेलवे क्रॉसिंग (D) संकरी पुलिया

**132.** किस रोग के कारण रक्त में प्लेट्लेट्स की संख्या कम हो जाती है?
(A) चिकन पॉक्स (B) मधुमेह
(C) अमीबाएसिस (D) डेंगू

**133.** निम्नलिखित को सुमेलित करें तथा सही विकल्प का चयन करें।

| | हार्मोन | | कार्य |
|---|---|---|---|
| (i) | वृद्धि हार्मोन | (a) | नर में लैंगिक लक्षणों का नियमन |
| (ii) | इंसुलिन | (b) | अंगों में वृद्धि प्रेरित करना |
| (iii) | टेस्टोस्टेरोन | (c) | मादा में लैंगिक लक्षणों का नियमन |
| (iv) | प्रोजेस्टेरोन | (d) | रक्त में शर्करा स्तर का नियमन |

| | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (c) | (a) | (d) | (b) |
| (B) | (a) | (b) | (c) | (d) |
| (C) | (b) | (d) | (a) | (c) |
| (D) | (d) | (c) | (b) | (a) |

**134.** रेबीज रोग का कारक होता है—
(A) वायरस (B) प्रोटोजोआ
(C) बैक्टीरिया (D) माइकोप्लाज्मा

**135.** राजस्थान के कौन-से समुदाय के लिए वन एवं वन्य प्राणी संरक्षण उनके धार्मिक अनुष्ठान का भाग बन गया है?
(A) गुर्जर (B) सहरिया
(C) बिश्नोई (D) मीणा

**136.** मगरमच्छ, प्राणी जगत के किस संवर्ग का है?
(A) पक्षी (B) सरीसृप
(C) जलस्थलचर (D) मत्स्य

**137.** निम्नलिखित में से कौन पर्यावरण के अजैविक घटक के अंतर्गत आते हैं?
(A) पादप (B) वायु
(C) जन्तु (D) जीवाणु

**138.** निम्नलिखित में से रेशमकीट का भोजन कौन-सा है?
(A) शहतूत की पत्तियाँ (B) जामुन की पत्तियाँ
(C) नीम की पत्तियाँ (D) आम की पत्तियाँ

**139.** हिमाचल प्रदेश में जल संग्रहण की पुरानी की संकल्पना का नाम है—
(A) सुरंगम (B) कट्टा
(C) कुल्ह (D) एरिस

**140.** नमामि गंगे अभियान का शुभारंभ कब किया गया था?
(A) 2011 (B) 2012
(C) 2013 (D) 2014

**141.** निम्नलिखित में कौन-सा जल प्रदूषण का मानवीय स्रोत नहीं है?
(A) घरेलू बहिःस्राव
(B) वाहितजल
(C) औद्योगिक बहिःस्राव
(D) ह्यूमस पदार्थ

**142.** निम्नलिखित में से कौन-सा सूर्य का निकटतम ग्रह है?
(A) बृहस्पति (B) पृथ्वी
(C) बुध (D) मंगल

**143.** पर्वतारोहण के दौरान साँस लेने में कठिनाई का मुख्य कारण है—
(A) खड़ी ढलान
(B) अत्यधिक ठंडा मौसम
(C) कम वायुदाब
(D) बर्फीली हवा

**144.** रबी की फसल का उदाहरण है—
(A) मक्का (B) सोयाबीन
(C) मूँगफली (D) अलसी

**145.** आपके पिताजी के साले की माँ से आपका क्या रिश्ता होगा?
(A) मामी (B) नानी
(C) मौसी (D) बहन

**146.** हमारा राष्ट्रीय पंचांग है—
(A) जन-गण-मन (B) वंदे मातरम्
(C) शिविर पंचांग (D) राष्ट्रीय शक

**147.** बाल केन्द्रित शिक्षा में कौन-सा तत्व नहीं होता है?
(A) खेल (B) निष्क्रियता
(C) प्रेरणा (D) संतोष

**148.** श्रव्य-दृश्य शिक्षण-अधिगम सामग्री का उदाहरण है?
(A) रेडियो (B) टेप-रिकॉर्डर
(C) बुलेटिन बोर्ड (D) टेलीविजन

**149.** प्राचीनकाल में संदेशों का संचार कौन-से माध्यम से होता था?
(A) फैक्स (B) मोबाइल
(C) हरकारे (D) टेलीफोन

**150.** मूल्यांकन का मुख्य उद्देश्य क्या है?
(A) अनुशासन बनाना
(B) परीक्षा करवाना
(C) प्रश्नपत्र बनवाना
(D) अधिगमकर्ता की उपलब्धि एवं सुधार लाना

## व्याख्यात्मक हल

### बाल विकास एवं शिक्षाशास्त्र

**1.** (D) दिया गया कथन, यह समझना जरूरी नहीं है कि प्रत्येक बच्चा अद्वितीय है एक असत्य कथन है, क्योंकि विकास में व्यक्तित्व अंतर होते हैं। कोई भी दो बच्चे एक जैसे नहीं हो सकते। एक बच्चा जल्दी बोलना प्रारम्भ कर देता है किन्तु दूसरे बच्चे को बोलने में अधिक समय लग सकता है। जबकि बच्चा एक एकीकृत पूर्ण के रूप में विकसित होता है, विकास के एक पहलू में किसी समस्या की दूसरों को

प्रभावित करने की संभावना होती है, विकास एक आनुक्रमिक प्रक्रिया है आदि कथन विवरणात्मक रूप से सत्य है।

**2.** (B) विकास तब होता है जब परिपक्वता और अनुभव के कारण मनुष्य में क्रमबद्ध और प्रगतिशील परिवर्तन होते हैं। वास्तव में विकास परिपक्वता व अधिगम की अन्तःक्रिया का परिणाम है। विकास में मात्रात्मक परिवर्तनों के साथ–साथ गुणात्मक परिवर्तन भी सम्मिलित होते हैं। विकास अनवरत परिवर्तनों को सम्बोधित करता है।

**3.** (A) पूर्व बाल्यावस्था की विशेषता प्राक टोली आयु नहीं है। टोली आयु या गिरोह आयु उत्तर बाल्यावस्था की विशेषता है। पूर्व बाल्यावस्था को अनुकरणीय आयु, सवाल करने की आयु, खिलौना आयु, समस्या आयु, पूर्व विद्यालयी आयु तथा रचनात्मक आयु के नाम से भी जाना जाता है।

**4.** (A) विकास के सिद्धांतों का सही वर्णन निम्न प्रकार किया जा सकता है—

| विकास के सिद्धांतों का नाम | सिद्धांत का वर्णन |
|---|---|
| समीप-दूराभिमुख दिशा | शरीर के केंद्र से बाहर की ओर। |
| सिर–पदाभिमुख दिशा | सिर से पैर का क्रम। |
| अंतर्वैयक्तिक भिन्नताएँ | विभिन्न बच्चे भिन्न भिन्न दर से बढ़ते हैं। |
| अंतरावैयाक्तिक भिन्नताएँ | किसी एक बच्चे में विकास की दर, विकास के एक क्षेत्र की अपेक्षा दूसरे से भिन्न हो सकती है। |

**5.** (A) विकास सामान्य से विशिष्ट की ओर बढ़ता है। विकास के पैटर्न के अध्ययन के अन्तर्गत देखा गया है कि सामान्य क्रियायें सदैव विशिष्ट क्रियाओं से पहले होती हैं। बच्चे की प्रारम्भिक अनुक्रियायें समय के साथ विशिष्ट अनुक्रियाओं में परिवर्तित होने लगती हैं।

**6.** (A) प्रकृति एवं पोषण विवाद आनुवंशिकी एवं वातावरण से संबंधित है। प्रकृति में जैविक कारक या जीन में निहित वंशानुगत जानकारी शामिल होती है जबकि पोषण पर्यावरण संबंधी कारकों को संदर्भित करता है, जिसमें हमारे शुरुआती बचपन के अनुभव, कैसे हमें पाला गया, हमारे सामाजिक रिश्ते और हमारी आसपास की संस्कृति शामिल है।

**7.** (A) बी. एफ. स्किनर के अनुसार, "सीखना व्यवहार में उत्तरोत्तर सामंजस्य की प्रक्रिया है। मनुष्य में सीखने का क्रम जन्म से मृत्यु तक चलता रहता है। स्किनर ने अधिगम को प्रगतिशील व्यवहार अनुकूलन की एक प्रक्रिया बताया है।

**8.** (B) कक्षा 2 की छात्रा सृष्टि को अध्यापिका ने मूल गणित विषय के सवाल करवाए, अगले दिन उसने बाजार में सामान खरीदने के उपरांत दुकानदार द्वारा की गई युवक की गलती को चिन्हित करके सही करवाया, यह अधिगम का सकारात्मक स्थानांतरण का प्रकार है। जब एक स्थिति में अर्जित किया गया ज्ञान अथवा कौशल, संबंधी ज्ञान एवं अन्य कौशल अर्जित करने में आगे चलकर सहायक सिद्ध हो तो इस स्थिति को अधिगम का सकारात्मक स्थानांतरण कहते हैं।

**9.** (A) बी. एफ. स्किनर एक अमेरिकी मनोवैज्ञानिक हैं, जिन्होंने "क्रिया प्रसूत अनुबंधन का सिद्धान्त" प्रतिपादित किया, जिसे "पुनर्बलन का सिद्धान्त" और "सक्रिय अनुकूलन सिद्धांत" के रूप में भी जाना जाता है। यह सिद्धान्त अधिगम की उस प्रक्रिया को संदर्भित करता है जहाँ सीखना एक निश्चित व्यवहार को पुरस्कृत करने अथवा अवांछनीय व्यवहार के लिए पुरस्कृत नहीं करने के माध्यम से होता है।

**10.** (D) बी. एस. ब्लूम. ने किसी अधिगम सिद्धान्त का प्रतिपादन नहीं किया बल्कि इन्होंने एक वर्गीकरण प्रस्तावित किया जो तीन पदानुक्रमित मॉडल का एक समूह है जो शैक्षिक शिक्षण उद्देश्यों के वर्गीकरण को संदर्भित करता है। जबकि ए.एल. थार्नडाइक ने अधिगम का परीक्षण और त्रुटि का सिद्धान्त, बी. एफ. स्किनर ने क्रिया प्रसूत अनुबंधन का सिद्धांततथा कोहलर ने अधिगम का अंतर्दृष्टि सिद्धान्त प्रस्तुत किया।

**11.** (B) प्रतिभाशाली बालक की बुद्धि–लब्धि 140 होती है। यह स्पष्ट रूप से सोचने अर्थों को समझने व संबंधों को पहचानने में श्रेष्ठ होते हैं तथा इनका शब्द ज्ञान विस्तृत होता है साथ ही यह मौलिक चिंतन कर सकते हैं। ये वे बालक होते हैं, जिनकी बौद्धिक क्षमता सर्वोच्च श्रेणी की होती है।

**12.** (D) कालानुक्रमिक आयु एक व्यक्ति के जीवित रहने के वर्षों की संख्या है।
बुद्धि–लब्धि, IQ = 75,
कालानुक्रमिक आयु (CA) = 16 वर्ष
माना मानसिक आयु (MA) = X

अतः $$IQ = \frac{MA}{CA} \times 100$$

$$75 = \frac{X}{16} \times 100$$

$$X = \frac{75 \times 16}{100}$$

$$X = 12 \text{ वर्ष}$$

अतः स्पष्ट है कि मानसिक आयु 12 वर्ष होगी।

**13.** (D) प्रत्येक व्यक्ति का कार्य निश्चित योग्यताओं का प्रतिबिंब होता है, किसी विशेष कार्य को करने में व्यक्ति अपनी समस्त मानसिक योग्यताओं में से कुछ को प्रतिदर्श के रूप में चुनाव कर लेता है। यह सिद्धान्त थॉमसन ने प्रस्तुत किया।

**14.** (A) बुद्धि–लब्धि के लिए दिया गया सूत्र विलियम स्टर्न द्वारा दिया गया।

**15.** (D) मेघा अपने परियोजना कार्य के लिए विभिन्न स्रोत तलाश रही है क्योंकि वह नई जानकारी प्राप्त करने में रुचि रखती है। यह कथन पूर्ण रूप से आंतरिक अभिप्रेरणा को दर्शाता है। आंतरिक अभिप्रेरणा स्वाभाविक मानवीय प्रवृत्ति है ताकि हम व्यक्तिगत रुचियों को आगे बढ़ाएँ और अपनी क्षमताओं का प्रयोग करें। जब हम आंतरिक रूप से प्रेरित होते हैं, तो हमें प्रलोभन या दंड की आवश्यकता नहीं होती है, क्योंकि गतिविधि स्वयं संतोषजनक और पुरस्कृत होती है। इसे आकांक्षा के स्तर के रूप में भी जाना जाता है।

**16.** (D) व्यक्तित्व मापन की प्रक्षेपी विधियाँ—प्रक्षेपण विधि द्वारा व्यक्तित्व की माप परोक्ष रूप से होती है। प्रक्षेपण का अर्थ किसी छिपी हुई वस्तु अथवा तथ्य का प्रकट होना होता है। इस विधि द्वारा व्यक्ति के अचेतन स्तर पर दबी हुई आन्तरिक भावनाओं का मापन किया जाता है। कथानक सम्प्रत्यक्षण परीक्षण एक प्रकार का प्रक्षेपी मनोवैज्ञानिक परीक्षण हैं। जिसका निर्माण मुरे ने 1935 में हारवॉर्ड विश्वविद्यालय, अमेरिका में किया। 1938 में मॉर्गन के साथ मिलकर इस परीक्षण का संशोधित रूप प्रस्तुत किया। इस परीक्षण को अर्न्तबोध परीक्षण तथा प्रसंग परीक्षण भी कहा जाता है।

**17.** (D) स्कूलों को व्यक्तिगत विभिन्नता का ध्यान रखना चाहिए ताकि वे जान सके कि छात्र सीखने में असमर्थ या समर्थ क्यों हो रहा है। यह जानकर छात्रों की विविध शिक्षण

आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विभिन्न शिक्षण विधियों का उपयोग किया जा सकता है।

**18.** (A) एक व्यक्ति में एक समय पर दो विपरीत इच्छाओं का होना द्वन्द्व कहलाता है। द्वन्द्व विचारधारा, व्यक्तित्व, क्षमता लक्ष्यों और मूल्यों के अंतर का एक अनिवार्य परिणाम है।

**19.** (B) प्रतिभाशाली बालक अभिव्यक्ति में नव्यता रखते हैं तथा जिज्ञासु प्रवृत्ति के होते हैं। इनकी ज्ञानेन्द्रियाँ प्रखर होती हैं। ये स्पष्ट रूप से सोचने, अर्थों को समझने और सम्बन्धों को पहचानने में श्रेष्ठ होते हैं। मनोवैज्ञानिक के अनुसार 140 से अधिक बुद्धि–लब्धि वाले बालक प्रतिभाशाली होते हैं।

**20.** (B) शिक्षार्थी केंद्रित पाठ्यक्रम शिक्षार्थियों/बच्चों को केंद्र में रखता है और शिक्षार्थियों के अनुभवों और जरूरतों को प्रधानता देता है। यह दृढ़ता से विश्वास रखता है कि जब बच्चों को अपनी गति से काम करने की स्वतंत्रता दी जाती है, तो वे अवधारणाओं को कुशलता से आत्मसात करने की क्षमता विकसित करते हैं। यह अन्वेषण, अवलोकन और जांच के महत्व पर बल देता है। यह अनुभवात्मक अधिगम, समस्या–समाधान, अवधारणा मानचित्रण और रचनात्मक लेखन जैसी विधियों का उपयोग करता है।

**21.** (D) विक्षिप्त भय और चिंता से मुक्ति ऐसी स्थितियां हैं जो समायोजन को बढ़ावा देती हैं। समयोजन वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा एक व्यक्ति अपने और अपने पर्यावरण के बीच अधिक सामंजस्यपूर्ण संबंध लाने के लिये अपने व्यवहार को बदलता है।

**22.** (D) मूल्यांकन का उद्देश्य उस सीमा तक प्रतिपुष्टि प्रदान करना है जहाँ तक हम उत्पादनशील जीवन के लिए शिक्षा प्रदान करने में सफल रहे हैं। मूल्यांकन का एक प्रमुख उद्देश्य शिक्षार्थी के अधिगम की कमजोरियों तथा उसके कारणों का पता लगाना होता है। इस प्रक्रिया को निदान कहा जाता है। इससे शिक्षक को कमजोर विद्यार्थियों हेतु उपयुक्त उपचारात्मक पाठ्यक्रम एवं पाठ्य–वस्तु के निर्माण में सहायता मिलती है।

**23.** (C) आर.टी.आई. 2009 के मानक के अनुसार शिक्षकों के लिए प्रति सप्ताह कार्य के निर्धारित घंटे 45 हैं। आर.टी.आई. अधिनियम 2009 के अनुसार छात्र–शिक्षक अनुपात 30 : 1 होना सुनिश्चित किया गया है। इसका उद्देश्य 6-14 वर्ष के सभी बच्चों को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा प्रदान करना है।

**24.** (B) भारत के राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा 2005 में एक शिक्षक से यह अपेक्षा की गई है कि वह बच्चों के सीखने में एक सहायक हो, जिससे बच्चों को ज्ञान का निर्माण करने में मदद मिले। अतः एक शिक्षक की भूमिका सुविधादाता की होनी चाहिये। एक शिक्षक वह होता है जो एक अन्वेषक, क्रियात्मक अनुसंधानकर्ता, योजनानिर्माता, प्रबंधक, विषयवस्तु प्रदाता सुविधादाता, रोल मॉडल, नेता, सहनिर्माता आदि जैसी विविध भूमिकाओं का निर्वहन करता है।

**25.** (C) क्रियात्मक अनुसंधान का अर्थ है कि एक शोध जिससे तत्काल समस्या को हल किया जा सके। क्रियात्मक अनुसंधान एक प्रक्रिया है जिसका उद्देश्य मौलिक समस्याओं का अध्ययन करके नवीन तथ्यों की खोज करना, जीवन सत्य की स्थापना करना तथा नवीन सिद्धान्तों का प्रतिपादन करना है। स्टीफन एम. कोरे जो कोलंबिया विश्वविद्यालय के प्रोफेसर थे, ने 1953 में क्रियात्मक अनुसंधान का शिक्षा की समस्याओं के लिए सर्वप्रथम प्रयोग किया। अतः स्टीफन एम. कोरे को क्रियात्मक अनुसंधान के जनक या प्रवर्तक के रूप में देखा जा सकता है।

**26.** (C) प्रश्नगत् स्थिति में रवि को डिस्लेक्सिया होने की अधिक संभावना है। डिस्लेक्सिया सीखने में विशेष तरह की कठिनाई का एक प्रकार है जो मुख्य रूप से पढ़ने और शब्दों की वर्तनी की क्षमता को प्रभावित करता है। डिस्लेक्सिया वाले व्यक्ति को सीखने के उचित अवसर मिलने के बावजूद शब्दों को समझने में कठिनाई होती है।

**27.** (D) एक चिंतनशील शिक्षक कक्षा कक्ष में ऐसी परिस्थिति उत्पन्न करता है, जिससे छात्रों और शिक्षक में पारस्परिक अंतर क्रिया को प्रोत्साहन मिले। चिंतनशील शिक्षक छात्रों में संस्कारिक नैतिकता, लोकतांत्रिक सिद्धान्तों, जागृत कल्पना, विलक्षण और रचनात्मकता को जागृत करते हैं। एक चिंतनशील शिक्षक कक्षा के वातावरण को लचीला बनाता है।

**28.** (D) बार–बार बच्चों को सजा से बचने या इनाम पाने के लिए सीखने की गतिविधियों में संलग्न होने के लिए कहना बच्चों की प्राकृतिक रुचि और सीखने में शामिल होने की जिज्ञासा को कम करता है। यह बच्चों पर एक नकारात्मक प्रभाव डालता है तथा वे लालच की प्रवृत्ति में आकर गतिविधियों में सम्मिलित होने का प्रयास करते हैं। जबकि शिक्षक का प्रयत्न होना चाहिए कि वह सभी बच्चों में आकलन के प्रति रुचि जागृत करके शिक्षण प्रक्रिया को पूर्ण कराये।

**29.** (D) एक उत्तम परीक्षण की विशेषताओं से अभिक्षमता भिन्न है। एक उत्तम परीक्षण की विशेषताओं के अंतर्गत विश्वसनीयता, वैधता, वस्तुनिष्ठता, व्यापकता, विवेधीकरण, कठिनाई स्तर, सहजता आदि सम्मिलित होती हैं।

**30.** (D) अपसारी चिंतन सृजनात्मकता की प्राथमिक विशेषता है क्योंकि यह कई संभावित समाधानों की खोज करके किसी समस्या को हल करने की विधि को संदर्भित करता है। यह इस विचार पर बल देता है कि किसी भी समस्या के लिए एक असीमित दृष्टिकोण होता है। सृजनात्मकता का उपयोग करके मुक्त–अंत वाले प्रश्नों को हल करने का कार्य किया जा सकता है।

## हिन्दी भाषा–I

**31.** (D) 'सदैव' शब्द का उचित संधि विच्छेद 'सदा + एव (आ + ए = ऐ)' होगा। यह वृद्धि संधि का उदाहरण है। संधि करते समय जब अ, आ के साथ ए, ऐ हो तो 'ऐ' बनता है और जब अ, आ के साथ ओ, औ हो तो 'औ' बनता है, यही वृद्धि संधि का नियम हैं।

**32.** (D) विष शब्द का पर्यायवाची शब्द गरल होगा। विष के अन्य पर्यायवाची शब्द हैं–जहर, हलाहल, कालकूट, माहुर। अन्य शब्दों के पर्यायवाची हैं, आदित्य, लेख, देवता, सुर, देव, अमर, अर्नव। जलधाम, अकूपाद, समुद्र, सागर पयोधि, उदधि, पारावर, नदीश, जलधि, वारिधि, नीरनिधि उरग सांप, सर्प, नाग, विषधर, व्याल, भुजंग, अहि।

**33.** (D) विरोधी शब्द का विलोम 'समर्थक' होगा तथा शेष विकल्प असंगत है।

**34.** (C) गद्यांश में सन्निहित पंक्ति 'ऐसे लोगों की भी संख्या मिलेगी जो अपनी मनोदशा से त्रस्त हो जाते हैं।' में प्रयुक्त 'मनोदशा शब्द' से आशय 'मन की दशा' से है।

**35.** (C) मनुष्य शब्द एक जातिवाचक संज्ञा है। जिसे शब्द से किसी प्राणी या वस्तु की समस्त जाति का बोध होता, उन शब्दों को जातिवाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे–घोड़ा, फूल, मनुष्य, वृक्ष इत्यादि।

**36.** (D) गद्यांश में सन्निहित पंक्ति धरती माता की कोख में जो अमूल्य निधियाँ भरी पड़ी हैं, उन्हीं के कारण वह वसुंधरा कहलाती है, में प्रयुक्त अमूल्य शब्द का अर्थ है, जिसका मूल्य न आंका जा सके। अमूल्य शब्द को अनमोल, बहुमूल्य, मूल्यवान, बेशकीमती, श्रेष्ठ, उत्तम आदि भी कहा जाता है।

**37.** (C) शब्द निधियाँ का एकवचन निधि होगा।

**38.** (B) दिए गए वाक्य उन्हीं के कारण पृथ्वी मातृभूमि की संज्ञा प्राप्त करती है, मैं सामान्य वर्तमान काल है। जिस क्रिया से क्रिया के सामान्य रूप का तथा वर्तमान में होने का पता चलता है, उसे सामान्य वर्तमान काल कहते हैं।

**39.** (C) *भाव* शब्द का अर्थ है—मन में उत्पन्न होने वाला विचार या ख्याल। 'भाव' शब्द 'पुल्लिंग' है। जिन संज्ञा शब्दों से पुरुष जाति का बोध होता है, उसे पुलिंग कहते हैं। जैसे—लड़का, आदमी, घोड़ा, शेर, बकरा, राजा, कुत्ता, पेड़, सिंह, बैल, घर आदि।

**40.** (D) 'अचेतन' शब्द का अर्थ है—निर्जीव। अ + चेतन = अचेतन होगा। यहाँ 'अ' (नहीं) एक उपसर्ग और 'चेतन' मूलशब्द है। अचेतन के अन्य अर्थ : बेहोश, बेसुध, निर्जीव, अज्ञानी आदि है।

**41.** (C) वाक्य के दो अंग होते हैं, जिनमें से एक उद्देश्य और दूसरा विधेय होता है। वाक्य में प्रयुक्त कर्ता को उद्देश्य कहते हैं, अर्थात् वाक्य में जिसके बारे में चर्चा की जाती है, उसे उद्देश्य के रूप में गिना जाता है। कर्ता के विस्तारक को भी उद्देश्य में गिना जाता है। जैसे—राम का भाई श्याम रोज पढ़ता है। इस वाक्य में "श्याम" कर्ता है और "राम का भाई" कर्ता विस्तारक है, अर्थात् इस वाक्य में "श्याम" और "राम के भाई" उद्देश्य हैं। वाक्य में उद्देश्य के बारे में जो भी चर्चा की जाती है, उसे विधेय कहते हैं।

**42.** (C) प्रश्न में दिए गए विकल्पों में से रचना के आधार पर वाक्य का प्रकार संयुक्त वाक्य है। रचना के आधार पर वाक्य के भेद निम्न होते हैं—सरल वाक्य, संयुक्त वाक्य, मिश्र वाक्य।

**43.** (B) दो शब्दों को जोड़ने के लिए जिस विराम चिह्न का प्रयोग किया जाता है, उसे योजक चिह्न कहते हैं; जैसे—आना–जाना। भाषा के लिखित रूप में विराम या ठहराव को सूचित करने वाले संकेत चिह्नों को विराम चिन्ह कहते हैं। विराम चिह्न का अर्थ ठहराव होता है।

**44.** (C) 'ढाक के तीन पात' मुहावरे का सही अर्थ सदा एक सी स्थिति में बने रहना होता है।

**45.** (A) 'घड़ों पानी पड़ना' मुहावरा का अर्थ है 'बहुत लज्जित होना'। जबकि टोपी उछालना का सही अर्थ है—अपमानित करना, घोड़े बेचकर सोने का अर्थ है, गहरी नींद सोना तथा डंका बजाना का अर्थ है—प्रभाव जमाना।

**46.** (D) किण्डरगार्टन शिक्षण विधि के संबंध में सही कथन यह है कि भाषा के व्याकरण एवं साहित्य की शिक्षा इस विधि से नहीं की जा सकती। शिक्षण की किण्डरगार्टन प्रणाली एक जर्मन शिक्षाशास्त्र 'फ्रेडरिक फ्रोबेल' द्वारा प्रस्तावित की गयी है। इस विधि में, फ्रोबेल ने बच्चों को पौधों के रूप में और शिक्षकों को बागवान के रूप में चित्रित किया क्योंकि शिक्षक आशावादी होते हैं जो युवा अंकुर को बढ़ने और खिलने की क्षमता को बढ़ावा दे सकते हैं। इस विधि का उद्देश्य सहयोगात्मक वातावरण में अपनी गति से उचित गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को एक समृद्ध, सार्थक और संतुलित शिक्षा प्रदान करना है। यह बच्चे को स्वस्थ रखने के लिए विकास और वृद्धि के शारीरिक सिद्धान्त पर आधारित है और बच्चे के समग्र विकास और विषय की समझ को अधिक प्रभावी बनाने में सक्षम बनाता है।

**47.** (D) भाषा शिक्षण के संदर्भ में वैयक्तिक अनुदेशन प्रणाली की सीमाएँ यह है कि यह प्रणाली अधिक विद्यार्थियों वाली बड़ी कक्षा में अध्यापन के लिए उपयोगी नहीं है। यह एक ऐसी प्रणाली है जिसमें अनुदेशन के वैयक्तिकरण पर अत्यधिक बल दिया जाता है और अनुदेशन को छात्रों की योग्यता, रुचि और आवश्यकता के अनुरूप बनाने के प्रयास किये जाते हैं। अतः कहा जा सकता है कि व्यक्तिगत अनुदेशन प्रणाली वह प्रणाली है जिसमें सामूहिक शिक्षण के सभी गुण तथा विशेषताएँ समाहित करके व्यक्तिगत अनुदेशन प्रदान किया जा सकता है। इसमें मास्टरी लर्निंग तथा अभिक्रमित अनुदेशन की विशेषताओं को समाविष्ट किया जाता है।

**48.** (D) *कलात्मक प्रयोजना* परिवीक्षित अध्ययन उपागम का सोपान नहीं है। पर्यवेक्षित अध्ययन वह शिक्षण विधि है, जिसके द्वारा छात्र अध्यापक के कुशल निरीक्षण तथा निर्देशन में स्वाध्याय द्वारा विषय को समझने और उसमें कुशलता प्राप्त करने का प्रयत्न करता है। पर्यवेक्षित अध्ययन विधि के उपागम के चार सोपान होते हैं। इस विधि में अध्यापक व विद्यार्थी दोनों सक्रिय रहते हैं।

**49.** (A) विद्यार्थी की सीखने संबंधी कठिनाइयों को दूर करते हुए करवाए जाने वाला शिक्षण सूक्ष्म शिक्षण कहलाता है। सूक्ष्म शिक्षण एक ऐसी शिक्षक–शिक्षण विधि है जो कक्षा–अध्यापन की जटिलता तथा विस्तार से घटाकर उन्हें लघु रूप देती हैं एवं शिक्षण कौशलों तथा निपुणताओं के उन्नयन के लिए कार्य करती है। इसका प्रयोग शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों के व्यवहार परिवर्तन हेतु भी किया जाता है।

**50.** (C) भाषा के चार कौशल हैं—श्रवण कौशल (सुनना), पठन कौशल (पढ़ना), मौखिक अभिव्यक्ति कौशल (बोलना) एवं लेखन कौशल (लिखना)। प्रथम दो कौशल ग्राह्यात्मक कौशल एवं अन्तिम दो कौशल अभिव्यक्तात्मक कौशल हैं। सुनकर एवं पढ़कर अर्थ ग्रहण किया जाता है, जबकि बोलना एवं लिखना अभिव्यक्ति में सहायक हैं। अर्थात् भाषा कौशलों में से अभिव्यक्ति कौशल बोलना और लिखना है।

**51.** (C) अनुलेख लेखन भाषा कौशल से संबंधित है। किसी आदर्श लिखावट का जैसा का तैसा अनुकरण, अनुलेख कहलाता है। जबकि प्रतिलेख में छात्र स्वतंत्र रूप से किसी पुस्तक या पत्र–पत्रिका के किसी भाग का अनुकरण करके अपनी कॉपी में लिखता है साथ ही श्रुतिलेख सुना हुआ लेख है। इसमें अध्यापक बोलता जाता है और छात्र सुनकर बोली हुई सामग्री को लिखता है।

**52.** (D) सस्वर वाचन का गुण ध्वनि निर्गत करना है। सस्वर वाचन के अन्य गुण ध्वनियों का ज्ञान, उपयुक्त बलाघात, उच्चारण की शुद्धता, विराम चिह्न, स्पष्टता, प्रवाह, अर्थ की प्रतीति, वाचन की मुद्रा, स्वर में रसात्मकता, रुचि आदि हैं। जब लिखित भाषा में व्यक्त भावों एवं विचारों को समझने के लिए ध्वन्यात्मक उच्चारण करके पढ़ते हैं, तो वह सस्वर वाचन कहलाता है। सस्वर वाचन के दो भेद आदर्श वाचन व अनुकरण वाचन हैं।

**53.** (B) बेसिक शिक्षा मूल रूप से व्यावहारिक होती है तथा बालक एक साथ अनेक विषयों का ज्ञान प्राप्त कर लेता है। इसके अंतर्गत पहले बच्चों को कहानी तथा बातचीत के माध्यम से मातृभाषा का ज्ञान कराया जाता है। बेसिक शिक्षा क्रियाओं तथा अनुभवों

पर आधारित है। इसलिए इसका ज्ञान कम समय में ही हो जाता है। इसमें प्राकृतिक वातावरण, सामाजिक वातावरण तथा हस्तकला के माध्यम से अनेक विषयों का ज्ञान बालकों को कराया जाता है। बालक अपनी रुचि के अनुसार हस्तशिल्प का चयन करता है। अतः यह कहना उचित होगा कि बेसिक शिक्षा प्रणाली में भाषा की शिक्षा सामाजिक पर्यावरण के माध्यम से दी जा सकती है।

**54.** (A) सर्वप्रथम सरल तथा समान आकृति के वर्णों को लिखवाना प्रारंभ कराएँ। उल्लेखित तथ्य प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों हेतु उपयुक्त है। प्राथमिक स्तर पर बारी–बारी से हर अक्षर और शब्द को पढ़कर अध्ययन करने से छात्र अच्छी तरह जान जाते हैं कि शब्द कैसे बनते हैं और हर शब्द का मतलब क्या होता है।

**55.** (D) लिंग्वाफोन (रिकॉर्ड प्लेयर) एक प्रकार की श्रव्य अधिगम सामग्री है। लिंग्वाफोन एक ऐसा उपकरण है जिसमें हम उपकरण से कोई भाषा ध्यान से सुन कर सीखते हैं। श्रव्य उपकरण का अर्थ हे, ऐसी अधिगम सहायक सामग्री जिसमें केवल कानों का प्रयोग करके शिक्षण को सहज बनाया जाता है। उदाहरण—मौखिक प्रश्नोत्तर, रेडियो, टेपरिकॉर्डर, लिंग्वाफोन, भाषा-प्रयोगशाला, ऑडियो कॉन्फ्रेंसिंग, ग्रामोफोन आदि।

**56.** (B) मौखिक मूल्यांकन के संबंध में उपयुक्त कथन यह है कि मौखिक मूल्यांकनकर्ता निष्ठावान, सहनशील और विषय विशेषज्ञ होना चाहिए। मौखिक मूल्यांकन का प्रयोग ग्लेडाइट्स ने प्रारंभ किया था। इसके बाद विश्व प्रसिद्ध यूनानी दार्शनिक सुकरात ने मौखिक परीक्षा प्रणाली को अधिक महत्व दिया। मौखिक रूप से प्रश्न करके मूल्यांकन करने का उद्देश्य अधिगमकर्ता की तत्काल अभिव्यक्ति तथा क्रियाशीलता की जाँच करना है।

**57.** (A) मूल्यांकन प्रणाली को यदि उचित रीति से प्रयोग में लाया जाये तो यह पाठ्यक्रम, शिक्षण विधियों तथा छात्रों के मार्गदर्शन में सुधार लाने में समर्थ हो सकती है तथा इस प्रकार शिक्षण प्रक्रिया को एक नवीन दिशा प्रदान की जा सकती है। माइकेलिस के अनुसार, "मूल्यांकन उद्देश्य की प्राप्ति की सीमा का निर्धारण करने वाली प्रक्रिया है।"

**58.** (D) सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन का दोष यह है कि यह प्रणाली तभी लागू की जा सकती है जब विद्यार्थी शिक्षक अनुपात कम हो। सतत और व्यापक मूल्यांकन छात्रों की विद्यालय-आधारित मूल्यांकन की एक प्रणाली है। 2009 में भारत के शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत यह एक अनिवार्य मूल्यांकन प्रक्रिया है। सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन बच्चों के समुचित विकास का निरंतर और नियमित आकलन है जिसमें विकास के सभी पहलुओं का विभिन्न विधियों व उपकरणों द्वारा व्यापक आकलन किया जाता है।

**59.** (D) उपलब्धि परीक्षण के निर्माण में चार पदों का प्रयोग किया जाता है। उपलब्धि परीक्षण में सामान्यतया ज्ञानात्मक पक्ष के चार उद्देश्य को लिया जाता है और उनके अनुसार अंक प्रभार प्रदान किया जाता है। ज्ञान, अवबोध, ज्ञानोपयोगी और कौशल इन चार उद्देश्यों का मापन सुगमता से किया जा सकता है।

**60.** (D) भाषा प्रयोगशाला के अनुभाग में विश्राम कक्ष सम्मिलित नहीं है। भाषा प्रयोगशाला, आधुनिक भाषा शिक्षण द्वारा भाषा कौशल के विकास के लिए प्रयोग किया जाने वाला एक नवीन डिजिटल तकनीकी स्रोत है। इसमें कम्प्यूटरीकृत वातावरण के माध्यम से भाषा शिक्षण को अत्यन्त व्यापक रूप प्रदान किया जाता है। भाषा प्रयोगशाला में माइक्रोफोन, टेप रिकॉर्डर, वीडियो रिकॉर्डर, हार्डकॉपी, सॉफ्टकॉपी जैसे अन्य उपकरणों की मदद से भाषा शिक्षण का कार्य होता है।

## हिन्दी भाषा–II

**61.** (C) गद्यांश में सन्निहित पंक्ति इस प्रकार का प्रतिबंध समाज की सुख-शांति के लिए बहुत आवश्यक है, में प्रयुक्त शब्द समूह सुख-शांति में द्वंद्व समास है। जहाँ दोनों पद प्रधान होते हैं वहाँ द्वंद्व समास होता है। द्वंद्व समास का विच्छेद करने पर जब योजक चिह्न का लोप होता है।

**62.** (A) उपर्युक्त गद्यांश में सन्निहित अनुचित शब्द में अन उपसर्ग होगा। उपसर्ग ऐसे शब्दांश जो किसी शब्द के पूर्व जुड़कर उसके अर्थ में परिवर्तन कर देते हैं या उसके अर्थ में विशेषता ला देते हैं। उदाहरण : प्र + हार = प्रहार, 'हार' शब्द का अर्थ है—पराजय।

**63.** (D) स्वार्थियों शब्द का एकवचन स्वार्थी होगा। (स्वार्थी = स्व + अर्थी)। अर्थात स्वार्थपरायण, मतलबी, खुदगरज आदि होते हैं।

**64.** (C) परपीड़कोन्मुख का सन्धि–विच्छेद 'परपीड़क + उन्मुख है।' परपीडकोन्मुख शब्द में गुण संधि है। गुण संधि में संधि करते समय अ, आ के बाद इ, ई हो तो "ए" बनता है। जब अ, आ के बाद उ, ऊ आए तो 'ओ' बनता है। जब अ, आ के बाद ऋ आए तो 'अर' बनता है। जैसे—ऊष्मा + ईश = ऊमेश (आ + ई = ए)।

**65.** (B) 'खल' शब्द का अर्थ है—'दुष्ट'। खल शब्द के अर्थ दुर्जन, अधम, नीच आदि भी होते हैं। जबकि चालाक का अर्थ है—चालबाज; धूर्त, छलिया, चतुरः, होशियार, दक्ष और सज्जन का अर्थ है—शरीफ, भला तथा साधू का अर्थ है—'सज्जन व्यक्ति'।

**66.** (C) दिए गए पद्यांश में सन्निहित पंक्ति उलटे हरि को बाँधने चला' में दुर्योधन हरि को बांधने की बात कर रहा है, जोकि एक असाध्य कार्य है।

**67.** (C) प्रस्तुत पद्यांश की पंक्ति जब नाश मनुज पर छाता है' में स्पष्ट है कि मनुष्य पर नाश के छाने से मनुष्य का विवेक नष्ट हो जाता है। अर्थात् मनुष्य की मति भ्रष्ट हो जाती है।

**68.** (B) प्रस्तुत पद्यांश की पंक्ति "डगमग'' दिग्गज डोले" में नाद सौंदर्य प्रतीत होता है। अर्थात् श्रीकृष्ण ने अपना विराट स्वरूप दिखाया। इससे दिग्गज यानि महान व्यक्ति डगमगाने लगे। शब्दों का ऐसा प्रयोग जिससे कविता के किसी विशेष भाव या दृश्य में ध्वन्यात्मक प्रभाव पैदा हो, नाद सौंदर्य कहलाता है।

**69.** (A) प्रस्तुत पद्यांश में प्रयुक्त भाषा संस्कृत निष्ठ हिन्दी है। संस्कृत निष्ठ भाषा ही हमारे लेखन का आधार है।

**70.** (D) प्रस्तुत पद्यांश में मुख्यतः हरि की विराट शक्ति वर्णित की गयी है। कविता में मुख्यतः श्रीकृष्ण की लीला अर्थात् हरि की विराट शक्ति का वर्णन किया गया है।

**71.** (B) 'शालिनी घर से आती है' वाक्य में अपादान कारक होगा। ऐसे शब्द जिनके माध्यम से संज्ञा व सर्वनाम के किसी रूप से दो वस्तुओं का अलग–अलग होता हो, उनको अपादान कारक कहा जाता है। अपादान कारक में 'से' विभक्ति चिह्न का प्रयोग होता है।

**72.** (D) 'छाती पर साँप लोटना' मुहावरे का अर्थ है—ईर्ष्या से हृदय जलना या अत्यन्त ईर्ष्या करना। इस वाक्य का प्रयोग—धीरज की नौकरी में तरक्की होने पर उसके सहकर्मियों की छाती पर साँप लोट गया।

**73.** (D) प्रधान उपवाक्य आश्रित उपवाक्य का भेद नहीं है। जिस वाक्य में जो उपवाक्य किसी पर आश्रित न हो अर्थात् स्वतंत्र हो और उसकी क्रिया मुख्य हो, उसे मुख्य या प्रधान उपवाक्य कहते हैं। उदाहरणः जब वह कोलकाता पहुँचा तब प्रधानमंत्री जा चुके थे।

**74.** (C) 'नंदिनी ने कहा कि मैं जयपुर नहीं जाऊंगी' मिश्र वाक्य का उपयुक्त उदाहरण है। ऐसे वाक्य जिनमें सरल वाक्य के साथ–साथ कोई भी दूसरा उपवाक्य शामिल हो, उन वाक्य को मिश्र वाक्य कहा जाता है। उदाहरणः तुमने जैसा किया वैसा फल मिला।

**75.** (C) थोथा चना, बाजे घना मुहावरे का अर्थ है—वह व्यक्ति जो गुण और विद्या कम होने पर भी आडम्बर करे। वाक्य प्रयोग—हाईस्कूल में दो बार फेल हो चुका रामू बात कर रहा था कि उसे सब कुछ याद है और वह इंटर के छात्रों को भी पढ़ा सकता है। ये तो वही बात हुई—'थोथा चना, बाजे घना'।

**76.** (C) हर्बल द्वारा स्थापित सहसंबंध विधि के इस चिंतन को आगे बढ़ाने का कार्य उनके शिष्य जिलर नामक विद्वान ने किया। जिलर ने सर्वप्रथम सपष्टता को दो भागों में विभक्त किया। 'पाठ की प्रस्तावना' और 'प्रस्तुतीकरण'।

**77.** (D) मोंटेसरी विधि में पढ़ने से पूर्व लिखना सिखाया जाता है। मॉण्टेसरी पद्धति की जन्मदात्री डॉ. मेरिया मॉण्टेसरी थीं। इस विधि के दो बुनियादी सिद्धान्त हैं। पहला, बच्चे और विकासशील व्यस्क अपने परिवेश के साथ बातचीत के माध्यम से मनोवैज्ञानिक आत्म–निर्माण में संलग्न होते हैं। दूसरा, विशेष रूप से छहः साल की उम्र के तहत के बच्चों का मानसिक विकास का एक सहज रास्ता होता है।

**78.** (C) अभिक्रमित अनुदेशन एक क्रमिक लघु पदों का सिद्धान्त है। जिसका लक्ष्य शिक्षा का वैयक्तिकरण करना है। इसमें उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए अधिगम गतिविधियों का एक सुनियोजित क्रम होता है। अभिक्रमित अनुदेशन एक शोध ा–आधारित प्रणाली है जो शिक्षार्थियों को सफलतापूर्वक काम करने में मदद करती है। शिक्षण सामग्री एक प्रकार की पाठ्यपुस्तक या प्रशिक्षण मशीन या कम्प्यूटर में है। लघु चरणों के सिद्धान्त में कार्यक्रमबद्ध अधिगम में, माध्यम पाठ को लघु चरणों में प्रस्तुत किया जाता है ताकि यह शिक्षार्थियों के लिए आसानी से सुलभ हो सके।

**79.** (B) शिक्षकों में शिक्षण कौशल के विकास के लिए प्रशिक्षण दिया जाता है, इस प्रशिक्षण को सूक्ष्म शिक्षण कहते हैं। सूक्ष्म शिक्षण, शिक्षण कौशल विकसित करने के लिए अनुकरण तकनीक की तरह है। जो शिक्षण प्रशिक्षु को शिक्षण कौशल में निपुणता प्राप्त करने में मदद करती है।

सूक्ष्म–शिक्षण उपागम का उद्देश्य एवं लक्ष्य निम्नलिखित है—

- शिक्षक–प्रशिक्षणार्थियों के आत्मविश्वास में वृद्धि करना।
- शिक्षक-प्रशिक्षणार्थियों को एक–एक करके विभिन्न कौशल शिक्षण में निपुणता प्राप्त करना।
- शिक्षक-प्रशिक्षणार्थियों द्वारा जो त्रुटियाँ शिक्षण में की गई हैं उनको दूर करने का पूर्ण अवसर देना।
- शिक्षक-प्रशिक्षणार्थियों को तुरंत ही पृष्ठपोषण देना।

**80.** (D) पारिवारिक पृष्ठभूमि की भाषायी दक्षता भाषा शिक्षण के मूल उद्देशों में भाषायी दक्षताएँ प्राप्त करने का आधार होती हैं।

**81.** (D) द्रुत वाचन मौन वाचन का एक प्रकार है। वाचन दो प्रकार के होते हैं : सस्वर वाचन, मौन वाचन।

जब लिखित सामग्री को बिना आवाज निकाले मन ही मन पढ़ते हैं तो उसे मौन पठन कहते हैं। मौन वाचन दो प्रकार का होता है।

गहन वाचन तथा द्रुत वाचन, जबकि सस्वर वाचन, पठन का एक प्रकार है जो बच्चों द्वारा पाठ को स्वर सहित पढ़ते हुए अर्थ ग्रहण करने से सम्बन्धित है। यह बच्चों में वाचन कौशल का विकास करता है जिससे बच्चे उचित हावभाव के साथ पाठ का वाचन करना सीखते हैं।

**82.** (D) हिंदी भाषा में वर्तनी संबंधी त्रुटियों के अनेक कारण हैं। जैसे—लिपि का सही ज्ञान न होना, उच्चारण की अशुद्धता एवं एकरूपता का अभाव, व्याकरण का अधूरा ज्ञान, व्याकरणिक रूपों में अभिज्ञता, कुछ शब्दों में वर्तनीगत सर्वमान्य एकरूपता का अभाव आदि।

**83.** (B) 'हिंदी' भाषा-शिक्षा के अनेक महत्वपूर्ण उद्देश्यों में से सर्वोपरि है। भाषा का प्रभावी प्रयोग करना। भाषा प्रयोग को व्यवस्थित ढंग से कार्यान्वयन करने के लिए पाठ्यपुस्तक एक महत्वपूर्ण साधन है। हिंदी भाषा की पाठ्य पुस्तक एक भाषा–शिक्षक को यह समझ बनाने में सहायता करती है कि वे किस–किस प्रकार की रोचक सामग्री को एकत्र कर उनका उपयोग कर सकते हैं।

**84.** (C) भाषा सीखने-सिखाने की प्रक्रिया में सबसे कम महत्वपूर्ण 'मानचित्र' है। भाषा सीखने के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण कारक भाषा के प्रयोग के लिए अवसरो की उपलब्धता है। बालक ऐसे परिवेश में सरलता व सहजता से सीखता है, जो भाषा से समृद्ध हो। भाषा का आकलन भी भाषा सीखने–सिखाने की प्रक्रिया में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, आकलन ही भाषा सीखने के उद्देश्यों को आधार प्रदान करता है।

**85.** (B) ग्रामोफोन एक प्रक्षेपक सामग्री नहीं है जबकि यह एक श्रव्य सहायक सामग्री है। प्रक्षेपित सहायक सामग्री प्रक्षेपण का उपयोग करके एक स्क्रीन पर दर्शाया जाने वाला दृश्य होता है। परिचित्रदर्शी, स्लाइड प्रक्षेपक, फिल्म, वीडियो, एपिडाइस्कोप, कॉम्पैक्ट डिस्क या सीडी, कम्प्यूटर और पावरपॉइंट प्रस्तुति आदि प्रक्षेपित सहायक सामग्री के उदाहरण हैं।

**86.** (C) मूल्यांकन के पक्ष में ज्ञानात्मक पक्ष सम्मिलित है। यह शिक्षा में मूल्यांकन का एक घटक है। परीक्षण और मापन की सहायता से मूल्यांकन होता है। मूल्यांकन विशिष्ट परिवर्तनों का एक मात्रात्मक और गुणात्मक अनुमान है।

**87.** (B) मानसिक योग्यता का परीक्षण बुद्धि परीक्षण में किया जाता है। बिने के अनुसार, बुद्धि का अर्थ अच्छी तरह से न्याय करने, अच्छी तरह से तर्क करने और अच्छी तरह से समझने की क्षमता है। 'टर्मन के अनुसार, 'बुद्धि का अर्थ अमूर्त विचारों के संदर्भ में सोचने की क्षमता है।'

**88.** (C) मूल्यांकन का संबंध केवल छात्र की बौद्धिक उपलब्धि से न होकर उसके संपूर्ण व्यक्तित्व से हैं जैसा कि रेमर्स तथा गेज ने कहा है कि, "मूल्यांकन की प्रक्रिया की व्यापकता-छात्र के समस्त व्यक्तित्व पर अपने प्रसार का उल्लेख करती है, न कि सिर्फ उसकी बौद्धिक उपलब्धि का।" किसी वस्तु के मूल्य, गुणवत्ता, महत्व, राशि, डिग्री या स्थिति का मूल्यांकन या परीक्षण या मूल्यांकन करने का कार्य या परिणाम है। मूल्यांकन सही, सुधार, परिवर्तन, रेटिंग या

मूल्य निर्धारण के दृष्टिकोण से किया जाता है। मूल्यांकन का क्षेत्र बहुत व्यापक हैं।

**89.** (D) उपचारात्मक शिक्षण व्यक्तिगत अधिक होता है। उपचारात्मक शिक्षण से तात्पर्य बच्चों की शिक्षण संबंधी कमजोरियों/कठिनाइयों को दूर करते हुए शिक्षण करने से है। यह निदानात्मक शिक्षण से जुड़ा हुआ और विद्यार्थियों की शिक्षण संबंधी कमियों का सही अवलोकन करने में मदद करता है।

**90.** (C) उपचारात्मक शिक्षण मुख्य रूप से दो प्रकार का होता है। ये दो प्रकार निम्न हैं—

**(1) व्यक्तिगत विधि**—प्रत्येक समस्यात्मक बालक पर व्यक्तिगत ध्यान देकर उनकी समस्याओं का व्यक्तिगत समाधान करना।

**(2) सामूहिक विधि**—अनेक बालकों में एक ही प्रकार की समस्या दिखाई देती है तो इस स्थिति में बालकों को समूह बनाकर समस्या का समाधान करना।

## संस्कृत भाषा–I

**31.** (B) प्रश्नानुसारेण "सूर्योदयः" गुण संधि प्रयुज्यते। गुण सन्धि—सूत्र "आद्गुण" से—ए, ओ, अर् अल् आदेश होता है।

**व्याख्या**—(i) अ/आ + इ/ई = ए
गुडाका + ईशः = गुडाकेशः
यथा + इदम् = यथेदम्
धरा + ईश्वरः = धरेश्वरः
(ii) अ/आ + उ/ऊ = ओ
सूर्य + उदयः = सूर्योदयः
जल + ऊर्मिः = जलोर्मिः
(iii) अ/आ + ऋ/ऋ = अर्
वसन्त + ऋतुः = वसन्तर्तुः
उत्तम + ऋणः = उत्तमर्णः
(iv) अ/आ + लृ = अल्
मम + लृकार = ममल्कार
तव + लृकार = तवल्कार

**32.** (A) सम् उपसर्ग।
सम् + जाताः = "सञ्जाताः" पद बनता है। "सञ्जाताः" पद परसवर्ण संधि के "अनुस्वारस्ययीपरसवर्ण" सूत्र से
सम् + जाताः
सं + जाताः = सञ्जाताः पद सिद्ध होता है।
इस प्रश्न में सम् उपसर्ग उचित विकल्प है।

**33.** (C) ल्यप् प्रत्यय।
प्रश्नानुसार "आगत्य" पदे 'ल्यप्' प्रत्यय अस्ति।
**ल्यप् प्रत्यय**—उपसर्ग युक्त धातुओं से जुड़ता है तथा 'ल्यप्' प्रत्यय का 'य' शेष रहता है इस प्रत्यय में ह्रस्व स्वरान्त धातुओं में तुक (त्) का आगम होने पर—आ + गम् धातु + तुकका आगम् + ल्यप् प्रत्यय (उपसर्ग)।
'आगत्य' शब्द बनता है।
'ल्यप् प्रत्यय'—कर/करके अर्थ में पढ़ा जाता है।
जैसे—आ उपसर्ग + श्रि धातु + तुकागम + ल्यप प्रत्यय = 'आश्रित्य'।
वि + जिधातु + तुकागम + ल्यप् प्रत्यय = विजित्य पद बना।

**34.** (D) षष्ठी विभक्ति।
प्रश्नानुसार, "अस्माकम्" पद "अस्मद्" सर्वनाम शब्द रूप में षष्ठीविभक्ति बहुवचन में प्रयुक्त होता है।
जैसे—

| | **एकवचन** | **द्विवचन** | **बहुवचन** |
|---|---|---|---|
| षष्ठी विभक्ति | मम | आवयोः | अस्माकम् |
| सप्तमी विभक्ति | मयि | आवयोः | अस्मासु |

**35.** (B) सर्वप्राचीनम्।
प्रश्नानुसार, "भारतस्य गौरवं सर्वप्राचीनं वर्तते।" इस वाक्य में "सर्वप्राचीनम्" शब्द विशेषण है तथा विशेष्य 'भारतस्य' है।

**36.** (C) कर्मधारयः।
प्रश्नानुसार "महाराजः" पद में कर्मधारय समास है यह तत्पुरुष में समानाधिकरण का ही भेद है—कर्मधारय समास में "विशेषण विशेषण बाहुल्यम्" से पहला पद दूसरे पद की विशेषता बतालाता है।
इसका विग्रह—
"महान् च असौ राजा" होगा।
वीरपुरुषः = वीरः च असौ पुरुषः
कृष्णसर्पः = कृष्णः च असौ सर्पः

**37.** (C) प्रश्नानुसार सदैव पद का सन्धि विग्रह—"सदा + एव" होगा।
वृद्धिसन्धि सूत्र—"वृद्धिरेचि" सूत्र से—
(i) अ/आ + ए/ऐ = ऐ
= अत्र + एव = अत्रैव
अधुना + एव = अधुनैव
(ii) अ/आ + ओ/औ = औ
तण्डुल + ओदनम् = तण्डुलौदनम्
कृष्ण + औत्कण्ठ्यम् = कृष्णौत्कण्ठयम्
"ऐ", "औ" आदेश हो जाता है।

**38.** (C) प्राचीना।
प्रश्नानुसार "नूतना" पद का विलोम "प्राचीना" होगा।
यहाँ 'नूतना' शब्द का अर्थ 'नया' है तथा 'प्राचीना' शब्द का अर्थ है 'पुराना'।

**39.** (D) वैदेशिकाः।
प्रश्नानुसार "वैदेशिकाः अपि चकिताः भवन्ति।" का हिन्दी अनुवाद "विदेशी भी चकित होते हैं।" है इस वाक्य में विशेष्य पद "वैदेशिकाः" है।

**40.** (B) लङ्लकार।
प्रश्नानुसार "अस्य नगरस्य निर्माणं महाराजः जयसिंह अकरोत्।" का हिन्दी अनुवाद "इस नगर का निर्माण महाराजा जयसिंह ने किया।" इस वाक्य के अनुसार रेखांकित पद "अकरोत्" में लङ्लकार (भूतकाल) प्रथम पुरुष एकवचन है तथा "कृ" धातु है। "अकरोत्" पद "कृत" धातु है और यह धातु उभयपदी है।

**लङ्लकार—**

| | **एकवचन** | **द्विवचन** | **बहुवचन** |
|---|---|---|---|
| प्रथम पुरुष | अकरोत् | अकुरुताम् | अकुर्वन |
| मध्य पुरुष | अकरोः | अकुरुतम् | अकरुत |
| उत्तम पुरुष | अकरवम् | अकुर्व | अकुर्म |

**41.** (B) कार्याणि।
प्रश्नानुसार, "उद्यमेन हि सिध्यन्ति कार्याणि न मनोरथैः" यह सूक्ति "हितोपदेश" से ली गई है। इसकी रचना "नारायण पंडित" ने की थी। इस सूक्ति का भावार्थ है—
परिश्रम करने से ही सारे कार्य हो सकते हैं केवल सोचने से नहीं। जैसे—सोते हुए शेर के मुँह में हिरण अपने आप नहीं आता उसे शिकार करने के लिए मेहनत करनी पड़ती है।

**42.** (A) ए, ओ, ऐ, औ।
प्रश्नानुसार, माहेश्वर सूत्रों में "एच् प्रत्याहार" तीसरे व चौथे सूत्र से लिया गया है जिसका मुख्य क्रम—"ए, ओ, ऐ, औ" होगा।
माहेश्वर सूत्र—प्रथम चार सूत्र—
अच् (स्वर)—
1. अ इ उ ण् अक् प्रत्याहार—अ इ उ ऋ लृ
2. ऋ लृ क्
3. ए ओ ङ्
4. ऐ औ च् एच् प्रत्याहार—ए ओ ऐ औ

**43.** (A) माता भोजनं पक्ष्यति।
प्रश्नानुसार "माता भोजनं पचति" का हिन्दी अनुवाद—"माता भोजन पकाती है।" होगा यह वाक्य लट् लकार का है अर्थात् वर्तमान काल।
इस वाक्य को लृट लकार (भविष्य काल) में परिवर्तन करने पर वाक्य—"माता भोजन

पकायेगी" होगा जिसकी संस्कृत–माता भोजनं पक्ष्यति होगी।
यहाँ पच् धातु में लृट लकार में "पच्" के "च" के स्थान पर "क्षय" हो जाता है लृट लकार में रूप चलाते समय।
इसलिए पचति (लट् लकार) पकाती है। पक्ष्यति (लृट लकार) पकायेगी। वाक्य बनेगा।

**44.** (C) अहं त्वं च पठावः।
प्रश्नानुसार–"अहं त्वं च पठामि" का शुद्ध अनुवाद "मैं और तुम पढ़ते हैं।" इस वाक्य के अनुसार इसकी संस्कृत–अहम् त्वम् च पठावः" होगी।
क्योंकि मैं और तुम उत्तम पुरुष के द्विवचन में प्रयुक्त होगा "कर्ता" जिस पुरुष एवं वचन का होता है तो "क्रिया" भी उस पुरुष एवं वचन के अनुसार लगेगी।

**45.** (D) मया देवः दृश्यते।
प्रश्नानुसार "अहं देवं पश्यामि"। का हिन्दी अनुवाद "मै देव को देखता हूँ।" यह वाक्य कर्तृवाच्य का है इस वाक्य का
वाच्य परिवर्तन–"मया देवः दृश्यते" होगा। अर्थात् "मेरे द्वारा देव देखा जाता है।"
वाच्य परिवर्तन करते समय "कर्त्ता"–तृतीया विभक्ति में तथा "क्रिया"–मूल रूप में 'य' लगाकर आत्मनेपदी बनाई जाती है।
पश्यति–दृश्यते में बदल जायेगा।
अहम्–मया में परिवर्तित होगा।

**46.** (A) त्वं पञ्च फलानि आनय।
प्रश्नानुसार ""त्वं पञ्च फलानि आनय। का हिन्दी अनुवाद "तुम पाँच फल लाओ" होगा यही वाक्य शुद्ध है क्योंकि "कर्ता" मध्यम पुरुष एकवचन का है तो "क्रिया" भी मध्यम पुरुष एकवचन की होगी।

**47.** (B) पुत्रः पित्रा सह मन्दिरम् अगच्छत्।
प्रश्नानुसार विकल्प 'B' ही सही है "करण कारक" तृतीया विभक्ति में "सहयुक्तेऽप्रधाने" सूत्र से अप्रधान कर्ता में तृतीया विभक्ति होती है "सह" के योग में सह/साकम् सार्धम्/समम् अर्थात् "साथ" शब्द होने पर तृतीया विभक्ति होगी।

**48.** (A) नृपः राज्यं रक्षिष्यति।
प्रश्नानुसार, "राजा राज्य की रक्षा करेगा" का संस्कृत अनुवाद "नृपः राज्यं रक्षिष्यिति" है।
अर्थात् कर्ता के अनुसार क्रिया का प्रयोग होता है कर्ता जिस पुरुष एवं वचन का है तो क्रिया भी उसी पुरुष एवं वचन की होगी। वाक्य "लृट लकार" से युक्त है।

**49.** (B) "कविषु कालिदासः श्रेष्ठः"। [अनुवाद–कवियों में कालिदास श्रेष्ठ है।]
प्रश्नानुसार "कविषु" पद सप्तमी विभक्ति बहुवचन का है। अतः प्रश्नवाचक 'किम' शब्द पुल्लिग सप्तमी विभक्ति बहुवचन "केषु" शब्द आयेगा।
अर्थात् "केषु कालिदासः श्रेष्ठः"। यहाँ "कविषु" के स्थान पर "केषु" किया गया।

**50.** (A) आगमन्
प्रश्नानुसार "उदाहरण के बाद नियम धारण होता है" अर्थात् "उदाहरण से नियम की ओर" यह आगमन विधि में प्रयुक्त होता है।
विशेष–आगमन विधि में विशेष तथ्य एवं घटनाओं के लक्षण एवं विश्लेषण द्वारा सामान्य नियम व सिद्धान्तों का निर्माण किया जाता है।
आगमन विधि–ज्ञात से अज्ञात की ओर।
विशिष्ट से सामान्य की ओर
मूर्त से अमूर्त की ओर
शिक्षण सूत्रों का प्रयोग होता है।

**51.** (C) प्रश्नोत्तरविधिना।
प्रश्नानुसार, प्राचीन यूनानी दार्शनिक सुकरात महोदय "प्रश्नोत्तर विधि" के द्वारा समाज में उपदेश दिये।
"प्रश्नोत्तर विधि" को "सुकराती विधि" के नाम से भी जाना जाता है।

**52.** (B) प्रत्यक्ष विधि।
प्रश्नानुसार प्रत्यक्ष विधि को निर्बाध के नाम से भी जानी जाती है। इस विधि के अन्य नाम–
प्रत्यक्ष विधि/मातृ विधि/प्राकृतिक विधि/निर्बाध विधि/समातृविधि ये हैं। अर्थात् संस्कृत शिक्षण में मातृविधि के नाम से प्रत्यक्ष विधि जानी जाती है।

**53.** (D) संस्कृत भाषा शिक्षण।
प्रश्नानुसार "कर्णाभ्याम् श्रवणं" मुखेन च भाषणम्" उभावपि आधारः। अर्थात् कानों से सुनना और मुख से बोलने का आधार संस्कृत भाषा शिक्षण में होता है।
अर्थात् किसी भी भाषा को शिक्षण के लिए चार कौशलों का स्वाभाविक क्रम होता है श्रवण, भाषण, पठन एवं लेखन। भाषा शिक्षण के इस स्वाभाविक प्रवृत्ति का उपयोग संस्कृत शिक्षण में सहायक होता है।

**54.** (C) पाठ्यपुस्तकम्।
प्रश्नानुसार भाषा शिक्षण का प्रमुख साधन पाठ्यपुस्तक होता है। क्योंकि इससे बालकों के ज्ञान की सीमा का विस्तार किया जाता है। पाठ्यपुस्तक से ही व्यावहारिक ज्ञान का सम्पादन करने के लिए प्रेरणा दी जाती है तथा छात्रों की कल्पना शक्ति का विकास होता है।

**55.** (B) लेखनम् कौशलम्।
प्रश्नानुसार, भाषा कौशलों में अन्तिम कौशल लेखन कौशल है। संस्कृत भाषा का शिक्षण के लिए कौशलों का स्वाभाविक क्रम श्रवणम्–भाषणम्–पठनम्–लेखनम् है भाषा कौशलों में श्रवणम् तथा भाषणम् "ध्वनि ज्ञान" आधारित कौशल है। पठनम्–लेखनम "लिपिज्ञान" पर आधारित कौशल है सर्वाधिक अर्थग्रहण "पठन कौशल" से होती है। सर्वाधिक अभिव्यक्ति 'लेखन कौशल' से होती है। 'श्रवण कौशल' को प्राथमिक कौशल भी कहते हैं। 'भाषण कौशल' को 'द्वितीयक कौशल' कहा जाता है।

**56.** (A) मौखिक परीक्षया।
प्रश्नानुसार, संस्कृत में मौखिक परीक्षा के द्वारा श्रवण–भाषण–पठन का मूल्यांकन होता है किन्तु 'लेखन कौशल' का मूल्यांकन नहीं होता। लेखन कौशल के द्वारा सर्वाधिक लिखित अभिव्यक्ति होती है। सुनना–बोलना–पढ़ना इन तीनों का मूल्यांकन मौखिक परीक्षा के द्वारा होता है। मौखिक परीक्षा के अन्तर्गत–1. शलाका परीक्षा, 2. शास्त्रार्थ परीक्षा, 3. प्रश्नावली परीक्षा, 4. साक्षात्कार परीक्षा, 5. वाचन परीक्षा, 6. भाषण परीक्षा होती है।

**57.** (B) चतुश्चत्वारिंशत्।
प्रश्नानुसार, 44 को संस्कृत में "चतुश्चत्वारिंशत" कहते हैं।
जैसे–41. एकचत्वारिंशत्
42. द्विचत्वारिंशत्/द्वाचत्वारिंशत्
43. त्रिचत्वारिंशत्/त्रयश्चत्वारिंशत्
44. चतुश्चत्वारिंशत्/चतुःचत्वारिंशत्
45. पञ्चचत्वारिंशत्।
46. षट् चत्वारिंशत्
47. सप्तचत्वारिंशत्
48. अष्टचत्वारिंशत्/अष्टायत्पारिंशत्
49. नवचत्वारिंशत्
एकोनपञ्चाशत्
50. पञ्चाशत्

**58.** (A) श्यामफलकम्।
प्रश्नानुसार, संस्कृत अध्यापन का दृश्य साधनों में सर्वोत्तम साधन "श्यामफलकम्" है। श्यामफलकम् अध्यापक का अभिन्न मित्र 'श्यामफलकम्' अध्यापन की "सहज सुलभ" सहायक सामग्री है।

**59.** (C) वस्तुनिष्ठ परीक्षा।

प्रश्नानुसार "वस्तुनिष्ठ परीक्षा" व्यापक, व्यावहारिक और समय की दृष्टि से मितव्ययी होती है शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों की उपलब्धि एवं विकास के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करने की दृष्टि से वस्तुनिष्ठ परीक्षण महत्वपूर्ण है। इन परीक्षणों के द्व ारा विद्यार्थियों की बुद्धि, अभिवृत्ति तथा ज्ञानार्जन के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त होती है। वस्तुनिष्ठ परीक्षा के तीन प्रकार हैं—1. रिक्तस्थानपूर्ति, 2. सत्यासत्यम्, 3. बहुविकल्पात्मक। वस्तुनिष्ठ परीक्षा विश्वसनीय होती है।

**60.** (B) मूल्यांकन

प्रश्नानुसार, पूर्णतया छात्र के व्यक्तित्व को मापने के लिए 'मुल्यांङ्कन' आवश्यक है। अन्य विकल्पनानुसार दर्शन, भाषण और कथानक के द्वारा छात्र के व्यक्तित्व को नहीं मापा जा सकता है। मुल्यांङ्कन को दो रूपों में व्यक्त किया जाता है। 1. ज्ञानात्मक, 2. गुणात्मक।

## संस्कृत भाषा–II

**61.** (C) 'धनहीनजीवनात्' में विभक्ति पञ्चमी है।

प्रश्नानुसार, "धनहीनजीवनात्" का हिन्दी अनुवाद "धन से हीन जीवन से" से है। इस पद में "पञ्चमी विभक्ति" अपादान कारक "एकवचन" में प्रयुक्त है। प्रस्तुत गद्यांश के अनुसार किसी ग्राम में चार मित्र रहते थे गरीबी से परेशान, धन से हीन जीवन से दु:खी होकर देश से बाहर धनोपार्जन के लिए चारों मित्र जाते हैं।

**62.** (A) प्रश्नानुसार "प्राप्तवन्तः" पद में क्तवतु प्रत्यय प्रत्यय हुआ है। क्तवतु प्रत्यय "भूतकाल" के अर्थ में पढ़ा जाता है।

"क्तक्तवतुनिष्ठा" सूत्र से 'क्त व क्तवतु' प्रत्यय में निष्ठा संज्ञा होती है।

यहाँ "प्राप्तवन्तः" पद में प्र उपसर्ग + आप् धातु + क्तवतु प्रत्यय लगा है।

"आप्" धातु का अर्थ "प्राप्त करना"। 'प्र' उपसर्ग लगने पर "अधिक प्राप्त करना" अर्थ होता है "प्राप्तवन्तः" शब्द पुल्लिङ्ग शब्दरूप—प्रथमा विभक्ति—प्राप्तवान् प्राप्तवन्तौ प्राप्तवन्तः 'पद' बनते हैं।

**63.** (D) वि उपसर्ग।

प्रश्नानुसार "वित्तीय" पद में 'वि' उपसर्ग प्रयुक्त है। "विचार्य" पद में—वि उपसर्ग + चर् धातु + ल्यप् प्रत्यय है। संस्कृत में उपसर्ग "द्वाविंशति" है अर्थात् 22 है। उपसर्ग को प्रादयः। प्रादि के नाम से भी जाना जाता है।

**64.** (B) दारिद्रय + उपहताः।

प्रश्नानुसार, "दारिद्रयोपहता" पद में "गुण सन्धि" है।

"आद्गुण" सूत्र से—

(i) अ/आ + इ/ई = ए

(ii) अ/आ + उ/ऊ = ओ

(iii) अ/आ + ऋ/ॠ = ऋ

(iv) अ/आ + ऌ = अल्

बनते हैं

जैसे—

नरेन्द्रः = नर + इन्द्रः [अ + इ = ए]

सूर्योदयः = सूर्य + उदयः [अ + उ = ओ]

वसन्तर्तुः = वसन्त + ऋतुः [अ + ऋ = अर्]

ममल्कार = मम + ऌकार [अ + ऌ = अल्]

**65.** (D) योगी।

प्रश्नानुसार, "वहाँ एक श्रेष्ठ भैरवानन्द नाम का योगी रहता था" वाक्य में 'योगी' एक 'विशेष्य' पद है।

**66.** (A) शार्दूलविक्रीडितम्।

प्रश्नानुसार प्रस्तुत श्लोक में "शार्दूलविक्रिडितम्" छन्द प्रयुक्त हुआ है। इस छन्द में प्रत्येक पाद में 19 वर्ण होते हैं। 12, 7 के रूप में यति होती है ये वर्ण क्रमशः मगण, सगण, जगण, सगण, तगण, तगण तथा एक गुरू के रूप में होते हैं।

शाहर्दूलविक्रीडितम् का लक्षण—"सूर्याश्वैयदि मः सजौ सततगाः शार्दूलविक्रीडितम्"।

उदाहरण—

माला रम्यतमा वसन्ततिलका सद्वृत्त मुक्तामयी

S S S | 1 1 S | 1 S 1 | 1 1 S | S S 1 | S S 1 | S

मगण सगण जगण सगण तगण लगण गुरु

**67.** (C) श्रीवीरभूमेः + गुणैः।

प्रश्नानुसार, "रीवीरभूमेर्गुणः" पद विसर्ग सन्धि में "ससजुषो रुः" सूत्र से रुत्व विसर्ग अर्थात् "र्" का विसर्ग हुआ।

जैसे—तीथौर्रमणीय = तीर्थौः + रमणीय

गुरोर्वचनम् = गुरोः + वचनम्

शिशुरामच्छत् = शिशुः + आगच्छत्

मनुर्गच्छति = मनुः + गच्छति

**68.** (B) बहुव्रीहिः।

प्रश्नानुसार "सद्वर्णा" पद में बहुव्रीहिः समास है।

इसका विग्रह सद् वर्णा यस्य सः होगा।

जैसे—प्रपर्णः = प्रपतितानि पर्णानि यस्य सः

ऊढरथ = ऊढः रथः येन सः

**69.** (A) शतृ प्रत्यय।

प्रश्नानुसार "हरन्ती" पद में शतृ प्रत्यय है। "शतृ प्रत्यय" "वर्तमान काल" के 'हुए' अर्थ में पढ़ा जाता है "शतृ व शानच" दोनों प्रत्ययों में "सत् संज्ञा" प्रयुक्त होती है। "परस्मैपदी धातु" से ही जुड़ता है।

जैसे—हृ + शतृ = हरन् हरन्ती हरत्।

कृ धातु + शतृ = कुर्वन् कुर्वन्ती कुर्वत्।

कथ धातु + शतृ = कथयन् कथयनती कथयत्

स्था धातु + शतृ = तिष्ठन् तिष्ठन्ती तिष्ठत्

दृश् धातु + शतृ = पश्यन् पश्यन्ती पश्यत्

**70.** (B) स्त्रीलिङ्ग।

प्रश्नानुसार "माला" पद "स्त्रीलिङ्ग" है। यह पद "आकारान्त" स्त्रीलिङ्ग ''एवचन'' है।

**71.** (B) कण्ठोष्ठम्।

प्रश्नानुसार, "औ" वर्ण "ओदौतोः कण्ठोष्तम्" सूत्र से इसका उच्चारण स्थान "कष्ठोष्ठम्" होगा।

"ओ" और "औ" वर्ण दोनों का उच्चारण स्थान "कण्ठोष्ठ" है।

**72.** (A) य् र् ल् व्।

प्रश्नानुसार—"अन्तःस्थ वर्ण"—य् र् ल् व् है।

संस्कृत भाषा में **स्पर्श व्यंजन**—क वर्ग, च वर्ग, ट वर्ग, त वर्ग, प वर्ग (25 वर्ण)।

स्पर्श व्यंजन को उदित वर्ण, वर्गीय व्यंजन, स्प्रष्टम् इत्यादि नामो जाना जाता है।

अन्तःस्थ व्यंजन—य् व् र् ल् = (4 वर्ण)

इन्हें ईषत् स्पृष्टम्, अन्तःस्थ व्यंजन, यण प्रत्याहार भी कहते हैं।

ऊष्म व्यंजन—श् ष् स् ह् (4 वर्ण)

इन्हें ईषत् विवृत्तम्, ऊष्म व्यंजन, शल् प्रत्याहार के नाम से भी जाना जाता है।

**73.** (D) दोषागुणाः।

प्रश्नानुसार, "संसर्गजाः दोषगुणाः भवन्ति।" सूक्ति का अर्थ किसी के संग रहने से दोष या गुण उत्पन्न होते हैं।

**भावार्थ**—शास्त्रों में भी कहा गया है कि यह वास्तविक स्थिति है कि संग से दोष या गुण उत्पन्न होते हैं जैसा संग वैसा मन। यदि बुरे विचार वालों के साथ रहेंगे तो बुरा विचार सीखेंगे यदि अच्छे विचार वालों के साथ रहेंगे तो अच्छा सीखेंगे। उपर्युक्त विकल्पानुसार "D" विकल्प "दोषगुणाः" ही उचित है।

**74.** (D) चतुश्चत्वारिंशत्।

प्रश्नानुसार, “44” को संस्कृत में चतुश्चत्वारिंशत कहते हैं।
जैसे–
41. एकचत्वारिंशत
42. द्विचत्वारिंशत्/द्वाचत्वारिंशत्
43. त्रिचत्वारिंशत्/त्रयश्चत्वारिंशत्
44. चतुश्चत्वारिंशत्
45. पञ्चचत्वारिंशत्
46. षट्चत्वारिंशत्
47. सप्तचत्वारिंशत्
48. अष्टचत्वारिंशत्/अष्टाचत्वारिंशत्
49. नवचत्वारिंशत्/एकोनपञ्चाशत्
50. पञ्चाशत्।

**75.** (C) सार्धसप्तवादने।
प्रश्नानुसार प्रातः 7.30 वादने को संस्कृत में "सार्धसप्तवादने" कहा जाता है।
जैसे– 7.00 = सप्तवादने
विशेषः– 7.15 = सपादसप्तवादने।
7.30 = सार्धसप्तवादने।
7.45 = पादोन सप्तवादने।

**76.** (C) माहेश्वर सूत्रों में अच् वर्ण 'नव' होते हैं।
माहेश्वर सूत्रों में प्रथम चर सूत्रों में "अच्" (स्वर) को स्थान दिया गया तथा अन्तिम दस सूत्रों में 'हल' (व्यंजन) को स्थान दिया गया।
जैसे–प्रथम चार सूत्र–
1. अ इ उ ण्
2. ऋ लृ क्
3. ए ओ ङ्
4. ऐ औ च्
प्रथम 'अ' से लेकर 'च्' तक के वर्ण अच् कहलाते हैं। हलन्त वर्णों की गणना नहीं करते इसलिए = अ इ उ ऋ लृ ए ओ ऐ औ = (9) नव होते हैं।

**77.** (C) त्वं क्या दृश्यसे।
प्रश्नानुसार, "अहं त्वां पश्यामि" वाक्य का हिन्दी अनुवाद "मैं तुमको देखता हूँ" है इसका वाच्य परिवर्तन "त्वं क्या दृश्यसे" वाक्य का हिन्दी अनुवाद–"मेरे द्वारा तुम्हें देखा जाता है" होगा।
यहाँ कर्त्ता को तृतीया विभक्ति तथा क्रिया मूलरूप में 'य' लगाकर आत्मनेपद बनाया गया है यह कर्मवाच्य बना।

**78.** (A) सः गुरुं प्रणमति।
प्रश्नानुसार "सः गुरवे प्रणमति" वाक्य में 'गुरवे' पद अनुचित है।
जब उपसर्ग सहित "नम् धातु" क्रिया के रूप में प्रयुक्त होती हैं तो वहाँ "द्वितीया विभक्ति" होती है। लेकिन "नमः" अव्यय पद होता तो वहाँ 'गुरु' में चतुर्थी विभक्ति लगाते।
जैसे–गुरवे नमः, देवाय नमः
यहाँ चतुर्थी विभक्ति–"चतुर्थी विभक्ति"–नमः स्वास्ति स्वाहा स्वधा अलं वषट् योगाच्य सूत्र से चतुर्थी वि. होगी।
ये सभी पद अव्यय है।

**79.** (D) अहं ह्यः चित्रपटम् अपश्यम्।
प्रश्नानुसार "अहं ह्यः चित्रपटं दृक्ष्यामि" वाक्य अशुद्ध है इस वाक्य में "ह्यः" अव्यय पद का अर्थ "बीता हुआ कल" है और क्रिया दृश् धातु की "लृट लकार" (भविष्यत् काल) की लगी हुई है इसलिए "ह्यः" के अनुसार क्रिया "लङ् लकार" (भूतकाल) में "अपश्यम्" उत्तम पुरुष एकवचन में प्रयुक्त होगी।
जैसे–अद्य = आज
परश्वः = परसों (आने वाला)
श्वः = आने वाला कल
ह्यः = बीता हुआ कल
परह्यः = बीते हुए से बीता हुआ कल (एक दिन और पहले)

**80.** (D) मनः सत्येन शुध्यति।
प्रश्नानुसार, "मन सत्य से शुद्ध होता है।" का संस्कृत अनुवाद–मनः सत्येन शुध्यति। होगा।
इस वाक्य में "करण कारक" तृतीया विभक्ति है "साधकतम करणम्" सूत्र से "सत्येन" पद में "तृतीया विभक्ति एकवचन" प्रयुक्त होगा।

**81.** (A) विन्सेटमहोदयेन।
प्रश्नानुसार, "विन्सेट महोदय" ने अपनी पुस्तक "दी प्रिन्सीपल ऑफ टीचिंग मैथड" में लिखा है कि "जब तक छात्रों में सक्रिय रुचि नहीं होगी तब तक शिक्षक का सर्वोत्तम कार्य नहीं होगा। अर्थात् शिक्षण को उपयोगी एवं प्रभावशाली बनाने के लिए विषयवस्तु के प्रति छात्रों में रुचि जाग्रत करनी चाहिए।

**82.** (B) व्याख्याविधि।
प्रश्नानुसार "कठिन शब्दों, अंशों नये विचारों, सुभाषित वाक्यों के मुख्य भाव को स्पष्ट करने के लिए श्रेयस्कर "व्याख्या" विधि उपर्युक्त है। यह विधि "पद्य शिक्षण" की विधि है। इस विधि में अध्यापक श्लोक के एक–एक पद की व्याख्या करते हुए श्लोकार्थ बताता है। शैली, रस, अलंकार, छन्द आदि का भी ज्ञान करवाता है तथा श्लोक से सम्बद्ध अन्तःकथाओं को भी स्पष्ट करता है। "व्याख्या विधि" को "परम्परागत विधि" भी कहा जाता है।
पद्य शिक्षण में–
1. दण्डान्वय विधि
2. खण्डान्वय विधि
3. भाष्यविधि/व्यास विधि
4. भाषानुवाद/अर्थबोध विधि
5. व्याख्याविधि
6. गीत विधि
7. तुलना विधि
8. टीका विधि
9. समीक्षा विधि इत्यादि है।

**83.** (C) व्याकरण–अनुवाद विधिः।
प्रश्नानुसार संस्कृत भाषा शिक्षण की "भण्डारकर विधि" का दूसरा नाम "व्याकरणानुवाद विधि" है। इस विधि के प्रवर्तक "डॉ. रामकृष्ण गोपाल भण्डारकर" है यदि विधि मैकाले पद्धति पर आधारित है। यह विधि मनोवैज्ञानिक है। इस विधि में–
स्थूल से सूक्ष्म की ओर
सरल से कठिन की ओर
ज्ञात से अज्ञात की ओर
मनोविज्ञान से विज्ञान की ओर
शिक्षण सिद्धान्तों का पालन करती है।

**84.** (B) विविध–साहित्यक–गतिविधि– नामायोजनम्।
प्रश्नानुसार संस्कृत शिक्षण के प्रति छात्रों में रुचि उत्पादन मकरने के लिये विविध साहित्यिक गविधियों की जानकारी देनी चाहिए जिससे संस्कृत भाषा में बच्चों में रुचि उत्पन्न हो सकें। अन्य विकल्पानुसार पाठ्यपुस्तक के श्लोक को बोलना, संस्कृत का हिन्दी भाषा में अनुवाद करना तथा कठिन शब्दों के अर्थ को लिखने से पहले विविध साहित्य को समझाया जाये जिससे बालकों में संस्कृत भाषा के प्रति रुचि उत्पन्न हो सकें।

**85.** (A) उपनयनसंस्कारात्परम्।
प्रश्नानुसार "पाठशाला विधि" में शिक्षा आरम्भ में उपनयन संस्कार होता है। यह विधि प्राचीन विधि के अन्तर्गत प्रथम "पाठशाला विधि" है इस विधि में छात्र का "उपनयन संस्कार" करके गुरु के पास जाकर वेदाध्ययन करता था गुरुकुल में गुरु विभिन्न विधियों से शिष्यों को पढ़ाता था। उपनयन संस्कार जिसमें जनेऊ पहना जाता है और विद्यारंभ होता है मुंडन और पवित्र जल में स्थान भी इस संस्कार के अंग होते हैं।

**86.** (D) बालनां योग्यतानुसारम्।
प्रश्नानुसार पाठ्यपुस्तक की भाषा "बालकों की योग्यता के अनुसार होनी चाहिए अन्य विकल्पनुसार शिक्षकों की योग्यता के अनुसार लेखकों की योग्यता के अनुसार तथा अधिकारियों की योग्यता के अनुसार पाठ्य–पुस्तक की भाषा नहीं होनी चाहिए क्योंकि बालकों के शिक्षण के लिए पाठ्य पुस्तक मार्गदर्शन का काम करती है

तो बालक के अनुसार ही पाठ्य पुस्तक का निर्माण होना चाहिए।"

**87.** (D) पठनकौशलम्।
प्रश्नानुसार संस्कृत में भाषा कौशलों में तृतीय कौशल "पठन कौशल" है। इसका समुचित क्रम–
1. श्रवण कौशल/प्राथमिक कौशल
2. भाषण कौशल/द्वितीयक कौशल
3. पठन कौशल/तृतीय कौशल
4. लेखन कौशल/अन्तिम कौशल
[पठन कौशल से सस्वरवाचन एवं मौन वाचन का विकास होता है।]

**88.** (C) दृश्यश्रव्यसाधनम्।
प्रश्नानुसार संस्कृत शिक्षण में "मस्तिष्क यन्त्र" का दूसरा नाम "संगणक" है इसे "कम्प्यूटर" भी कहा जाता है संगणकम् यन्त्र एक ऐसी सहायक सामग्री है जिसमें चारों कौशलों की पूर्ति होती है यह एक 'दृश्यश्रव्यसाधन' है। 'दूरदर्शन' भी एक 'दृश्यश्रव्यसाधन' है।

**89.** (D) उपर्युक्त–त्रिभिः पक्षैः सम्बद्धाः।
प्रश्नानुसार संस्कृत शिक्षण में मूल्याङ्कन में प्रश्न ज्ञानात्मक, क्रियात्मक तथा भावात्मक तीनों रूपों में प्रश्न होते हैं।
बालक के ज्ञानात्मक तथा क्रियात्मक पक्ष से सम्बन्धित तीन प्रकार की परीक्षाएँ ली जाती हैं। जैसे–मौखिक, प्रायोगिक, लिखित। जबकि भावात्मक पक्ष में जैसे–अवलोकन, साक्षात्कार, प्रक्षेपण, रेटिंग स्केल इत्यादि तरह से मूल्याङ्कन किया जाता है।
इस प्रकार संस्कृत शिक्षण में तीनों रूपों में मूल्याङ्कन किया जाता है।

**90.** (A) छात्रस्तरानुसारम्।
प्रश्नानुसार उपचारात्मक शिक्षण में उपचार कार्य छात्र के स्तर के अनुसार होना चाहिए एक कुशल शिक्षक विभिनन शिक्षण विधियों एवं प्रविधियों, परीक्षणों व निरीक्षण या वार्तालाप के आधार पर शैक्षणिक दृष्टि से पिछड़े व कमजोर बच्चों की कठिनाइयों का पता लगाकर उसको उपचारात्मक शिक्षणों के द्वारा कठिनाइयों को दूर करके विद्यार्थियों के सीखने की क्षमता में वृद्धि करता है तथा सामान्य बालकों की श्रेणी में लाने का प्रयास करता है।

## English : Language-I

**31.** (C) Attack (आक्रमण करना, हमला करना) का उचित synonym है–
Invade (आक्रमण करना, घुसपैठ करना)
War—युद्ध, लड़ाई
Dispute—विवाद, झगड़ा
Conflict—मतभेद, झगड़ा
अतः विकल्प (C) सही है।

**32.** (B) Mad (पागल, बेअक्ल) का उचित synonym है–Insane (पागल, उन्मादी, बेसुध)
Sick—बीमार, अस्वस्थ, रोगी
Nervous—घबराया हुआ, बेचैन
Sensible—संवेदी, अक्लमंद, समझदार
अतः विकल्प (B) सही है।

**33.** (C) Angry (क्रोधित, नाराज) का उचित antonym है–calm (शांत, निश्चल, नीरव)
Sharp—सक्रिय, तेज, समझदार
Infuriated—क्रोधित, नाराज
Peace—शांति, अमन
अतः विकल्प (C) सही है।

**34.** (A) 'Old and Weak' के लिए उचित one-word है–Infirm (अदृढ़, अशक्त, दुर्बल)
Sick—अस्वस्थ, बीमार
Humble—विनम्र, अभिमानरहित
Polite—विनम्र, सभ्य, शिष्ट
अतः विकल्प (A) सही है।

**35.** (C) Decide (verb) का अर्थ है–निर्णय लेना, तय करना। इसकी Noun form है–Decision (निर्णय, फैसला)
Decade—दशाब्दी, दशक
Deceive—धोखा देना, विश्वासघात करना
अतः विकल्प (C) सही है।

**36.** (B) Lost (खोया हुआ) की Correct verb from है–
Lose (verb) (खो देना, गँवा देना)
Loose—ढीला, बंधनमुक्त, ढीला करना
Loss (N)—हानि, नुकसान
Lest (Conjunction)–नहीं तो
अतः विकल्प (B) सही है।

**37.** (C) सही Spelling है–Patriotism (देशप्रेम, देशभक्ति)।
अतः विकल्प (B) सही है।

**38.** (B) 'Happiness' (आनंद, खुशी) एक abstract noun है।
अतः विकल्प (B) सही है।

**39.** (B) 'The Empress came to the window smiling at me' में smiling (मुस्कुराते हुए) एक verb के रूप में प्रयोग हुआ है।

**40.** (C) Being free filled me with happiness. यह वाक्य Simple Past Tense का है। क्योंकि यहाँ Past में हुए कार्य की बात हो रही है।
अतः विकल्प (C) सही है।

**41.** (A) I had to lie down.
यह वाक्य Simple Past Tense का है क्योंकि यह Past में हुए कार्य को दर्शा रहा है।
अतः विकल्प (A) सही है।

**42.** (B) She gave me her hand to kiss. वाक्य में determiner 'her' है। Determiners वे शब्द होते हैं जो nouns से पहले प्रयोग किये जाते हैं। जैसे–Articles, Demonstratives (this, that, theese etc.) possesive adjective (his, her, my, etc), Qualifiers, Numbers etc.
अतः विकल्प (B) सही है।

**43.** (C) It was charming just like a big doll's house.
वाक्य में प्रयुक्त determiner है–a क्योंकि यह noun से पहले use हुआ है।
अतः विकल्प (C) सही है।

**44.** (D) Free (स्वतंत्र, मुक्त) की superlative degree है–Freest Comparative degree है–Freer
अतः विकल्प (D) सही है।

**45.** (B) रिक्त स्थान में 'had been removed' का प्रयोग होगा क्योंकि वाक्य Past Perfect Tense में होगा और had + been + (verb) III form का प्रयोग होगा।
अतः विकल्प (B) सही है।

**46.** (C) रिक्त स्थान में 'is to be hanged'' का प्रयोग होगा क्योंकि यह verdict के पालन होने को दर्शा रहा है।
अतः विकल्प (C) सही है।

**47.** (A) वाक्य को Interrogative (Question) form में लिखने के लिए question word (wn word) से शुरू करेंगे और अंत में question mark (?) का प्रयोग करेंगे।
Affirmative—The farmer fastened the bull tightly to the stake.
Interrogative—What did the farmer do ?
अतः विकल्प (A) सही है।

**48.** (D) दिया गया Narration Direct Speech का है। Indirect Speech में Change करने के लिए निम्नलिखित परिवर्तन करने होंगे–
- Comma और inverted commas को हटाएंगे।
- 'said to' के स्थान पर 'asked' का प्रयोग होगा।
- Simple Present को Simple Past में Change करेंगे।

She asked her son what he liked.
अतः विकल्प (D) सही है।

**49.** (C) 'together' में underlined word 'th' का Phonetic sound '∂' द्वारा represent किया जाता है।
अतः विकल्प (C) सही है।

**50.** (B) 'question' का Correct Transcription है—'Kwestʃen'
अतः विकल्प (B) सही है।

**51.** (B) Structural Approach एक भाषा सीखने की रणनीति है, जो इस विश्वास पर आधारित है कि एक विदेशी भाषा सीखने में, शब्दावली के अधिग्रहण की तुलना में संरचनाओं की महारत अधिक महत्वपूर्ण है। Strucural Approach भाषा सीखने की क्षमता को बढ़ाता है तथा छात्रों के सीखने के Pattern को संशोधित करता है। Structural Approach में किसी विशेष स्थिति में भाषा सीखने पर अतिरिक्त जोर दिया जाता है, जो सीखने को Stable और everlasting बनाता है।

**52.** (B) Priority of Reading, Dr. West का सिद्धान्त है। Dr. West की अंग्रेजी पढ़ाने की नई पद्धति तीन तत्वों पर आधारित थी, पढ़ना, शब्दावली व पाठक और मूल भाषा का विवेकपूर्ण उपयोग। उन्होंने जोर से व धीमे पढ़ने पर जोर दिया। Drowest की पद्धति मौखिक व मौन दोनों तरह से पढ़ने की दक्षताओं पर केन्द्रित है। यह विधि भाषा सीखने के सभी चार बुनियादी कौशल (सुनना, बोलना, पढ़ना व लिखने) पर केन्द्रित है। यह विधि पढ़ने की प्राथमिकता, मातृभाषा का विवेकपूर्ण उपयोग तथा नियंत्रित शब्दावली वाले पाठकों के लिये अलग प्रावधान आदि सिद्धान्तों पर आधारित है।

**53.** (C) Translation cum Grammar Method अंग्रेजी पढ़ाने का सबसे पुराना तरीका है। यह भारतीय विद्यालयों में व्यापक रूप से प्रयोग किया जाता है। इस पद्धति के दो दार्शनिक आधार है, जिसमें व्याकरण भाषा की आत्मा है तथा एक विदेशी भाषा को अनुवाद के माध्यम से सरलता पूर्वक सीखा जा सकता है। इस पद्धति में अंग्रेजी शिखक, अंग्रेजी भाषा के प्रत्येक शब्द, वाक्यांश व वाक्य का छात्रों की मातृभाषा में अनुवाद करता है। इस पद्धति में पाठ्यपुस्तक का महत्वपूर्ण स्थान है। किन्तु यह विधि स्वतंत्र रूप से सोचने की शक्ति को रोकता है।

**54.** (A) Bilingual Method केवल विषय वस्तु को समझाने के लिये शिक्षक द्वारा किया जाता है। विदेशी भाषा शिक्षण की द्विभाषी पद्धति सी जे डोडसन (C. J. Dodson) द्वारा 1967 में विकसित की गई। इस पद्धति में शिक्षक लक्ष्य भाषा की प्राप्ति के लिये मातृभाषा का प्रयोग करते हैं। इस पद्धति में शिक्षण की इकाई एक वाक्य है। तथा वाक्य पैटर्न में कठोर अभ्यास किया जाता है।

**55.** (A) किसी भी वातावरण में प्रभावी संचार के लिये और दूसरों के साथ बातचीत करने के लिये Language skill आवश्यक है। चार बुनियादी भाषा कौशल और उनकी प्राकृतिक व्यवस्था Listening, speaking, reading और writing है। इसमें speaking or writing Productive skill तथा listening and reading, Receptive skills हैं। speaking और writing शिक्षार्थियों की भाषा बनाने का क्षमता को माप सकते हैं। तथा listening और reading skill को भाषा के निर्माण की आवश्यकता नहीं है। ये skill किसी व्यक्ति की भाषा को समझने की क्षमता पर केन्द्रित होते हैं।

**56.** (C) लेखन एक अधिक जटिल कौशल है क्योंकि यह वाक ध्वनियों के चित्रमय प्रतिनिधितव को संदर्भित करता है। लेखन के अन्तर्गत शब्दों, अक्षरों का निर्माण शामिल है जो स्वयं में Grophics है और इन्हें अच्छी तरह से बनाने के लिये कुछ विशिष्ट कौशल की आवश्यकता होती है। यह विचारों को संरचित व पठनीय रूप में प्रस्तुत करने के लिये प्रतीकों जैसे—वर्णमाला, विरामचिह्न और रिक्त स्थान के अक्षर आदि का उपयोग करने की एक प्रक्रिया है। अतः स्पष्ट है कि ग्राफिक प्रतिनिधित्व और संरचित विचारों की प्रस्तुति के कारण लेखन एक अधिक जटिल कौशल है।

**57.** (A) Language Games अंग्रेजी भाषा की शब्दावली को उत्तम बनाने के लिये अत्यन्त आवश्यक है। बच्चों को खेल खेलना तथा गतिविधियाँ करना बहुत पसंद होता है। छात्र चाहते हैं कि वे खेल गतिविधियों के माध्यम से आनंद की अनुभूति प्राप्त करें। कोई भी खेल जो भाषा सीखने की सुविधा प्रदान करता है, वह Language Game कहलाता है। Language Game में बच्चों को ऐसा लगता है कि वे खेल खेल रहे हैं, किन्तु अनजाने में वे खेल के माध्यम से भाषा की क्षमता हासिल कर लेते हैं। Langauge Game बच्चों को प्रेरित कर दिन-प्रतिदिन शिक्षण में विविधता सीखते हैं। Language Games के माध्यम से छात्र भाषा का उपयोगी तरीके से अभ्यास करते हैं।

**58.** (A) CCE (सतत् और व्यापक मूल्यांकन का उद्देश्य) शिक्षार्थियों के समग्र विकास का मूल्यांकन करना है, जिसमें Cognitive, Psychomotor और Affective Domain शामिल हैं। CCE बच्चे के विकास के शैक्षिक और सह–शैक्षिक दोनों पहलुओं का आकलन करके मूल्यांकन की निरंतरता व नियमितता और व्यापक शिक्षण व्यवहार परिणामों के मूल्यांकन परजोर देता है। CCE को CBSE द्वारा 2009 में शिक्षा को अधिकार अधिनियम के साथ मूल्यांकन की एक स्कूल आधारित प्रणाली के रूप में पेश किया गया है

**59.** (C) Peer Evaluation को शिक्षार्थियों के लिये एक उत्पाद के स्तर, मूल्य या गुणवत्ता या अन्य समान स्थिति वाले शिक्षार्थियों के प्रदर्शन पर विचार करने और निर्दिष्ट करने के लिये एक व्यवस्था के रूप में परिभाषित किया जाता है। इसमें छात्र अपने साथियों के साथ विस्तृत प्रतिक्रिया कर चर्चा करके सीखते हैं। सहकर्मी मूल्यांकन में Metacognition (अधि संज्ञान), Faster feedback तेज प्रतिक्रिया तथा शिक्षक के समय की बचत होती है किन्तु इसमें प्रभावी निगरानी नहीं होती।

**60.** (D) Cloze Test Evaluation, W. L. Taylor द्वारा सन 1953 में प्रतिपादित किया गया। Cloze Test एक ऐसी परीक्षा है, जिसमें छात्रों को उन शब्दों की आपूर्ति करने के लिये कहा जाता है, जिन्हें पाठ को समझने की क्षमता को मापने के लिए एक पैसेज से हटा दिया गया है। ऐसा करने से, छात्र भाषाई ज्ञान, शाब्दिक ज्ञान और क्लोज टेस्ट शब्द के ज्ञान का उपयोग प्राप्त करेगा। Cloze Test छात्रों द्वारा सीखे गये भाषा कौशल को मापने तथा भाषा में सीखने वाले की गलतियाँ व कमजोरियाँ खोजने में भी मदद करते हैं।

## English : Language-II

**61.** (B) रिक्त स्थान में singular H. V. 'is' का प्रयोग होगा क्योंकि यह 'one of' के लिए प्रयोग की गई है।
अतः विकल्प (B) सही है।

**62.** (C) रिक्त स्थान में Conjunction 'instead of' का प्रयोग होगा जिसका अर्थ है in place of (के स्थान पर)।
अतः विकल्प (C) सही है।

**63.** (C) रिक्त स्थान में Conjunction 'as well as' का प्रयोग होगा जिसका अर्थ है in addition to अर्थात् साथ ही, तथा।
अतः विकल्प (C) सही है।

**64.** (C) रिक्त स्थान में Modal verb 'can be' का प्रयोग होगा क्योंकि 'can' possibility अथवा ability दर्शाने के लिए प्रयुक्त होता है और वाक्य Passive Voice में है इसलिए be + (verb) III का प्रयोग होगा।
अतः विकल्प (C) सही है।

**65.** (B) रिक्त स्थान में 'make' का प्रयोग क्योंकि 'make a big difference' का अर्थ होता है—to improve a situation or condition in an important way अर्थात् किसी स्थिति को महत्वपूर्ण तरीके से सुधारना।
अतः विकल्प (B) सही है।

**66.** (C) Passage के अनुसार सबसे उचित title है—Waste Management
अतः विकल्प (C) सही है।

**67.** (B) रिक्त स्थान में 'replaced' का प्रयोग होगा क्योंकि Plastic Pouch को glass bottles से बदलने की बात का वर्णन है।
अतः विकल्प (B) सही है।

**68.** (C) रिक्त स्थान में Modal Verb 'Could' का प्रयोग होगा क्योंकि यहाँ Past में ability को दर्शाया गया है।
अतः विकल्प (C) सही है।

**69.** (B) Thin का Correct Phonetic Transcription है—/θIn
अतः विकल्प (B) सही है।

**70.** (A) Words tell-bell-cell का same pronunciation (vowel sound) है।

**71.** (D) Hike–High–Hire का sound Same है परन्तु Beat का sound तीनों से different है।
Beat में long 'e' vowel sound /i:/ है जिसे 'eat', 'meet' की तरह pronounce किया जाता है। परन्तु Hike, High, Hire में long 'i' sound /aI/ है।
अतः विकल्प (D) सही है।

**72.** (B) Call के लिये Phonetic transcription kc : *l* होगा।

**73.** (B) यह जाँचने के लिये कि अधिगम योजना के अनुसार हो रहा है, और शैक्षिक उद्देश्यों को प्राप्त किया जा रहा है, मूल्यांकन करना आवश्यक है। Evaluation जानकारी एकत्र करने और फिर निर्णय लेने की प्रक्रिया है। यह छात्रों की प्रगति और उपलब्धियों के आँकड़े और सबूत इकट्ठे करता है। इसके अन्तर्गत सीखने का विश्लेषण व चरित्र निर्माण शामिल है। यह प्रत्येक छात्र को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का समान अवसर प्रदान करता है।

**74.** (A) Record keeping प्रत्येक छात्र के लिये एक रिकॉर्ड शीट तैयार करने का कार्य है। जिसमें परीक्षण किये जाने वाले विभिन्न कौशल का संकेत अभिलेखों का अच्छी तरह से रखरखाव करना और भी आवश्यक है क्योंकि यह स्कूल के ऐसे रिकॉर्ड होते हैं, जिनमें छात्र व स्कूल के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी सन्निहित रहती है। रिकॉर्ड के आधार पर किसी भी व्यक्ति की प्रगति का पता आसानी से लगाया जा सकता है। अतः हम कह सकते हैं कि Record Keeping किसी भी मूल्यांकन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। शिक्षक को इस प्रकार प्रत्येक छात्र के लिये एक रिकॉर्ड शीट तैयार करनी चाहिए जिससे परीक्षण किये जाने पर उसमें छात्र के विभिन्न कौशलों को दर्शाया जा सके।

**75.** (D) Portfolio में ऐसी जानकारी होती है जो एक छात्र के काम के सबूत के रूप में एकत्र, व्यवस्थित व प्रस्तुत की जाती है। शिक्षा में Digital Portfolio के तीन प्रकार होते हैं—

- Development (विकासात्मक)—एक Developmental Portfolio समय के साथ एक कौशल में सुधार को प्रदर्शित करता है। इसका प्रभुत्व लक्ष्य छात्र व शिक्षकों के मध्य संचार के लिये एक चैनल प्रदान करना है।
- Reflective (चिंतनशील)—एक Reflective Portfolio एक विशिष्ट क्षेत्र या क्षेत्र में दक्षता और कौशल प्रदर्शित करेगा।
  यह साक्ष्य का संग्रह है जो महत्वपूर्ण विश्लेषण व इसकी सामग्री के प्रतिबिंब के माध्यम से उपलब्धि के साथ–साथ व्यक्तिगत व व्यावसायिक विकास की पुष्टि करता है।
  Representation (प्रतिनिधि)—एक Representational पोर्टफोलियो किसी विशेष क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य पर जोर देता है। आमतौर पर यह रोजगार हासिल करने के लिये दिखाया जाता है।
  किन्तु Occupational Portfolio एक प्रकार का Digital Portfolio नहीं है।

**76.** (D) Language Teaching एक ऐसी प्रक्रिया को संदर्भित करता है, जिसके द्वारा एक बच्चा भाषा पर संप्रेषणीय समझ या प्रभाव प्राप्त करता है।
Communicative Approach भाषा शिक्षण का एक शिक्षार्थी केन्द्रित तरीका है जो छात्रों की भागीदारी को अधिकतम करके उन्हें वास्तविक संचार में शामिल करके प्रभावी ढंग से संवाद करने के लिये छात्रों को आश्वस्त करता है। यह संचार क्षमता का निर्माण करता है। यह उपयोग में व्यवहारिक है क्योंकि इसका उद्देश्य संवाद में प्रवाह को मजबूत करना है, सटीकता को नहीं। यह स्थितिजन्य, सार्थक और आत्म पुरस्कृत है। यह शिक्षार्थियों को वास्तविक जीवन की स्थितियों का सामना करने के लिये प्रोत्साहित करता है। यह व्याकरणिक संरचनाओं के बजाय संचार पर ध्यान केन्द्रित करता है। अतः स्पष्ट है कि जब Communication Approach शिक्षार्थी केन्द्रित है, तो यह शिक्षक केन्द्रित नहीं हो सकती।

**77.** (B) Structural Approach एक भाषा सीखने की रणनीति है जो वाक्य संरचना या पैटर्न की महारत पर जोर देती है। यह भाषा सीखने की अंतर्निहित क्षमता को बढ़ाता है तथा छात्रों के बोलने के पैटर्न को संशोधित करता है। Structural Approach में Structural संरचना से सम्बन्धित है जबकि Approach का अर्थ निकट आना (Coming near) है। दोनों शब्दों का संयुक्त अर्थ संरचनाओं के आधार पर Structure Approach (संरचनात्मक दृष्टिकोण) हो जाता है। यह छात्र की व्यवस्थित तरीके से वाक्य सीखने में मदद करता है उचित, व्यापक और सार्थक वाक्य बनाने के लिये शब्दों की संरचना, क्रम और पैटर्न पर जोर देता है।

**78.** (A) Remedial teaching (उपचारात्मक शिक्षण) का उपयोग उन छात्रों के लिये किया जाता हैं तथा विषय में असफल होते है क्योंकि Remedial teaching का उददेश्य उन शिक्षार्थियों को अतिरिक्त सहायता प्रदान करना है जो किसी एक विषय में शेष शिक्षार्थियों से पीछे रह गये हैं।

**79.** (D) दी गई lines में Metaphor का प्रयोम सिर्फ 'It is the east, and Juliet, the Sun' में हुआ है।

Metaphor का प्रयोग तब होता है—जब One kind of Object or Idea को another के स्थान पर उनके बीच समानता या सादृश्य का सुझाव देने के लिए प्रयोग किया जाए।

यहाँ Romea, Juliet की खिड़की की ओर देख रहा है और वह Juliet की सुन्दरता (Beauty) को दूसरी चीजों से जोड़ रहा है।

अतः विकल्प (D) सही है।

**80.** (C) "Slithery, Slidery, Scaly old Snake" में literary device Alliteration का प्रयोग हुआ है क्योंकि neighbouring words का first consonant sound same है।

अतः विकल्प (C) सही है।

**81.** (D) "I am as quick as a cheetah" में literary device 'Simile' का प्रयोग हुआ है क्योंकि यहाँ दो वस्तुओं के बीच Comparison किया है यहाँ Poet ने स्वयं को Cheetah से Compare किया है और यह दर्शाया गया है कि वह Cheetah के जैसे quick है।

अतः विकल्प (D) सही है।

**82.** (A) "Upon a nice mid.......within your hair" में rhyme scheme 'AABB' का प्रयोग हुआ है। इसे Balliot rhyme कहते हैं। यह एक quatrain है जिसमें rhyming couplets (AABB) के दो pairs होते हैं और हर line में four beats होते हैं।

अतः विकल्प (A) सही है।

**83.** (C) "All the little corn flakes..........out and play." में corn flakes को personify किया गया है। यहाँ corn flakes को come out and play (बाहर आने और खेलने) के रूप में decribe किया गया है।

Perfonification में non-living things को living traits (मानवीय लक्षण) दिये जाते हैं।

अतः विकल्प (C) सही है।

**84.** (B) A poem of fourteen lines using any of a number of formal rhyme is called a Sonnet.

Sonnet—14 पंक्तियों की कविता

Short story—लघु कथा

Elegy—शोक गीत

Allusion—संकेतिक प्रसंग

अतः विकल्प (B) सही है।

**85.** (C) "Who knows why the cold wind blows !" में literary device Assonance का प्रयोग हुआ है क्योंकि words में Vowel Sound का reptition है। अतः विकल्प (C) सही है।

**86.** (A) A genre of drama based on human suffering that befall main character is called 'Tragedy'.

Tragedy—दुखान्त नाटक

Comedy—हास्यप्रधान नाटक, स्वांग

Irony—व्यंग, निंद्रा

Autobiography—आत्मकथा

अतः विकल्प (A) सही है।

**87.** (B) Fable (दंत कथा) is a short story with animals as characters, conveying a moral.

Rhyme—short poem with correspondence of sound

Sonnet—14 पंक्तियों की कविता

अतः विकल्प (B) सही है।

**88.** (D) Elegy (शोकगीत) is a mournful poem with serious reflection, usually a lament far the dead.

Drama—स्वांग, नाटक

Sonnet—14 पंक्तियों की कविता

अतः विकल्प (D) सही है।

**89.** (A) 'No pain No gain' (idiom) का अर्थ है—It is necessary to work hard in order to succeed or make progress अर्थात् सफल होने के लिए कठिन परिश्रम करना आवश्यक है।

अतः विकल्प (A) सही है।

**90.** (C) दिए गए वाक्यांश के लिए उचित idom है—'Beat around the bush' जिसका अर्थ है 'to avoid getting to the main point of an issue' अर्थात् किसी मुद्दे के मुख्य बिन्दु पर बात करने से भागना।

Hit the sack—go to bed

Up in arms—Protest vigorously

Sell like hot cakes—be sold quickly and in large quantities.

अतः विकल्प (C) सही है।

## गणित

**91.** (D) 420 का अभाज्य गुणनखण्ड—

| | |
|---|---|
| 2 | 420 |
| 2 | 210 |
| 3 | 105 |
| 5 | 35 |
| 7 | 7 |
| | 1 |

अभीष्ट अभाज्य गुणनखण्ड

$= 2 \times 2 \times 3 \times 5 \times 7$

**92.** (A) 1020305

**93.** (C) विकल्प (C) से,

9 2 5 6

6 → $6 \times 1 = 6$

5 → $5 \times 10 = 50$

2 → $2 \times 100 = 200$

9 → $9 \times 1000 = 900$

9256 में 5 का स्थानीय मान 50 है न कि 500 अतः विकल्प (C) सही है।

**94.** (C) अभीष्ट अभाज्य संख्याएँ

2, 3, 5, 7, 11, 13, 17, 19, 23, 29 = 10

**95.** (C) 2, 5, 7 और 8 से बनी सबसे बड़ी तथा सबसे छोटी संख्याएँ क्रमशः 8752, 2578 होगी।

उन संख्याओं का अन्तर = 8752 – 2578 = 6174

6174, यह संख्या 5 से विभाजित नहीं होगी क्योंकि 5 से विभाजित होने के लिए संख्या का अन्तिम अंक 0 या 5 होना चाहिए।

**96.** (A) दिया है,

5 : 7

परपद, $7x = 35$

$x = 5$

तब पूर्वपद $= 5x$

$= 25$

**97.** (B) प्रश्नानुसार,

$4m \times 20d = 10m \times xd$

$x = \frac{4 \times 20}{10}$

$x = 8$ दिन

**98.** (D) 1 वर्ग मी. = $x$ वर्ग मिमी.

$(10^3)^2$ किमी$^2$ = $x$ वर्ग मिमी.

$x = (10)^6$

$x = 1000000$.

**99.** (C) हम जानते हैं कि

ल.स.प. × म.स.प. = पहली संख्या × दूसरी संख्या

$60 \times 5 = x \times y$

$xy = 300$

विकल्प (C) से, $15 \times 20 = 300$

संख्याओं का म.स.प. (15, 20) = 5

अतः (C) सही विकल्प है।

**100.** (B) $\frac{1}{2} = 0.50$

$\frac{2}{5} = 0.40$

$\frac{3}{4} = 0.75$

$\frac{2}{3} = 0.666$

अवरोही क्रम, $\frac{3}{4}, \frac{2}{3}, \frac{1}{2}, \frac{2}{5}$

**101.** (D) $\frac{7}{3} = 2.33$

$\frac{25}{7} = 3.55$

$\frac{35}{9} = 3.88$

$\frac{19}{2} = 9.5$

अतः सबसे बड़ा अनुपात = $\frac{19}{2}$

**102.** (D) तीनों संख्याओं का योग = $40 \times 3$ = 120

दो संख्याओं का योग = $38 \times 2$ = 76

तीसरी संख्या = $120 - 76$ = 44

**103.** (D) माना वस्तु का क्रय मूल्य = $x$

और हानि % = 6%

प्रश्नानुसार,

$x \times \frac{94}{100}$ = ₹ 329

$x = 3.5 \times 100$

$x$ = ₹ 350

**104.** (B) वस्तु का क्रय मूल्य = ₹ 1,800

$\text{विक्रय मूल्य} = \frac{\text{क्रय}}{\text{मूल्य}} \times \left(\frac{100 + \text{लाभ\%}}{100}\right)$

प्रश्न से,

वि.मू. = $1800 \times \frac{112}{100}$ = ₹ 2016

**105.** (B) साधारण ब्याज = $\frac{3000 \times 11 \times 2}{100}$

साधारण ब्याज = 660

$= \frac{\text{मूलधन} \times \text{दर} \times \text{समय}}{100}$

मिश्रधन = 3000 + 660

= ₹ 3660

**106.** (B) अभीष्ट अन्तर,

$\Rightarrow \frac{₹\, 2100 \times 8 \times 3}{100} - \frac{₹\, 2100 \times 8 \times 2}{100}$

⇒ ₹ 504 – ₹ 336

⇒ ₹ 168

**107.** (D) हम जानते हैं कि वर्ग का क्षेत्रफल उसकी भुजा का वर्गमूल होता है।

15 वर्ग × वर्ग का क्षेत्रफल

$15 \times (\text{भुजा})^2$

$15 \times (1)^2$

15 वर्ग मीटर

अतः विकल्प (D) सही उत्तर सही है।

**108.** (B) अभीष्ट, आयतन

$= 2y \times y \times 3y$

$= 6y^3$

**109.** (C) त्रिभुज EOC से,

$EC^2 = EO^2 + CO^2$

$= 5^2 + 12^2$

$= 25 + 144$

$EC^2 = 169$

$EC = 13$

अतः समचतुर्भुज की भुजा = 13

समचतुर्भुज का परिमाप = 4 × (भुजा)

= 4 × 13

= 52

**110.** (B) दिये गये कोणों तथा उनके शीर्षाभिमुख कोणों का योग = 360°

$90 + 90 + 5a + 5a + 40 + 40 = 360°$

$260 + 10a = 360°$

$10a = 100°$

$a = 10°$

**111.** (C) प्रश्न के अंतर्गत दिया गया कथन गणित के कलात्मक मूल्य से सम्बन्धित है। गणित में मूल्य गणितीय विषयवस्तु व ज्ञान की प्रकृति को प्रदर्शित करते हैं।

**112.** (C) मनुष्य की समृद्धि एवं सांस्कृतिक उन्नति गणित में उन्नति पर निर्भर करती है। इसलिये, हॉग्बेन कहते हैं, गणित सभ्यता एवं संस्कृति का दर्पण है। विज्ञान और वैज्ञानिक उपकरणों के विभिन्न नियम सटीक गणितीय अवधारणा पर आधारित है। उदाहरण के लिये–खगोल विज्ञान और भौतिकी सबसे सटीक विज्ञान हैं और उनकी सटीकता गणित की उपयोगिता का परिणाम है।

**113.** (B) गणित में सामान्यानुमान का क्षेत्र सीमित है। उपर्युक्त कथन–गणित की प्रकृति से सम्बन्धित नहीं है। प्रश्न के अन्तर्गत दिये गये शेष सभी विकल्प गणित की प्रकृति को पुष्ट करते हैं। गणित के ज्ञान का आधार हमारी ज्ञानेन्द्रियाँ हैं। गणित में अमूर्त प्रत्ययों की व्याख्या भी की जाती है।

**114.** (B) करीकुलम शब्द लैटिन भाषा से अंग्रेजी में लिया गया है। यह लैटिन शब्द 'कुर्रेर' (Currere) से बना है। जिसका अर्थ है दौड़ का मैदान। दूसरे शब्दों में कहें, तो करीकुलम वह क्रम है जिसे किसी व्यक्ति को अपने गन्तव्य स्थान पर पहुँचने के लिये पार करना होता है। अर्थात् यह वह साधन है जिसके द्वारा शिक्षा व जीवन के लक्ष्यों की प्राप्ति होती है।

**115.** (A) गणित में सारणी बनाना कौशल उद्देश्य के अंतर्गत आता है। एक निर्धारित उद्देश्य को सामने रखकर सम्बन्धित आँकड़ों को कॉलम तथा पंक्तियों के रूप में प्रस्तुत करने को सारणी कहते हैं। सारणी आँकड़ों को सरल ढंग से प्रस्तुत करने का तरीका है। ताकि इच्छित सूचनाओं का आसानी से पता चल सके। अतः प्रश्न में दिये गये विकल्पों में से (A) सही उत्तर की पुष्टि करता है।

**116.** (A) आगमन विधि 'निरीक्षण करो और सीखो' के सिद्धान्त पर आधारित है। इस विधि में विशेष घटनाओं से सामान्यीकृत निष्कर्षों की ओर अग्रसर हुआ जाता है।

**117.** (D) प्रश्न के अन्तर्गत दिये गये विकल्पों में प्रयोगशाला विधि वृत्त का क्षेत्रफल पढ़ाने की सबसे उपयुक्त विधि है। यह विधि शिक्षा की प्रसिद्ध उक्ति 'स्थूल से सूक्ष्म की ओर' पर आधारित है। इस विधि में छात्र स्वयं प्रयोगशाला में उपस्थित यंत्रों, उपकरणों तथा अन्य सामग्री की सहायता से विषय वस्तु के तथ्यों, नियमों, सिद्धान्तों की सत्यता की जाँच करते हैं।

**118.** (D) प्राथमिक स्तर पर खेल-खेल में गणित–शिक्षण कराने के लिये व्याख्या व्यवस्था लागू नहीं होती है। इसके अतिरिक्त प्रश्न में दिये गये सभी विकल्प प्राथमिक स्तर पर शिक्षण व्यवस्था में लागू होते हैं। व्याख्यान का प्रयोग मुख्य रूप से उच्चतर कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिये शिक्षण कार्य हेतु किया जाता है।

**119.** (C) निदानात्मक परीक्षण का उद्देश्य गणित विषय की अध्ययन एवं अध्यापन प्रक्रिया में सुधार करना है। सम्बन्धित विषय की समस्या का पता चलाने के पश्चात ही उचित दिशा में निदानात्मक परीक्षण की व्यवस्था की जाती है। यह परीक्षण छात्रों की शैक्षिक योग्यता का मापन करता है। यह परीक्षण शिक्षण को प्रभावशाली बनाने में भी उपयोगी सिद्ध होता है।

**120.** (A) गणित में स्लाइड नियम का उपयोग मुख्य रूप से गुणन एवं भाजन के लिये किया जाता है। इसके अतिरिक्त घातांक, मूल लघुगणक और त्रिकोणमिति जैसे कार्यों के लिये भी इसका उपयोग होता है। अतः विकल्प (A) प्रश्न का सही उत्तर होगा।

## पर्यावरणीय अध्ययन

**121.** (C) तंबाकू में निकोटिन ऐल्केलॉइड पाया जाता है। यह एक उद्दीपक पदार्थ है जो सोलोनेसि कुल के पौधे से प्राप्त किया जाता है।

आरम्भ में इस ऐल्केलॉइड का प्रयोग कीटनाशक के रूप में किया जाता था किन्तु अब बड़े पैमाने पर उत्तेजक पदार्थ बनाने में इसका प्रयोग किया जाता है। इसमें बीड़ी, सिगरेट, तम्बाकू आदि शामिल है।

**122.** (B) खादी के बने वस्त्रों की कीमत पर छूट 2 अक्टूबर को दी जाती है। इस दिन महात्मा गांधी की जयन्ती को जयन्ती के उपलक्ष्य में विशेष छूट दी जाती है। भारत में खादी ग्राम उद्योग की स्थापना प्रथम पंचवर्षीय योजना में 1956 में की गई थी। यह उद्योग भारत सरकार के अधीन लघु और कुटीर उद्योग की श्रेणी में आता है। इसका उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर खादी को प्रोत्साहित करना तथा ग्रामीण उत्पादनों को बाजार उपलब्ध कराना है।

**123.** (B) भीलवाड़ा को राजस्थान का मेनचेस्टर कहा जाता है। ब्रिटेन स्थित मेनचेस्टर नगर को दुनिया की सूती वस्त्र उद्योग की राजधानी कहा जाता है।

भारत का मेनचेस्टर अहमदाबाद को, उत्तर भारत का मेनचेस्टर कानपुर को तथा सूती वस्त्र उद्योग की राजधानी मुम्बई को कहा जाता है।

**124.** (D) रेशम जन्तु से प्राप्त रेशे का उदाहरण है जबकि कपास एक पादप रेशा है। पॉलिएस्टर व नॉयलॉन ये कृत्रिम रेशे हें और प्रयोगशाला में तैयार किये जाते हैं।

**125.** (D) राजस्थान में तेजाजी लोक देवता का सम्बन्ध लाछा गुजरी की प्रार्थना से है। लाछा गूजरी राजस्थान की रंगबाड़ी क्षेत्र की रहने वाली थी और वह लोक देवता तेजाजी की अनन्य भक्त थी। वह ऊँट पर सवार होकर विभिन्न जनजाति सरदारों से जूझती हुई तेजाजी से मिलने पहुँच गयी थी।

गोगाजी, रामदेवजी, बापूजी भी राजस्थान के लोक देवता हैं।

**126.** (A) सोनार दुर्ग जैसलमेर में स्थित है इसे जैसलमेर कहा जाता है। इसका निर्माण 1156 ईसवीं में भाटी राजपूत शासक जैसल ने शहर के बीचों बीच करवाया था। यह त्रिकुटा पहाड़ी के शीर्ष पर स्थित है जो उस समय अजेय होने का अहसास कराता था। सोनार किले को स्वर्ण किला भी कहा जाता है क्योंकि यह सूर्यास्त के समय सोने की तरह चमकता है।

**127.** (A) महावीर जयन्ती जो कि चैत्र मास की शुक्ल पक्ष की तेरस के दिन मनाई जाती है। इसी दिन जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर और जैन धर्म के वास्तविक संस्थापक महावीर स्वामी का जन्म 599 ईसा पूर्व में वैशाली के कुण्डग्राम में हुआ था।

**128.** (D) सूर्य नगरी जोधपुर का नाम है। जोधपुर का सूर्य नगरी नाम इसलिए पड़ा क्योंकि इस शहर में वर्ष भर सूर्य की रोशनी ज्यादा रहती है जिसके कारण यहाँ बने पत्थर के मकान बेहद गर्म हो जाते हैं परन्तु सर्दी के दिनों में यहाँ देश-विदेश के पर्यटक धूप स्थल के प्रकाश के लिए आते हैं और सूर्य के प्रकाश का आनन्द लेते हैं।

जोधपुर को सनसिटी के नाम से भी जाना जाता है। यह भारत में स्थित कर्क रेखा के निकटस्थ नगरों में से एक है।

**129.** (C) फूलडोल का मेला साहपुरा में लगता है। साहपुरा राजस्थान के भीलवाड़ा जनपद में स्थित है। यहाँ संवत् 1822 में रामद्वारा का निर्माण कार्य शुरू हुआ था तभी से महाराणा के अनुरोध पर फूलडोल मेला मनाया जाता है विशेष तौर पर यह मेला कोरी जाति के लोगों द्वारा होली के आठवें दिन आयोजित होता है जिसमें शोभायात्रा निकाली जाती है।

**130.** (C) सड़क मार्ग यातायात के साधनों के सही समूह बस, ट्रक, ई-रिक्शा है, क्योंकि इन माध्यमों से ही सर्वाधिक यातायात होता है।

**131.** (B) नीचे दिये गये यातायात संकेत इंगित करता है कि आगे पैदल पथ है।

प्रायः पैदल पथ मार्गों के लिए पूर्व ही चेतावनी चिह्न के रूप में इस संकेत का प्रयोग किया जाता है।

**132.** (D) डेंगू रोग के कारण रक्त में प्लेट्लेट्स की संख्या में कमी हो जाती है। डेंगू एक परजीवी विषाणु जनित रोग है। जो प्रायः एडीज मच्छर से फैलता है।

जब कि चिकन पॉक्स, मधुमेह व अमीवियस क्रमशः त्वचा, पेनक्रियाज ग्रन्थि तथा पाचन तन्त्र से सम्बन्धित रोग हैं।

**133.** (C) प्रश्नगत हार्मोन व उनके कार्यों का सही सुमेल इस प्रकार है।

| | | |
|---|---|---|
| वृद्धि हार्मोन | — | अंगों में वृद्धि प्रेरित करना। |
| इंसुलिन | — | रक्त में लैंगिक लक्षणों का नियमन। |
| टेस्टोस्टेरॉन | — | नर में लैंगिक लक्षणों का नियमन। |
| प्रोजेस्टेरॉन | — | मादा में लैंगिक लक्षणों का नियमन। |

**134.** (A) रेबीज रोग का कारण वायरस होता है। इस बीमारी में मस्तिष्क में सूजन आती है और उसके पश्चात् शरीर में अनियंत्रित उत्तेजना, पानी से डर (हाइड्रोफोबिया) और भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। एक बार यह लक्षण उत्पन्न होने पर मृत्यु निश्चित होती है।

यह रोग प्रायः कुत्ता, बिल्ली, बन्दर, घोड़ा, ऊँट के काटने से फैलता है।

**135.** (C) राजस्थान के बिश्नोई समुदाय के लिए वन एवं वन्य प्राणी संरक्षण उनके धार्मिक अनुष्ठान का भाग बन गया है। बिश्नोई, जाट जाति का एक सम्प्रदाय है। बिश्नोई सम्प्रदाय की एक महिला अमृता देवी बिश्नोई ने खेजड़ी वृक्ष रक्षा के लिए अपने प्राण-न्यौछावर कर दिये थे। बिश्नोई सम्प्रदाय के लोग पूर्ण शुद्ध शाकाहारी होते हैं।

**136.** (B) मगरमच्छ प्राणी जगत के सरीसृप संवर्ग का जीव है तथा सरीसृप वर्ग के सबसे बड़े जन्तुओं में से एक है। उनकी लम्बाई चार से छः मीटर के बीच हो सकती है। खारे पानी के मगरमच्छ आकार में अधिक बड़े होते हैं मीठे पानी के मगरमच्छ का जीवनकाल 30 से 40 वर्ष जबकि खारे पानी के मगरमच्छ का जीवन काल 60 से 70 वर्ष होता है।

**137.** (B)

- वायु पर्यावरण के अजैविक घटक के अन्तर्गत आती है। वायु के अतिरिक्त जल मृदा प्रकाश ताप आदि भी पर्यावरण के अजैविक घटकों में सम्मिलित हैं।
- पादप, जन्तु तथा जीवाणु ये सभी पर्यावरण के जैविक घटक हैं।
- पर्यावरण सन्तुलन के लिए जैविक अजैविक घटकों के बीच समन्वय एवं सन्तुलन आवश्यक होता है।

**138.** (A) शहतूत की पत्तियाँ रेशमकीट का भोजन होती है। रेशम कीट का जीव वैज्ञानिक नाम बॉम्बिक्स मोरी है। यह एक लिंगी कीट है जिसके लार्वा से रेशम प्राप्त किया जाता है। दुनिया में सबसे पहले रेशम कीट पालन आज से लगभग 5 हजार वर्ष पूर्व चीन में हुआ था।

**139.** (C) हिमाचल प्रदेश में जल संग्रहण की पुरानी संकल्पना का नाम कुल्ह है। प्राचीन काल में वर्तमान की तरह जल संग्रहण के लिए कोई निश्चित व्यवस्था नहीं थी। अलग-अलग क्षेत्रों में अलग–अलग तरीकों से होता था। इन अवस्थाओं में जल संग्रहण जल

अधिकता वाले क्षेत्रों में होता था तथा जल न्यूनता वाले क्षेत्रों में भी होता था। हिमाचल प्रदेश जल अधिकता वाला क्षेत्र था। जहाँ पहाड़ों के बीच खड्ड बनाकर जल संग्रहण किया जाता था इसे कुल्ह कहा जाता था।

**140.** (D) नमामि गंगे का शुभारंभ 2014 में किया गया था जिसका उद्देश्य जल प्रदूषण को खत्म करना तथा स्वच्छ और पीने योग्य पानी को घर–घर तक पहुँचाना था। गंगा भारत की केवल सांस्कृतिक और आध्यात्मिक नदी ही नहीं है बल्कि यह सम्पूर्ण उत्तर भारत की जीवन रेखा भी है जिसके दोआब क्षेत्र में भारत की लगभग 40% जनसंख्या निवास करती है।

**141.** (D) ह्यूमस पदार्थ जल प्रदूषण का मानवीय स्त्रोत नहीं है, क्योंकि यह प्राकृतिक रूप से जल में पाया जाता है या प्राकृतिक घटनाओं द्वारा जल में मिलता है।

जबकि वाहित जल, औद्योगिक बहिःस्त्राव तथा घरेलू बहिःस्राव ये सभी जल प्रदूषणों के मानवीय स्त्रोत हैं।

**142.** (C) बुध सूर्य का निकटतम ग्रह है जो मात्र 88 दिनों में सूर्य का एक चक्कर लगाता है सूर्य से दूरस्थ ग्रह बरुण है।

सूर्य से ग्रहों की दूरी का क्रम इस प्रकार है–
बुध < शुक्र < पृथ्वी < मंगल < बृहस्पतिवार शनि < अरुण < वरुण

**143.** (C) पर्वतारोहण के दौरान सांस लेने में मुख्य कठिनाई का कारण कम वायुदाब का होना है, क्योंकि पृथ्वी तल से ऊँचाई बढ़ने के साथ वायुदाब में कमी आती है। इसी कारण पर्वतारोही पहाड़ों पर चढ़ते समय ऑक्सीजन गैस सिलेण्डर अपने साथ लेकर जाते हैं।

**144.** (D) अलसी रबी की फसल का उदाहरण है इसकी बुवाई असंचित क्षेत्रों में अक्टूबर माह के मध्य में तथा संचित क्षेत्र में नवम्बर की शुरुआत में की जाती है। अलसी एक औषधीय पौधा है जिसका प्रयोग विभिन्न प्रकार के रोगों के उपचार में किया जाता है जिसमें अनेक एन्टीऑक्सीडेन्ट पाये जाते हैं तथा यह न केवल कोलेस्ट्रॉल को कम करता है बल्कि इंसुलिन की मात्रा को बढ़ने से रोकता है।

मक्का, सोयाबीन, मूँगफली में सभी खरीफ की फसलें हैं।

**145.** (B) प्रश्न के सन्दर्भ में आपका रिश्ता महिला से नानी का होगा।

**146.** (D) हमारा राष्ट्रीय पंचांग राष्ट्रीय शक् संवत् है। शक् संवत् 77-78 ईसा पूर्व से आरम्भ हुआ माना जाता है। इसका आरम्भ शक् शासक कनिष्क ने किया था। शक् संवत् को शालिवाहन संवत् के नाम से भी जाना जाता है। इस संवत में नव वर्ष की शुरुआत चैत्रमास में शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से होती है।

**147.** (B) बालकेन्द्रित शिक्षा में निष्क्रियता तत्व नहीं होता है जबकि खेल प्रेरणा संतोष में सभी तत्व पाये जाते हैं। वर्तमान में बाल केन्द्रित शिक्षा का युग है जहाँ शिक्षा से सम्बन्धित सभी नीतियों का निर्धारण क्रियान्वयन बालकों को केन्द्र में रखकर किया जाता है जिसमें बालक की रुचियों उनके स्तर सीखने की क्षमता आदि पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाता है।

**148.** (D) टेलीविजन काव्य–दृश्य शिक्षण अधिगम सामिग्री का उदाहरण है। जबकि रेडियो टेपरिकॉर्डर केवल श्रव्य शिक्षण अधिगम सामिग्री के उदाहरण हें तथा बुलेटिन बोर्ड केवल दृश्य साधन है।

**149.** (C) प्राचीन काल में संदेशों का संचार हरकारे माध्यम से होता था। ये प्रायः सन्देश वाहक होते थे जो एक राजा के संदेश को दूसरे राजा तक या राजा के सन्देशों को उसके प्रांतीय शासकों तक पहुँचाते थे। इसके अलावा कुछ पक्षियों के माध्यम से भी संदेश पहुचाएँ जाने के लोक कथन प्रचलित हैं।

**150.** (D) मूल्यांकन का मुख्य उद्देश्य अधिगमकर्ता की उपलब्धि एवं सुधार लाना है। मूल्यांकन शैक्षणिक प्रक्रिया का अन्तिम से पूर्व का चरण है क्योंकि शैक्षणिक प्रक्रिया का अन्तिम चरण परिणाम होता है। मूल्यांकन का उद्देश्य अधिगम कर्ता द्वारा सीखी हुई बातों का वर्तमान में प्रयोग का मूल्यांकन किया जाता है।

❑❑